वर्ष-07 - अंक 312
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
बुधवार ,19 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073
केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

आधुनिक और स्वच्छ होगा सचिवालय........................................ 3
गाजियाबाद में 'प्रोजेक्ट समर्थ' से संवर रहा दिव्यांग बच्चों .................... 4
सरस्वती बाल मंदिर गंधियांव में धूमधाम के साथ मनाया .................... 11

# 17 सितंबर को पीएम मोदी करेंगे 'सेमीकॉन इंडिया 2026' का उद्घाटन

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को नई दिल्ली में 'सेमीकॉन इंडिया 2026' के पांचवें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। तीन दिवसीय यह सम्मेलन और प्रदर्शनी 17 से 19 सितंबर तक आयोजित होगी। सरकार को उम्मीद है कि इस आयोजन से भारत के तेजी से विकसित हो रहे सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी और देश में चिप निर्माण, डिजाइन, अनुसंधान तथा आपूर्ति शृंखला के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इस वर्ष सम्मेलन की थीम 'सिलिकॉन टू सिस्टम्स: बिल्डिंग द इकोसिस्टम' रखी गई है। कार्यक्रम का उद्देश्य सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पक्षों को एक मंच पर लाकर भारत की क्षमता और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा करना है। सम्मेलन में नीति-निर्माताओं के साथ वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनियों के प्रतिनिधि, उद्योग जगत के विशेषज्ञ, शोधकर्ता, शिक्षाविद, स्टार्ट-अप और विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। सेमीकॉन इंडिया 2026 ऐसे समय आयोजित हो रहा है, जब केंद्र सरकार भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर विनिर्माण और डिजाइन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर दे रही है। सरकार ने देश में चिप निर्माण क्षमता, आपूर्ति शृंखला और तकनीकी आधारभूत ढांचे को मजबूत करने



के लिए 'सेमीकॉन 2.0' को मंजूरी दी है। इसके जरिए सेमीकंडक्टर क्षेत्र में दीर्घकालिक निवेश और नवाचार को बढ़ावा देने की योजना है। सरकार के मुताबिक, सेमीकॉन 1.0 के तहत देश में स्वदेशी सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए 12 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें से तीन परियोजनाओं में व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो चुका है। इससे भारत में चिप निर्माण के क्षेत्र में चल रही योजनाओं को जमीन पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति मानी जा रही है। सरकार सेमीकंडक्टर क्षेत्र में केवल विनिर्माण ही नहीं, बल्कि अनुसंधान, डिजाइन और नवाचार को भी बढ़ावा दे रही है। इसके तहत 332 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों और 105 स्टार्ट-अप को उन्नत डिजाइन उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डिजाइन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना के तहत अब तक 24 स्टार्ट-अप को मंजूरी दी गई है। सरकार का लक्ष्य देश में ऐसा व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है, जिसमें चिप के डिजाइन से लेकर उसके निर्माण, पैकेजिंग और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में उपयोग तक की पूरी शृंखला को भारत में विकसित किया जा सके। इससे आयात पर निर्भरता कम करने और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को मजबूती देने में भी मदद मिलने की उम्मीद है। सेमीकॉन इंडिया 2026 की प्रदर्शनी में 500 से अधिक प्रदर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है। इनमें 240 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय कंपनियां होंगी। इसके अलावा 40 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडल भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इससे सम्मेलन को वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर उद्योग के प्रमुख मंच के रूप में स्थापित करने में मदद मिलने की संभावना है। कार्यक्रम में छह देशों के पवेलियन और 10 राज्यों के पवेलियन भी स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा स्टार्ट-अप पवेलियन, नवाचार प्रदर्शनी, स्टार्ट-अप प्रस्तुति प्रतियोगिता, छात्र हैकाथॉन और कार्यबल विकास पवेलियन भी आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों के जरिए नई तकनीकों, उत्पादों और नवाचारों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। सम्मेलन में भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक कंपनियों की भागीदारी और निवेश की संभावनाओं पर भी चर्चा होगी। उद्योग जगत के विशेषज्ञ चिप डिजाइन, उन्नत पैकेजिंग, विनिर्माण तकनीक, आपूर्ति शृंखला, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और इलेक्ट्रॉनिक्स के भविष्य जैसे विषयों पर विचार साझा करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि सेमीकॉन इंडिया 2026 भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सेमीकॉन 1.0 के तहत मंजूर 12 परियोजनाओं में से तीन में व्यावसायिक उत्पादन शुरू होना इस दिशा में हुई प्रगति को दर्शाता है।

# महिला हॉकी विश्व कप में भारत की धमाकेदार पहली जीत

**एम्स्टलवीन(एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से करारी शिकस्त दी। वेगनर हॉकी स्टेडियम में खेले गए पूल डी के मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा और छह अलग-अलग खिलाड़ियों के गोल की बदौलत बड़ी जीत दर्ज की। यह विश्व कप में भारत की पहली जीत है। इससे पहले टीम ने चीन के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला था। भारत ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। सुनेलिता टोप्पो ने शुरुआती क्वार्टर में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद नवनीत कौर ने पेनल्टी को गोल में बदलकर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार दक्षिण अफ्रीकी सर्कल में दबाव बनाए रखा। सुशीला चानू ने भी गोल कर भारत को 3-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक भारतीय टीम पूरी तरह मुकाबले पर नियंत्रण बनाए हुए थी।



तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। दीपिका ने गोल कर स्कोर 4-0 किया। इसके बाद लालरेसियामी ने पांचवां गोल दागा, जबकि राणा साक्षी ने भी गोल कर भारत की बढ़त 6-0 कर दी। भारत की ओर से सुनेलिता टोप्पो, नवनीत कौर, सुशीला चानू, दीपिका, लालरेसियामी और राणा साक्षी ने एक-एक गोल किया। चौथे क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका की कायला डी वाल ने गोल कर अपनी टीम का खाता खोला। हालांकि भारतीय रक्षापंक्ति ने इसके बाद कोई और गोल नहीं होने दिया और मुकाबला 6-1 से भारत के पक्ष में समाप्त हुआ। इस जीत के बाद भारत ने पूल डी में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। टीम ने दो मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ से चार अंक हासिल किए हैं। विश्व कप का आयोजन बेल्जियम और नीदरलैंड्स में 15 से 30 अगस्त तक हो रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### एनटीए में बड़ा बदलाव, 600 विशेषज्ञ हटाए गए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की परीक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी की जा रही है। शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा संचालन को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए एनटीए की मौजूदा टीम में बदलाव की जानकारी दी है। मंत्रालय के अनुसार, एनटीए की परीक्षा टीम से करीब 600 विशेषज्ञों को हटाया गया है और उनकी जगह नए विशेषज्ञों को शामिल किया जा रहा है। मंत्रालय ने बताया कि एनटीए में जल्द ही 22 से 25 नए अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा आवश्यकता के अनुसार आगे और अधिकारियों को शामिल करने की योजना पर भी समीक्षा की जा रही है। परीक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मानव संसाधन के साथ-साथ सुरक्षा और बुनियादी ढांचे में भी बदलाव किए जा रहे हैं।

### छात्रों की हड़ताल खत्म होने पर राहुल गांधी ने जताई खुशी

**नई दिल्ली।** झारखंड में छात्रों और राज्य सरकार के बीच सोमवार रात सहमति बनने के बाद छात्रों की भूख हड़ताल समाप्त हो गई। इस पर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि छात्रों ने संयम के साथ अपनी बात रखी और सरकार ने बातचीत का रास्ता अपनाकर समाधान निकाला। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड सरकार ने बातचीत के जरिए मामले का समाधान निकाला। उन्होंने कहा कि जब छात्र सवाल उठाते हैं तो उन्हें जवाब मिलना चाहिए। राहुल ने कहा कि कांग्रेस देश के हर छात्र के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि भर्ती और परीक्षा से जुड़ी मौजूदा व्यवस्था में व्यापक बदलाव की जरूरत है। उनका दावा है कि ऐसी व्यवस्था तैयार की जाएगी, जिसमें छात्रों को उनकी मेहनत का पूरा लाभ मिले और उन्हें निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का अधिकार हासिल हो। राहुल ने कहा कि यह व्यवस्था केवल एक राज्य तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे देश में बदलाव लाने की जरूरत है। राहुल गांधी ने कहा कि ऐसा ढांचा तैयार किया जाना चाहिए, जो छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर दे, न कि उनकी राह में बाधा बने। उन्होंने छात्रों की मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाए जाने और सरकार द्वारा संवाद के जरिए समाधान निकालने को सकारात्मक कदम बताया। इसी बीच कांग्रेस ने मंगलवार को जाति जनगणना के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। पार्टी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार जाति जनगणना की प्रक्रिया को बाधित कर रही है।

# पुणे में 31 अगस्त तक निषेधाज्ञा, कांग्रेस ने राहुल गांधी के कार्यक्रम से जोड़ा

**पुणे(एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पुणे शहर में मंगलवार से 31 अगस्त तक निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। पुलिस ने आगामी त्योहारों और संभावित प्रदर्शनों के मद्देनजर यह कदम उठाया है। आदेश के तहत सार्वजनिक रूप से पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने, जुलूस निकालने और पुतले जलाने पर रोक रहेगी। हालांकि, कांग्रेस ने इस कार्रवाई को पार्टी नेता राहुल गांधी के 22 अगस्त को प्रस्तावित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम से जोड़ते हुए सरकार पर निशाना साधा है। पुलिस उपायुक्त, विशेष शाखा डॉ. प्रशांत अमृतकर की ओर से जारी आदेश में ईद-ए-मिलाद, नारली पूर्णिमा और



रक्षाबंधन सहित आगामी त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने का हवाला दिया गया है। आदेश में राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों की ओर से संभावित विरोध, प्रदर्शन और बंद को भी प्रतिबंध लगाए जाने का कारण बताया गया है। महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 की धारा 37(1), (2) और (3) के तहत जारी आदेश के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर विस्फोटक, हथियार, पत्थर और लाठी आदि लेकर चलने पर रोक रहेगी। पुलिस आयुक्त की पूर्व अनुमति के बिना पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने, बैठक करने अथवा जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा तेज नारेबाजी, नेताओं के पुतले या तस्वीरें प्रदर्शित करने और उन्हें जलाने पर भी प्रतिबंध रहेगा। आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने तथा डर या धमकी फैलाने के उद्देश्य से अपराधियों की रील बनाकर सामाजिक माध्यमों पर साझा करने पर भी रोक लगाई गई है।

# रात का सफर होगा आसान, 50 नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें लाने की तैयारी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय रेलवे लंबी दूरी के यात्रियों को बेहतर और आरामदायक सफर की सुविधा देने के लिए वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का विस्तार करने की तैयारी में है। इसके तहत चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में 24 कोच वाली 50 नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट तैयार किए जाएंगे। इन ट्रेनों के आने से लंबी दूरी के रात्रिकालीन सफर में यात्रियों को आधुनिक और तेज रेल सेवा का विकल्प मिलेगा। रेलवे के अनुसार, नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में 24 कोच होंगे। यह मौजूदा 16 कोच वाली ट्रेन की तुलना में करीब डेढ़ गुना अधिक यात्रियों को सफर की सुविधा देगी। इससे लंबी दूरी के व्यस्त मार्गों पर यात्रियों को अधिक सीटें उपलब्ध हो सकेंगी। 24 कोच वाली ट्रेन का डिजाइन तैयार किया जा चुका है। इसमें कोच का ढांचा, कोचों को आपस में जोड़ने की व्यवस्था और कोच के नीचे लगाए जाने वाले उपकरणों का डिजाइन शामिल है। हालांकि, रेलवे ने अभी अलग-अलग श्रेणी के कोचों की अंतिम संख्या आधिकारिक रूप से घोषित नहीं की है। प्रस्तावित संरचना में 17 एसी थ्री-टियर, पांच एसी टू-टियर, एक एसी फर्स्ट क्लास और एक पैंट्री कार शामिल होने की संभावना है।

वर्तमान में वंदे भारत स्लीपर सेवा हावड़ा-कामाख्या मार्ग पर संचालित हो रही है। मौजूदा ट्रेन में 16 कोच हैं, जिनमें 11 एसी थ्री-टियर, चार एसी टू-टियर और एक एसी फर्स्ट क्लास कोच शामिल हैं। रेलवे का लक्ष्य रात में लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक रेल सेवा उपलब्ध कराना है। नई ट्रेन सेट तैयार होने के बाद वंदे भारत स्लीपर का संचालन अन्य लंबी दूरी के मार्गों पर भी बढ़ाए जाने की उम्मीद है। इसी कड़ी में रेलवे अमृत भारत ट्रेन के नए संस्करण 'अमृत भारत 3.0' पर भी काम कर रहा है।

## अभिजीत दीपके को अठावले का एनडीए में आने का न्योता

**मुंबई।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके को केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने का न्योता दिया है। अठावले ने सोमवार को कहा कि दीपके को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों को पूरा करने और सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए उनकी पार्टी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) में शामिल होने पर विचार करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री के प्रस्ताव पर अभिजीत दीपके की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। दीपके पहले ही चुनावी राजनीति में उतरने से इनकार कर चुके हैं। उनका कहना है कि लोगों का राजनीति और मौजूदा चुनाव व्यवस्था से भरोसा उठ रहा है।

उनका मानना है कि देश को किसी नई राजनीतिक पार्टी से ज्यादा एक व्यापक जनआंदोलन की जरूरत है। अठावले ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दीपके युवा और सक्रिय हैं तथा वह आंबेडकरवादी विचारधारा से जुड़े हुए हैं।

# ग्रामीण स्कूलों की बदहाली के खिलाफ 'स्कूल ठीक करो' अभियान

**हिंगोली(एजेंसी)।** महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं और शिक्षकों की कमी को लेकर 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने धरना-प्रदर्शन किया। उनके नेतृत्व में चल रहे 'स्कूल ठीक करो' अभियान के तहत ग्रामीण स्कूलों की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग उठाई गई। दीपके ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से सत्ता में रही विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारों ने सरकारी स्कूलों की समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। प्रदर्शन के दौरान दीपके ने हिंगोली के एक प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि प्रधानाचार्य नशे की हालत में स्कूल आते थे। दीपके के मुताबिक, उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग के बाद उन्हें पद से हटाए जाने की जानकारी मिली है। उन्होंने विद्यालय में दो और शिक्षकों की नियुक्ति की मांग भी उठाई। दीपके ने कहा कि ग्रामीणों की मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। दीपके ने कहा कि गांवों के बच्चों को भी शिक्षा के समान अवसर मिलना चाहिए। सरकारी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक, बेहतर आधारभूत सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की जरूरत है। उन्होंने निजी स्कूलों की फीस निर्धारित करने की मांग भी उठाई।

## तेंदुए के हमले में महिला की मौत, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**मुरादाबाद।** सुरजननगर क्षेत्र के ग्राम बलिया में मंगलवार को तेंदुए के हमले में एक महिला की मौत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। पशुओं के लिए चारा काटने गई 60 वर्षीय विरमो देवी पत्नी बलराम सिंह सैनी पर गन्ने के खेत में छिपे तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। महिला की चीख सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान और महिलाएं लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ महिला को छोड़कर गन्ने के खेत में भाग गया, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। बताया गया कि विरमो देवी अन्य महिलाओं के साथ खेत में चारा काट रही थीं। सभी महिलाएं अलग-अलग स्थानों पर काम कर रही थीं। इसी दौरान गन्ने के खेत में छिपे तेंदुए ने अचानक विरमो देवी पर हमला कर दिया।

# सतीश पूनिया बने पंजाब भाजपा के नए प्रभारी

## विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी ने सौंपी अहम जिम्मेदारी

**लुधियाना(एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए राजस्थान से राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनिया को पंजाब का नया प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम के ऐलान के साथ प्रदेश प्रभारियों की नियुक्तियां भी की गई हैं। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पूनिया की नियुक्ति को पार्टी की महत्वपूर्ण रणनीतिक पहल माना जा रहा है। पंजाब भाजपा के प्रभारी का पद गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के निधन के बाद खाली था। अब पार्टी ने इस जिम्मेदारी के लिए सतीश पूनिया पर भरोसा जताया है। चुनावी तैयारियों के बीच उन्हें पंजाब की जिम्मेदारी सौंपे जाने से संगठन में नई सक्रियता आने की उम्मीद है। सतीश पूनिया



पंजाब भाजपा की गतिविधियों से पहले से जुड़े रहे हैं। पंजाब भाजपा अध्यक्ष के चुनाव से लेकर नई प्रदेश टीम के गठन तक उन्होंने संगठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों में भूमिका निभाई है। ऐसे में प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने के बाद पंजाब में उनकी संगठनात्मक भूमिका और मजबूत हो गई है। सतीश पूनिया को संगठन और चुनावी प्रबंधन का अनुभवी नेता माना जाता है। हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने उन्हें राज्य चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी थी। उनके नेतृत्व में पार्टी ने चुनावी रणनीति और संगठनात्मक तैयारियों पर काम किया। हरियाणा में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद अब उन्हें पंजाब की जिम्मेदारी दी गई है। पूनिया के सामने आगामी विधानसभा चुनाव में पंजाब में भाजपा के संगठन को मजबूत करने और पार्टी के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की चुनौती होगी। पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि उनके संगठनात्मक अनुभव और चुनावी रणनीति का लाभ पंजाब में भाजपा को मिलेगा।

# खेल महाकुंभ-2026 की तैयारियां तेज, एक सितंबर से शुरू होंगी प्रतियोगिताएं

**देहरादून(एजेंसी)।** उत्तराखंड में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल महाकुंभ-2026 मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी के आयोजन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत आयोजित होने वाले खेल महाकुंभ की विस्तृत रूपरेखा जारी कर दी है। प्रतियोगिताओं का आयोजन एक सितंबर से 30 अक्तूबर 2026 तक न्याय पंचायत, विधानसभा, संसदीय क्षेत्र और राज्य स्तर पर किया जाएगा। विभाग के अनुसार, खेल महाकुंभ का उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाना और उन्हें बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ राज्य और राष्ट्रीय स्तर की



प्रतियोगिताओं के लिए आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। खेल महाकुंभ की शुरुआत न्याय पंचायत स्तर से होगी। एक से 10 सितंबर तक स्थानीय जनप्रतिनिधि खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस स्तर पर अंडर-14 और अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। न्याय पंचायत स्तर पर कबड्डी, एथलेटिक्स, खो-खो और मुर्गा झपट जैसी प्रतियोगिताएं प्रमुख रूप से शामिल की गई हैं। इन प्रतियोगिताओं के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों के अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को पहचानने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद 11 से 20 सितंबर तक विधानसभा क्षेत्र स्तर पर विधायक चैम्पियनशिप ट्रॉफी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस स्तर पर वॉलीबाल और पिट्ठू जैसी प्रतियोगिताएं सीधे आयोजित की जाएंगी। वहीं, कुछ खेलों में न्याय पंचायत स्तर पर चयनित खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। विधानसभा स्तर की प्रतियोगिताओं के जरिए खिलाड़ियों को आगे की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करने और बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन करने पर जोर रहेगा। 21 से 30 सितंबर तक संसदीय क्षेत्र स्तर पर सांसद चैम्पियनशिप ट्रॉफी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस स्तर पर मलखम्ब, रस्साकसी, गोली (कंचा), फुटबॉल और बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें कुछ प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को सीधे प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा, जबकि अन्य प्रतियोगिताओं के लिए विधानसभा स्तर से चयनित खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी प्रतियोगिताएं 10 सितंबर से 30 अक्तूबर तक आयोजित की जाएंगी। इसमें विभिन्न आयु और वर्गों के खिलाड़ियों को कई खेलों में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

# 405 रक्षा उत्पाद होंगे स्वदेशी, आयात पर निर्भरता घटाने की तैयारी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारत ने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में स्वदेशीकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। रक्षा उत्पादन विभाग ने 405 रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रक्षा वस्तुओं की छठी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची जारी की है। इन वस्तुओं का अनुमानित कारोबारी मूल्य करीब 3,070 करोड़ रुपये है। सरकार का उद्देश्य इन रक्षा उत्पादों का देश में ही विकास और उत्पादन कर आयात पर निर्भरता कम करना है। नई सूची में हेलिकॉप्टर, लड़ाकू विमान, बख्तरबंद प्लेटफॉर्म, मिसाइल प्रणालियों और रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े महत्वपूर्ण उपकरण शामिल हैं। इसके अलावा कल-पुर्जे, उप-प्रणालियां, उप-असेंबली, स्पेयर पार्ट्स, विभिन्न घटक और कच्चे माल को भी सूची में शामिल किया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 405 वस्तुओं में 16 भारतीय तटरक्षक बल और 389 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से संबंधित हैं। इन वस्तुओं का स्वदेशी विकास और उत्पादन होने के बाद इनकी खरीद भारतीय उद्योगों से ही किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। वायु प्लेटफॉर्म से संबंधित वस्तुओं में एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर, लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर, सुखोई-30 एमकेआई और लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट से जुड़े उपकरण शामिल हैं। इसके अलावा एएल-31एफपी इंजन से संबंधित उत्पादों को भी स्वदेशीकरण की सूची में जगह दी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### निरीक्षक सर्वेश कुमार राय को डीजीपी प्रशंसा चिन्ह-रजत




**बस्ती।** पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र संजीव त्यागी ने 17 अगस्त को परिक्षेत्रीय कार्यालय में निरीक्षक सर्वेश कुमार राय को उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रदान किया गया डीजीपी प्रशंसा चिन्ह-रजत पदक वर्दी पर लगाकर अलंकृत किया। डीआईजी ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी निष्ठा और समर्पण के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### शटरिंग के दौरान हाइटेंशन लाइन की चपेट मे आने से युवक की मौत

**बस्ती।** बस्ती जिले में 11 अगस्त को हाइटेंशन लाइन की चपेट मे आये पैकोलिया थाना क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी 32 वर्षीय राजकुमार पुत्र गोवर्धन की इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में उनका इलाज चल रहा था। राजकुमार 11 अगस्त की सुबह करीब 11 बजे बैरिहवा तिराहे पर महातम पुत्र शंकर के निर्माणाधीन मकान में सटरिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान वह मकान के बगल से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन मे उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हर्रैया ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया। बाद में उसे बेहतर उपचार के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया था। सोमवार सुबह करीब 3:30 बजे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान राजकुमार की मौत हो गई। घटना से गांव मे मातम है।

### एसडीएम ने प्लास्टिक बंदी से लेकर जल निकासी मामलों में बरती सख्ती

**देवरिया।** नगर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर तहसील परिसर में आयोजित बैठक में उप जिलाधिकारी दीप राज सिंह ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने जर्जर विद्युत तारों की दुरुस्तीकरण, रानी पोखरा में सोलर लाइट लगाने तथा जल निकासी समेत विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान पर जोर दिया। एसडीएम ने कहा कि नगर में हर शनिवार अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही प्लास्टिक बंदी को प्रभावी ढंग से लागू करने, पार्किंग की समुचित व्यवस्था और वेंडिंग जोन से जुड़ी समस्याओं के समाधान की बात कही। रानी पोखरा के सौंदर्यीकरण को लेकर वहां दूसरा गेट बनवाने की योजना भी बताई गई। उन्होंने नगर की सभी प्रमुख सड़कों पर नालियों पर स्लैब लगवाने, जल निकासी की व्यवस्था सुधारने और विंध्यवासिनी कॉलोनी में नाली निर्माण कराने के निर्देश दिए। मच्छरों से बचाव के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव कराने पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में श्रमिकों के पंजीकरण के साथ- साथ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने, बेटी बचाओ, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन और वृद्धावस्था पेंशन से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण की बात कही गई। पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को भी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा आईजीआरएस शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। एस डीएम दीप राज सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही न हो और योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचे। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी निरुपमा प्रताप सहित स्थानीय व्यवसायी मौजूद रहे।

# ढोढ़री में सागौन, शीशम, आम व नीम के पेड़ों की अवैध तरीके हो रही कटान

## रेंजर सोनल वर्मा व हल्का वन दरोगा अजय कुमार भारती की भूमिका संदिग्ध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विकास खण्ड गौर में धड़ल्ले से हो रहा अवैध पेड़ों की कटान, वन विभाग गौर कुंभकर्णी नींद में है मस्त डीएफओ ने ढोढ़री में कट रहे हरे पेड़ों की कटान मामले में जांच कर कार्यवाही करने का दिया निर्देश**



**बस्ती।** जनपद बस्ती के गौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोढ़री में सागौन, शीशम, आम और नीम समेत हरे-भरे पेड़ों की कथित कटान का मामला सामने आया है। पेड़ों की कटान को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है और वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गांव में हाल के दिनों में करीब तीन से चार हरे पेड़ों को काटकर धराशायी किए जाने की बात सामने आई है। इनमें सागौन, शीशम और आम के पेड़ शामिल बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते कटान पर रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्र में मौजूद पुराने और हरे-भरे पेड़ों पर भी लकड़ी कारोबारियों की नजर पड़ सकती है।

मामले में रेंजर सोनल वर्मा और हल्का वन दरोगा अजय कुमार भारती की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि इन अधिकारियों की भूमिका को लेकर लगाए जा रहे आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि बिना अनुमति हरे पेड़ों की कटान हुई है तो संबंधित वनकर्मियों को इसकी जानकारी समय रहते क्यों नहीं हुई? क्या क्षेत्र में नियमित निगरानी की व्यवस्था प्रभावी नहीं है? ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ों की कटान के मामलों में वन विभाग को मौके पर पहुंचकर तत्काल जांच करनी चाहिए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएफओ ने ढोढ़री में हरे पेड़ों की कटान के प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अब वन विभाग की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि कितने पेड़ काटे गए, उनकी प्रजाति क्या थी और कटान के लिए कोई वैध अनुमति ली गई थी या नहीं। ग्रामीणों ने मांग की है कि वन विभाग मौके पर पहुंचकर काटे गए पेड़ों की संख्या, प्रजाति, लकड़ी की स्थिति और संबंधित अनुमति पत्रों की जांच करे। यदि जांच में अवैध कटान की पुष्टि होती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। उक्त प्रकरण में डीएफओ ने जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है ।

# जगदीशपुर में युवा भाजपा नेता रोहित पासी ने जाना लोगों का हाल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार।** युवा भाजपा नेता रोहित पासी ने 184 विधानसभा जगदीशपुर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर क्षेत्रीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों से आत्मीय मुलाकात कर सामाजिक एवं क्षेत्रीय विषयों पर संवाद किया ।वही शुकुल बाजार ब्लॉक प्रधान संघ अध्यक्ष एवं हुसैनपुर प्रधान सतीश मिश्रा के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की तथा अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की तथा दुख की इस घड़ी में अपने आप को उनके साथ बताया। बताते चले हाल ही में उनकी माता जी का देहांत हो गया था। भ्रमण के क्रम में शुकुल बाजार कस्बा निवासी ओम प्रकाश पासी एवं अतुल पासी के आवास पर पहुंचकर आत्मीय भेंट की। इस दौरान क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्ति, प्रज्ञा भारत गैस एजेंसी के संचालक एवं पूर्व प्रधान दक्खिनगांव क्यार सोहनलाल पासी, रामकुमार रैदास उर्फ पुटुल्ली एवं धनेशा राजपूत से भी मुलाकात हुई। सभी के साथ क्षेत्र से जुड़े विभिन्न सामाजिक एवं जनहित के विषयों पर सार्थक चर्चा-परिचर्चा हुई।इसके पश्चात मवैया रहमतगढ़ निवासी पत्रकार विनोद पासी के आवास पर पहुंचकर औपचारिक मुलाकात की गई। वहीं नेवाजगढ़ के बीडीसी जीत बहादुर पासी से भी भेंट कर क्षेत्रीय विषयों पर बातचीत हुई।इसी क्रम में कस्बा निवासी देवनारायण पाठक के आवास पर पहुंचकर उनके पुत्र सोनू पाठक का कुशलक्षेम जाना और परिवार के सदस्यों से आत्मीय संवाद किया। पत्रकार दिनेश तिवारी के आवास पर पहुंचकर औपचारिक मुलाकात की गई। वहीं पूरे रग्घू शुक्ल निवासी सुधीर शुक्ला के आवास पर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। भ्रमण के दौरान हुई इन मुलाकातों में क्षेत्र की सामाजिक गतिविधियों, जन सरोकारों तथा स्थानीय समस्याओं को लेकर सकारात्मक एवं सार्थक संवाद हुआ। क्षेत्रवासियों से मिलकर उनके सुख-दुख में सहभागी बनने और आपसी आत्मीयता को और मजबूत करने का अवसर मिला।

# सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर होने वाले तिरंगा यात्रा के लिए की गई बैठक



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा:** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जनपद पदाधिकारी की बैठक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय चौधरी चरण सिंह सिंचाई डाक बंगला मे संपन्न हुई कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री देवमणि शुक्ला ने किया मंडल अध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडे ने कहा कि आगामी 20 अगस्त को प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर पुरानी पेंशन बहाली व गोंडा जनपद में जीपीएस फोटो शासनादेश के विपरीत कर्मचारियों से मांगा जा रहा है उक्त मांगों को लेकर होने वाली तिरंगा यात्रा व कर्मचारियों की मांगों के लेकर रूपरेखा तय की गई तिरंगा रैली संपन्न कराने की जिम्मेदारी प्रदेश उपाध्यक्ष अमीर अहमद को सौंपी गई प्रत्येक विकास खंड से ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा के लिए कर्मचारी एकत्रित होकर जिला मुख्यालय दोपहर 12:00 बजे पहुंच कर कार्यक्रम सफल बनाने की जिम्मेदारी दी गई है।साथ ही सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि समस्त कर्मचारी गांधी पार्क में बापूजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गांधी पार्क से अंबेडकर चौराहा पहुंचकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण कर ज्ञापन सौपा जाएगा बैठक में जिला महामंत्री देवमणि शुक्ला कोषाध्यक्ष अमीर अहमद संगठन मंत्री उधो राम गौतम संप्रेक्षक राम रूप वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष रुपईडीह लखनलाल पासवान ब्लॉक अध्यक्ष इटियाथोक लोकनाथ शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष पडरी कृपाल अभिमन्यु कुमार ब्लॉक अध्यक्ष मुझेहना धर्मेंद्र पांडेय रघुनाथ मौर्य सनीराम कनौजिया रवि गोस्वामी हरेंद्र सिंह अतुल तिवारी प्रदीप वर्मा धर्मेंद्र वर्मा राम सजीवन तिवारी कार्यक्रम सफल बनाने के लिए इन सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## सम्राट हॉस्पिटल पर गंभीर आरोप, कोर्ट के आदेश पर छह के खिलाफ मुकदमा

**मिर्जापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के बेलन बरौंधा स्थित सम्राट हॉस्पिटल में इलाज के दौरान कथित लापरवाही, रुपये मांगने, अभद्रता और धमकी के आरोपों का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता राचंद्र पाल की तहरीर पर लालगंज पुलिस ने न्यालय के आदेश पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एफआईआर 17 अगस्त 2026 को दर्ज की गई। शिकायत के अनुसार, 3 जून 2025 को शिकायतकर्ता अपनी पत्नी को प्रसव के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा था। आरोप है कि इलाज और ऑपरेशन के नाम पर पहले 15 हजार और बाद में 50 हजार की मांग की गई। शिकायतकर्ता ने इलाज में लापरवाही किए जाने का भी आरोप लगाया। बाद में विवाद बढ़ने पर गाली-गलौज, मारपीट, रुपये छीनने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एफआईआर में छह आरोपियों का उल्लेख है और विवेचना की जिम्मेदारी निरीक्षक ब्रह्मदीन पांडेय को सौंपी गई है।

# आबकारी विभाग पर देशी शराब दुकानों को संरक्षण देने का आरोप, ग्राहकों से मनमानी वसूली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** प्रदेश की योगी सरकार जीरो टेलरेंस नीति पर भले ही लाख दावे कर ले लेकिन हकीकत कुछ और ही है। जिले का आबकारी विभाग देशी शराब की दुकानों को खुला संरक्षण देकर ग्राहकों को लूटने का एक नायाब तरीका ढूंढ निकाला है। पहले ओवर रेटिंग की शिकायतें आम थी अब विभाग ने अवैध वसूली का नया पैतरा पिछले कई महीनों से बिना किसी डर व भय के बेधडक चला रखा है इस पैतरे से ग्राहकों निर्धारित मूल्य से 10 रूपया अधिक वसूला जा रहा है। बात का जब ग्राहक विरोध करता है तो सेल्समैन व उनके पालतू गुण्डे ग्राहकों के साथ अपमानजनक व्यवहार करते हैं। ऐसी खबरें जिले के कोने कोने से आ रही हैं। लेकिन आबकारी विभाग के अधिकारियों को न सुनाई देता है और न ही दिखाई देता है। कारण स्पष्ट है अवैध वसूली की बडी हिस्सेदारी विभागीय अधिकारियों मिलती रहती है। विभाग ने देशी शराब के लाइसेन्सियों को ग्राहकों को लूटने का खुला छूट दे दिया है। कहावत यहां चरितार्थ है विभाग ने दे दी छूट लूट सके तो लूट बताते चलें कि पिछले एक सालों से विभाग ने शराब की दुकानों के खुलने का समय अपने मन मर्जी से सुबह 5 बजे से लेकर या यूं




कहें कि 24 घण्टे खुलने की अनुमति ठेकेदारों को दे रखी है। हलांकि शासन द्वारा शराब के दुकानों के खुलने और बन्द होने के समय का निर्धारण पूर्व से ही निर्धारित कर रखा है जो प्रातः 10 बजे से रात 10 बजे तक ही निर्धारित है। लेकिन पिछले एक सालों से विभाग ने अपने मन माने रवैये से 24 घण्टे कर दिया है।

लेकिन ग्राहकों के साथ लूटपाठ करने का समय सुबह 5 बजे से 10 बजे तक प्रत्येक पैक पर 10 रूपये अतिरिक्त हो रही है। फिर रात 10 बजे से प्रातः 10 बजे तक 10 रूपया प्रति पैकेट अवैध वसूली अभियान अबाध गति से गुण्डई के बल पर चलता रहता है। देशी शराब के अनेकों दुकानों से ग्राहकों के विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की घटनाऐं हो आम होती जा रही हैं। यहां यह कहना गलत नही होगा कि शराब की दुकानें अब 24 घण्टे शासनादेशों कों ताख पर रखकर विभागीय सहयोग से की जा रही हैं। प्रायः देखा जा रहा है कि देशी शराब की दुकानों मे प्रातः 5 बजे से ही शराब के शौकीनों की भीड इकठ्ठी होनी शुरू हो जाती है। लेकिन अन्धा बहरा विभाग कुछ देख नही पाता है। यदि देखा जाय तो ठेकेदारों के इस अवैध वसूली से प्रतिदिन लाखों रूपये का वारा न्यारा हो जाता है। इस अवैध वसूली के हिस्से का बडा रकम तो विभागीय अधिकारियों के जेब मे जाता है और ठेकेदार का तो बल्ले बल्ले है। इस प्रकरण मे जिला आबकारी अधिकारी बहुत ही घटिया स्तर का बयान देते हैं।

उनका कहना है कि कम से कम हमारे ग्राहकों को शराब के लिए गैर जनपद मे तो नही जाना पडता है। अधिक से अधिक शराब बिके और शौकीनों को हर समय शराब मिले तो इसमें बुरा क्या है ? इस सम्बन्ध मे बस्ती प्रभार बस्ती के उप आबकारी आयुक्त एसपी पाण्डेय ने कहा कि शराब के दुकानों के खुलने और बन्द होने का समय शासन द्वारा निर्धारित है। नाजायज तरीके से प्रतिबन्धित समय मे शराब बेंचना, अधिक मूल्य की वसूली करना गंभीर बात है। उन्होने कहा कि प्रकरण की गंभीरता से जांच करायी जायेगी दोषी पाये जाने पर संलिप्त अधिकारियों व दोषियों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी।

# हरीश द्विवेदी को राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने पर बस्ती भाजपा में उत्साह, जिला कार्यालय पर मनाया जश्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केपूर्व सांसद हरीश द्विवेदी को भाजपा का राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने की घोषणा के बाद बस्ती जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन द्वारा नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा किए जाने के साथ ही जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई और भाजपा जिला कार्यालय पर बधाई कार्यक्रम आयोजित कर जश्न मनाया। हरीश द्विवेदी को मिले नए दायित्व को उनके लंबे राजनीतिक और संगठनात्मक सफर का महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। छात्र राजनीति और विद्यार्थी परिषद से सक्रिय राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले हरीश द्विवेदी ने संगठन में लगातार सक्रिय भूमिका निभाई। राजनीतिक उतार-चढ़ाव और चुनावी हार के बावजूद मैदान में सक्रिय रहने को उनके समर्थक उनकी प्रमुख विशेषताओं में गिनाते हैं।जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न राष्ट्रीय महामंत्री की जिम्मेदारी मिलने की खबर के बाद भाजपा जिला कार्यालय बस्ती पर जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा के नेतृत्व में पदाधिकारी, नेता



और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और गले मिलकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान पटाखे फोड़कर भी नई जिम्मेदारी मिलने का जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने हरीश द्विवेदी को नई जिम्मेदारी मिलने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन, केंद्रीय संगठन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय संगठन में बस्ती के नेता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना जिले के लिए गौरव का विषय है।

**जिला अध्यक्ष बोले- बस्ती के लिए गर्व का क्षण** जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा ने हरीश द्विवेदी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह बस्ती जिले के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता उनके मार्गदर्शन में संगठन को और मजबूत करते हुए जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। कार्यकर्ताओं का कहना है कि हरीश द्विवेदी के राष्ट्रीय महामंत्री बनने से जिले के भाजपा संगठन में नई ऊर्जा का संचार होगा। साथ ही आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और जनसंपर्क अभियानों को भी नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई गई।

**संगठनात्मक सक्रियता बनी राजनीतिक पूंजी** हरीश द्विवेदी के राजनीतिक सफर को करीब से देखने वाले कार्यकर्ताओं का कहना है कि संगठन में लगातार सक्रिय रहना उनकी बड़ी ताकत रही है। छात्र राजनीति से लेकर विद्यार्थी परिषद और फिर भाजपा संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियों के दौरान उनकी सक्रियता लगातार बनी रही। राजनीतिक आलोचनाओं और चुनौतियों के बीच भी सक्रिय रहने की उनकी क्षमता को उनके समर्थक उनकी राजनीतिक पूंजी मानते हैं। हालांकि विभिन्न मुद्दों पर वैचारिक असहमति रखने वालों की अपनी राय हो सकती है, लेकिन नए दायित्व के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।

# मेगा एग्री क्रेडिट आउटरीच कैंप में 11 करोड़ का ऋण वितरण

**देवरिया।** किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के देवरिया क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से कृषि प्रशिक्षण केंद्र, बैतालपुर में मेगा एग्री क्रेडिट आउटरीच कैंप आयोजित किया गया। कैंप में किसानों, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं और बैंक ग्राहकों को कृषि एवं बैंकिंग क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपायुक्त एनआरएलएम वीरेंद्र यादव, डीडीएम नाबार्ड एसके शुक्ला, अपर जिला कृषि अधिकारी ए.के. मिश्र और पशु चिकित्सा अधिकारी दिग्विजय यादव ने किसानों को कृषि, पशुपालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। कैंप के दौरान विभिन्न कृषि योजनाओं के तहत 38 स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। वहीं, पूरे अभियान के तहत देवरिया क्षेत्र की विभिन्न शाखाओं ने ग्राहकों को कुल 11 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया। बैंक के अधिकारियों के अनुसार इससे किसानों को कृषि गतिविधियों को विस्तार देने और आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। डीडीएम नाबार्ड एसके शुक्ला ने बैंक के ग्राहकोन्मुखी प्रयासों की सराहना की। अपर जिला कृषि अधिकारी ए.के. मिश्र और पशु चिकित्सा अधिकारी दिग्विजय यादव ने कहा कि कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत किए बिना वित्तीय समावेशन का लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सकता। अंचल प्रमुख डीके अर्जवानी ने कहा कि कृषि ऋण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। बैंक का लक्ष्य कृषि आधारित ग्राहकों को समय से ऋण उपलब्ध कराकर उनके सपनों को नई उड़ान देना है। क्षेत्रीय प्रमुख जितेंद्र सिन्हा ने किसानों को कृषि ऋण योजनाओं के साथ सरकारी योजनाओं, गोल्ड लोन और फसल बीमा समेत बैंक की विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। कैंप में केवाईसी, ऑनलाइन खाता एवं ऋण सुविधा, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, इंश्योरेंस, यूआरसी और 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' समेत विभिन्न सहायता एवं सूचना डेस्क लगाए गए।

### सरकारी राशन वितरण वाले घर में घुसा बारिश का पानी, ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें

**लालगंज/मिर्जापुर।** विकास खण्ड हलिया की ग्राम पंचायत बरौंधा बेलन में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जलभराव की स्थिति गंभीर हो गई है। बारिश का पानी उस घर में घुस गया, जहां से ग्रामीणों को सरकारी खाद्यान्न राशन का वितरण किया जाता है। घर के अंदर पानी भर जाने से राशन सामग्री और अन्य सामान के प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। लगातार बारिश के चलते आसपास के इलाकों में भी पानी भरने से ग्रामीणों को आवागमन सहित कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी रुककर घरों और अन्य स्थानों में पहुंच रहा है। राशन वितरण वाले स्थान पर पानी भरने से सरकारी खाद्यान्न के सुरक्षित रख-रखाव को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल निकासी की व्यवस्था कराकर जलभराव से राहत दिलाने तथा राशन सामग्री को सुरक्षित रखने की मांग की है।

# बाढ़ प्रभावित गांवों का सीडीओ ने किया निरीक्षण, ग्रामीणों को हरसंभव मदद का भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** तहसील तरबगंज अंतर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम ऐलीपरसौली सहित अन्य प्रभावित गांवों का जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद, उपजिलाधिकारी तरबगंज एवं जिला आपदा विशेषज्ञ ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बाढ़ की स्थिति का जायजा लेते हुए प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी और राहत कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उन सभी मजरों की स्थिति का जायजा लिया, जहां बाढ़ का पानी पहुंच गया है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रभावित ग्रामीणों को तत्काल लंच पैकेट, राशन किट तथा आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव से जुड़ी व्यवस्थाओं को लगातार सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए,



ताकि जरूरतमंद परिवारों तक समय से सहायता पहुंच सके। मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर रखें और ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में ग्रामीणों के साथ-साथ पशुधन की सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए समय से भूसा एवं अन्य आवश्यक चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे पशुपालकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। अधिकारियों को राहत सामग्री के वितरण में पारदर्शिता और तत्परता बनाए रखने तथा आवश्यकता के अनुसार तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित गांवों में स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि आवश्यक सहायता समय से उपलब्ध कराई जा सके।

# मुख्यमंत्री ने पीआरडी जवानों को दी बड़ी सौगात

## रेंजर सोनल वर्मा व हल्का वन दरोगा अजय कुमार भारती की भूमिका संदिग्ध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर स्थित योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह एवं सांस्कृतिक केंद्र, रामगढ़ताल में आयोजित प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) जवान सम्मेलन एवं पीआरडी बैरक शिलान्यास कार्यक्रम में पीआरडी जवानों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने पीआरडी जवानों को ?5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने तथा उनके दैनिक ड्यूटी भत्ते को ?500 से बढ़ाकर ?600 प्रतिदिन करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं से प्रदेश के हजारों पीआरडी जवानों में उत्साह का माहौल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि प्रांतीय रक्षक दल के जवान प्रदेश की सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, कानून-व्यवस्था और विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



उन्होंने कहा कि सरकार पीआरडी जवानों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा उनकी सुविधाओं में निरंतर वृद्धि की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीआरडी जवानों की सेवाएं समाज और राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं तथा सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है। गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद अमेठी के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) में किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कार्यक्रम का अवलोकन किया। इस अवसर पर विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अमृता सिंह, युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के सभी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी तथा बड़ी संख्या में पीआरडी जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पीआरडी जवानों ने मुख्यमंत्री द्वारा घोषित सुविधाओं का स्वागत करते हुए इसे उनके कल्याण की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी कदम बताया। उपस्थित अधिकारियों ने भी कहा कि सरकार की यह पहल पीआरडी जवानों के मनोबल को और अधिक मजबूत करेगी तथा उन्हें अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए नई ऊर्जा प्रदान करेगी।

# आधुनिक और स्वच्छ होगा सचिवालय

## पत्रावलियों का होगा समयबद्ध डिजिटलीकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने मंगलवार को सचिवालय परिसर के विभिन्न भवनों में कार्यालय कक्षों, प्रतीक्षा कक्षों और सभाकक्षों के आधुनिकीकरण, सिविल एवं विद्युत कार्यों तथा अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने सचिवालय की कार्यप्रणाली को अधिक व्यवस्थित, आधुनिक और स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सभी अनुभागों में पत्रावलियों और अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराने रजिस्टरों, निष्प्रयोज्य अभिलेखों और अनुपयोगी सामग्री की नियमानुसार छंटाई कर निस्तारण कराने को कहा, ताकि कार्यालयों में अनावश्यक सामग्री का जमाव न हो और पर्याप्त कार्यस्थल उपलब्ध रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन पत्रावलियों का अभी तक डिजिटलीकरण नहीं हुआ है, उनका अनिवार्य रूप से समयबद्ध डिजिटलीकरण कराया जाए। इससे अभिलेखों के सुरक्षित रख-रखाव के साथ जरूरत पड़ने पर उन्हें आसानी से और तत्काल उपलब्ध कराया जा सकेगा। मुख्य सचिव ने सचिवालय के सभी सभाकक्षों और बैठक कक्षों को आधुनिक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सभाकक्षों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा सुनिश्चित करने को कहा, ताकि बैठकों और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को तकनीक के माध्यम से अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने सचिवालय के विभिन्न भवनों में मौजूद निष्प्रयोज्य सामग्री का नियमानुसार निस्तारण कराने के निर्देश दिए। ऐसी सामग्री की पारदर्शी तरीके से ई-नीलामी कराने पर भी जोर दिया। मुख्य सचिव ने कार्यालय परिसरों में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कार्यालयों की नियमित साफ-सफाई के साथ शौचालयों की विशेष सफाई सुनिश्चित करने को कहा। सचिवालय परिसर के सभी कार्यालयों और सार्वजनिक उपयोग वाले स्थानों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। विद्युत एवं अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने दीवारों और खंभों पर फैले तारों को व्यवस्थित कराने को कहा। इससे परिसर की सुरक्षा के साथ-साथ सौंदर्यीकरण भी बेहतर होगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव ऊर्जा डॉ. आशीष कुमार गोयल, प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन मनीष चौहान, प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान सहित सचिवालय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**मुख्य सचिव ने सचिवालय के सभी सभाकक्षों और बैठक कक्षों को आधुनिक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सभाकक्षों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा सुनिश्चित करने को कहा, ताकि बैठकों और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को तकनीक के माध्यम से अधिक प्रभावी बनाया जा सके।**

# अखंड रामायण पाठ के समापन पर भव्य भंडारा, उमड़े श्रद्धालु

**.....नई जेल परिसर स्थित भोलेभरीद बाबा मंदिर में भतिमय माहौल, भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंजा परिसर।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**मोहनलालगंज, लखनऊ।** गोसाईंगंज स्थित नई जेल परिसर के भोलेभरीद बाबा मंदिर में मंगलवार को अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। पूरे मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा और भगवान श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम का आयोजन मिश्रा टेंट हाउस के संरक्षक अखिलेश मिश्रा और अमित मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की गई। इसके बाद आयोजित भंडारे में नई जेल परिसर के अधिकारी-कर्मचारी, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, क्षेत्रवासी और श्रद्धालु शामिल हुए। भंडारे की व्यवस्था में मिश्रा परिवार के सदस्यों और सहयोगियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं को श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए आयोजक और सहयोगी लगातार जुटे रहे। मिश्रा टेंट हाउस के संरक्षक अखिलेश मिश्रा ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भाव की भावना मजबूत होती है। ऐसे आयोजन लोगों को एक-दूसरे से जुड़ने और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का अवसर देते हैं। नवीन मिश्रा ने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भगौती महाराज जी, घनश्याम पाण्डेय, जीपी सिंह, अमित मिश्रा, प्रमोद सिंह, श्यामू सिंह सहित अन्य भक्तों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए और प्रसाद ग्रहण किया।

# हाईवे किनारे खड़ी कार का शीशा तोड़कर 25 हजार नकदी समेत सामान उड़ाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निगोहां, लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र के मस्तीपुर गांव में हाईवे किनारे खड़ी कार को बीती रात चोरों ने निशाना बना लिया। कार का चालक साइड का शीशा तोड़कर चोर अंदर रखे 25 हजार रुपये, टूल बॉक्स, मोबाइल चार्जर, हवा भरने की मशीन और आगे-पीछे के दोनों वाइपर चोरी कर ले गए। सुबह कार का शीशा टूटा मिलने पर घटना की जानकारी हुई। मस्तीपुर निवासी दिनेश सिंह यादव के मुताबिक, उनकी ऑरा कार (यूपी 32 पीएफ 5421) हाईवे किनारे खड़ी थी। रात में अज्ञात चोरों ने चालक साइड के दरवाजे का शीशा तोड़ दिया और कार के अंदर रखा सामान व नकदी पार कर दी। सुबह कार के पास पहुंचने पर शीशा टूटा मिला और सामान गायब था। घटना की सूचना पर निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके। निगोहां थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि कार का शीशा तोड़कर चोरी की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर, कानून-व्यवस्था ध्वस्त : अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को सपा प्रदेश मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों की समस्याओं को लेकर जमकर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी समस्याओं की जड़ भाजपा है और आम जनता भाजपा के कुशासन से परेशान है। उन्होंने कहा कि किसान समय पर खाद और बीज नहीं मिलने से परेशान हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी खराब है। 2027 के विधानसभा चुनाव को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने और भाजपा सरकार को हटाने के लिए जुटने का आह्वान किया। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार हर विभाग और हर कार्य में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार में बने सड़क और हाईवे जगह-जगह धंस रहे हैं। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे के बाद गंगा एक्सप्रेस-वे के भी दो स्थानों पर धंसने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की पोल लगातार खुल रही है। उन्होंने कहा कि चार हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे पर जगह-जगह टूट-फूट के साथ पुल के ज्वाइंट में भी दरारें आ गई हैं। मुरादाबाद में 655 करोड़ रुपये की लागत से बन रही रिंग रोड के शुरू होने से पहले ही धंसने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बजट की लूट और जनता के पैसे की बर्बादी हो रही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि कहीं सड़कें टूट रही हैं तो कहीं पानी की टंकियां गिर रही हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन को लेकर भी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उनका कहना था कि शहरों की स्थिति खराब है और स्मार्ट सिटी के नाम पर आया पैसा भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। अखिलेश यादव ने कहा कि गोरखपुर से लेकर प्रयागराज तक जलभराव के कारण हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालों की समुचित सफाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने गड्ढामुक्त अभियान के नाम पर हजारों करोड़ रुपये के बजट का बंदरबांट किया, लेकिन दस साल बाद भी प्रदेश की सड़कों की स्थिति खराब है।

# अपराधियों के सत्यापन में तेजी लाएं, गतिविधियों पर रखें नजर : डीसीपी

**........यक्ष एप से अधिक से अधिक अपराधियों का सत्यापन कराने के निर्देश, संवेदनशील मामलों में सूचना मिलते ही कार्रवाई पर जोर।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखनऊ।** पुलिस आयुक्त लखनऊ की ओर से 18 अगस्त को प्रस्तावित अपराध गोष्ठी के मद्देनजर मंगलवार को डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक ने गूगल मीट के माध्यम से पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी, सभी एसीपी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी और बीट प्रभारी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान डीसीपी ने चोरी, लूट और नकबजनी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अपराधियों का अधिक से अधिक सत्यापन यक्ष एप के माध्यम से कराने और उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखने को कहा। अपराध से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाओं को तत्काल उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने के साथ ही क्राइम प्रिवेंशन और क्राइम डिटेक्शन की दिशा में प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

## संवेदनशील मामलों में तत्काल लें संज्ञान

डीसीपी ने हिंदू-मुस्लिम समेत अन्य संवेदनशील मामलों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा। छोटी से छोटी सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले किसी भी प्रयास के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। लंबित आपराधिक गतिविधियों और मामलों में भी गंभीरता से कार्रवाई करने को कहा गया।

## महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पर जोर

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम और शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने और साइबर शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। डीसीपी ने आईजीआरएस शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण, बीट सूचनाओं का प्रभावी संकलन व सत्यापन तथा बीट पुलिसिंग को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कानून-व्यवस्था की ड्यूटी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सतर्कता, अनुशासन और टीम भावना के साथ काम करने को कहा। बैठक में अपराधों की रोकथाम, शीघ्र अनावरण और कानून-व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# अधिवक्ताओं के लिए लगा निःशुल्क मेडिकल कैंप, स्वास्थ्य जांच के साथ दी डाइट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन, लखनऊ की ओर से मंगलवार को मीराबाई मार्ग स्थित राज्य कर भवन के चतुर्थ तल पर अधिवक्ताओं के लिए निःशुल्क मेडिकल कैंप और हेल्थ टॉक का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और चिकित्सकीय परामर्श लिया। दोपहर 2:30 बजे शुरू हुए शिविर में जनरल चेकअप के साथ बीएमआई, ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच की गई। मैक्स लैब के सहयोग से कोलेस्ट्रॉल, शुगर, कैल्शियम और यूरिक एसिड में से किसी एक जांच की निःशुल्क सुविधा भी अधिवक्ताओं को दी गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अधिवक्ताओं को वजन नियंत्रित रखने, खानपान पर ध्यान देने और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के संबंध में डाइट काउंसलिंग दी। एसोसिएशन के महामंत्री रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि मेडिकल कैंप को सफल बनाने में अधिवक्ता राम प्रसाद का विशेष योगदान रहा। उनके प्रयासों से कार्यक्रम व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, मेडिकल टीम और लैब सहयोगियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सफल जीवन का आधार है। व्यावसायिक व्यस्तताओं के बीच अधिवक्ताओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सजग रहना चाहिए। एसोसिएशन आगे भी इस तरह के स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। मीडिया समिति के चेयरमैन अधिवक्ता राजीव कुमार त्रिवेदी ने बताया कि वकालत का पेशा तनावपूर्ण और व्यस्तता भरा है, जिसके चलते कई बार अधिवक्ता अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देते हैं। मेडिकल कैंप का उद्देश्य अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ एक ही स्थान पर चिकित्सा जांच और परामर्श उपलब्ध कराना था। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए आगे भी प्रयास जारी रखेगा।

# महमूदाबाद में सपा के दो नेताओं में ठनी, थाने पहुंचा सियासी घमासान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद-सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के दो स्थानीय नेताओं के बीच चल रहा विवाद अब गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है। महमूदाबाद नगर पालिका अध्यक्ष आमिर अराफात और सपा नेता शिवेंद्र प्रताप यादव के बीच आरोप-प्रत्यारोप का मामला अब पुलिस थाने तक पहुंच चुका है। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जिसके बाद स्थानीय सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। मामले की शुरुआत तहसील समाधान दिवस के दौरान हुई, जहां नगर पालिका अध्यक्ष आमिर अराफात ने पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी के समक्ष लिखित शिकायत देकर गंभीर आरोप लगाए। अध्यक्ष का आरोप है कि शिवेंद्र प्रताप यादव उन पर नियमों के विपरीत कार्य करने का दबाव बना रहे थे। आरोप है कि बात नहीं मानने पर सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी और नगर पालिका की छवि खराब करने का प्रयास किया गया तथा उनसे दो लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी गई। वहीं, शिवेंद्र प्रताप यादव ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए इसे अपने खिलाफ साजिश बताया है। उनका आरोप है कि रास्ता बनवाने के नाम पर स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष की ओर से उनसे पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी और रकम नहीं देने पर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। अब एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच कर रही है। पुलिस जांच में सोशल मीडिया पर किए गए दावों, शिकायतों और कथित लेन-देन से जुड़े तथ्यों को भी जांच के दायरे में लिया जा सकता है। सबसे खास बात यह है कि विवाद राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के बीच नहीं, बल्कि एक ही पार्टी से जुड़े दो स्थानीय नेताओं के बीच है। ऐसे में इस प्रकरण ने महमूदाबाद की स्थानीय राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है। अब सबकी निगाहें पुलिस की जांच और आने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं। जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि दोनों पक्षों के आरोपों में कितनी सच्चाई है।

**मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जिसके बाद स्थानीय सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। मामले की शुरुआत तहसील समाधान दिवस के दौरान हुई, जहां नगर पालिका अध्यक्ष आमिर अराफात ने पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी के समक्ष लिखित शिकायत देकर गंभीर आरोप लगाए।**

# कच्ची सड़क के डामरीकरण की मांग, आज धरना देगा किसान संगठन

**.......गांव-गांव पहुंचकर किसानों ने किया जनसंपर्क, ग्रामीणों ने आंदोलन को समर्थन देने का दिया भरोसा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नगराम, लखनऊ।** कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र तक जाने वाले कच्चे मार्ग के डामरीकरण की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन बुधवार को धरना-प्रदर्शन करेगा। धरने को सफल बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को गांव-गांव पहुंचकर जनसंपर्क अभियान चलाया और ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में धरना स्थल पर पहुंचने की अपील की। प्रचार वाहन के जरिए संगठन के पदाधिकारी माइक से ग्रामीणों को आंदोलन की जानकारी देते हुए समेसी चौराहा, रामबक्स खेड़ा, भवानी खेड़ा, रसूलपुर, कलंदर खेड़ा, मोहली, अकंताखेड़ा, कमलापुर, विचिलखा, धोबैया, सीफतनगर और कुसभिटा समेत कई गांवों में पहुंचे। प्रचार वाहन के पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। पदाधिकारियों ने बताया कि कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र तक जाने वाला मार्ग लंबे समय से कच्चा है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान मार्ग की हालत और खराब हो जाती है। इससे किसानों, विद्यार्थियों और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने सड़क का डामरीकरण शुरू होने तक आंदोलन में संगठन के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश यादव ने कहा कि सड़क की समस्या को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों को एकजुट किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से बुधवार को कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र पर होने वाले धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। जनसंपर्क अभियान में मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह, जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जिला उपाध्यक्ष रामकुमार यादव व रामपाल राजपूत, गांव अध्यक्ष केशव लोधी, दुर्गेश कुमार, रामकुमार, प्रधान पति प्रभादीन, शिवदेवी सहित संगठन के पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# पारा में अवैध डेयरियों पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

**महापौर और नगर आयुक्त की मौजूदगी में चला अभियान, पुलिस बल के साथ अवैध डेयरियों पर कसा शिकंजा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखनऊ।** पारा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित दूध डेयरियों के खिलाफ नगर निगम ने मंगलवार को सघन अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। गत दिनों नगर निगम एवं पुलिस टीम पर हुए हमले की घटना को गंभीरता से लेते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने मौके पर पहुंचकर अभियान का जायजा लिया। अधिकारियों ने अवैध डेयरियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त के नेतृत्व में पुलिस बल, प्रवर्तन दल और कैटिल कैचिंग दस्ते की संयुक्त टीम ने बुद्धेश्वर, पारा, गढ़ियाना, ज्ञानेन्द्र विहार और शकुंतला मिश्र विश्वविद्यालय रोड तक अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से संचालित डेयरियों को चिन्हित कर वहां मौजूद पशुओं को हटाया गया। अभियान के दौरान कुल 197 पशुओं को पकड़कर विभिन्न कांजी हाउस और गौशाला में निरुद्ध कराया गया। इनमें 46 भैंसों को राधा उपवन गौशाला, 40 को ठाकुरगंज कांजी हाउस, 31 को पीजीआई कांजी हाउस, 33 को आलमबाग कांजी हाउस तथा 46 भैंस और एक बड़ी पड़िया को ऐशबाग कांजी हाउस भेजा गया। महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से डेयरी संचालित करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। वहीं, नगर आयुक्त ने अभियान को सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्रभावी तरीके से जारी रखने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि पिछले दिनों अवैध डेयरियों के खिलाफ कार्रवाई करने गई नगर निगम एवं पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला किया था। घटना में कुछ अधिकारी-कर्मचारी घायल हुए थे। इसके बाद नगर निगम ने सरकारी कार्य में बाधा डालने और टीम के साथ अभद्रता या हमला करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

# कृषि उद्यमिता से किसानों की आय बढ़ाने के दिए टिप्स

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मोहनलालगंज, लखनऊ।** किसानों की आय में बढ़ोतरी और खेती के साथ अन्य कृषि आधारित गतिविधियों को अपनाकर अतिरिक्त आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को मोहनलालगंज के अतरौली में कृषि उद्यमिता विकास विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, भाकृअनुप-भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ की ओर से किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. कामता प्रसाद, कृषि विज्ञान केंद्र लखनऊ के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. आरपी साहू तथा तकनीकी अधिकारी राम लखन ने किसानों को कृषि उद्यमिता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि किसान पारंपरिक खेती के साथ कृषि से जुड़े बहुउद्यमों को अपनाकर अपनी आय के स्रोत बढ़ा सकते हैं। विशेषज्ञों ने किसानों को कृषि आधारित विभिन्न उद्यमों, उनकी उपयोगिता, संभावनाओं तथा उन्हें अपनाने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही खेती में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और कृषि को व्यवसाय के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों की आय बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों और कृषि गतिविधियों से जुड़े उद्यमों को अपनाने के संबंध में भी मार्गदर्शन किया गया।कार्यक्रम में किसानों और कृषक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 25 कृषकों एवं कृषक महिलाओं ने प्रतिभाग किया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कृषि उद्यमिता को अपनाने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को खेती के साथ आय के अतिरिक्त साधन उपलब्ध कराने तथा उन्हें कृषि आधारित स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना रहा।

# संपादकीय

## बढ़ती महंगाई और मध्यम वर्ग

महंगाई केवल बाजार में वस्तुओं और सेवाओं की कीमत बढ़ने का नाम नहीं है। महंगाई का सबसे गहरा असर उस परिवार पर पड़ता है जिसकी आय सीमित है, लेकिन जरूरतें लगातार बढ़ रही हैं। भारत में मध्यम वर्ग लंबे समय से आर्थिक विकास का सबसे बड़ा आधार माना जाता रहा है। यही वर्ग घर बनाता है, बच्चों को पढ़ाता है, बचत करता है, बीमा और ऋण की किश्तें चुकाता है और बाजार में सबसे बड़ी उपभोक्ता शक्ति भी रखता है। लेकिन आज इसी मध्यम वर्ग के सामने एक गंभीर सवाल खड़ा है—क्या आय बढ़ने के बावजूद उसकी वास्तविक क्रय शक्ति कम होती जा रही है? कागज पर वेतन में बढ़ोतरी दिखाई दे सकती है, रोजगार के नए अवसरों और आर्थिक विकास की तस्वीर भी सामने रखी जा सकती है, लेकिन परिवार का वास्तविक बजट किसी सरकारी रिपोर्ट से नहीं, बल्कि रसोई, स्कूल की फीस, बिजली के बिल, किराये, ईंधन, इलाज और रोजमर्रा के खर्च से तय होता है। जब इन खर्चों की रफ्तार आय की वृद्धि से तेज हो जाती है तो व्यक्ति को महसूस होने लगता है कि उसकी कमाई बढ़ने के बावजूद उसका जीवन आसान नहीं हुआ। मध्यम वर्ग की सबसे बड़ी समस्या यह है कि उसकी आय का बड़ा हिस्सा अनिवार्य खर्चों में चला जाता है। मकान का किराया या होम लोन की किस्त, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य बीमा, परिवहन, बिजली-पानी, मोबाइल-इंटरनेट, घरेलू सामान और सामाजिक जिम्मेदारियां—इनमें से अधिकांश खर्च ऐसे हैं जिन्हें आसानी से कम नहीं किया जा सकता। मान लीजिए किसी परिवार की मासिक आय में 8 से 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है, लेकिन इसी अवधि में शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और अन्य आवश्यक सेवाओं का खर्च उससे अधिक बढ़ जाता है। तब वास्तविक जीवन में उस परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर होने के बजाय और दबाव में आ सकती है। यही कारण है कि केवल वेतन या प्रति व्यक्ति आय बढ़ने को आर्थिक खुशहाली का अंतिम प्रमाण नहीं माना जा सकता। सवाल यह भी होना चाहिए कि आय बढ़ने के बाद नागरिक कितनी वस्तुएं और सेवाएं खरीद पा रहा है और उसके पास भविष्य के लिए कितनी बचत बच रही है। महंगाई का असली चेहरा रसोई से दिखाई देता है। महंगाई के आंकड़े अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं, लेकिन आम नागरिक महंगाई को आंकड़ों में नहीं, बाजार में महसूस करता है। महीने की शुरुआत में बनाया गया घरेलू बजट महीने के अंत तक अक्सर बिगड़ जाता है। सब्जियां, दाल, दूध, फल, खाद्य तेल, गैस, परिवहन और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव का सीधा असर परिवार की जेब पर पड़ता है। मध्यम वर्ग की कठिनाई यह भी है कि वह गरीबों के लिए उपलब्ध अनेक सरकारी सहायता योजनाओं का स्वाभाविक लाभार्थी नहीं होता और दूसरी ओर उसकी आय इतनी अधिक भी नहीं होती कि वह लगातार बढ़ती निजी सेवाओं की कीमतों को आसानी से वहन कर सके। वह दो आर्थिक दबावों के बीच खड़ा दिखाई देता है। मध्यम वर्ग के बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य का हिस्सा लगातार महत्वपूर्ण होता गया है। माता-पिता बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना चाहते हैं। इसके लिए स्कूल फीस, किताबें, परिवहन, कोचिंग और उच्च शिक्षा पर बड़ी रकम खर्च होती है। इसी तरह स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ता निजी खर्च परिवार की बचत को प्रभावित करता है। बीमारी केवल स्वास्थ्य का संकट नहीं रह जाती, बल्कि कई बार आर्थिक संकट भी बन जाती है। यही वजह है कि मध्यम वर्ग के लिए महंगाई का अर्थ केवल खाद्य पदार्थों की कीमत बढ़ना नहीं है। जब शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास महंगे होते हैं तो भविष्य की सुरक्षा भी महंगी हो जाती है। भारत में मध्यम वर्ग की आर्थिक मजबूती का एक महत्वपूर्ण आधार बचत रही है। लेकिन जब आय का बड़ा हिस्सा रोजमर्रा के खर्च में चला जाता है तो बचत के लिए उपलब्ध रकम घटने लगती है। बचत कम होने का अर्थ केवल आज की सुविधा कम होना नहीं है। इसका असर भविष्य पर पड़ता है। बच्चों की उच्च शिक्षा, घर खरीदना, सेवानिवृत्ति, अचानक आने वाला स्वास्थ्य खर्च या किसी आर्थिक संकट का सामना करने की क्षमता कमजोर हो सकती है। यदि किसी परिवार की आय बढ़ती रहे लेकिन उसकी बचत लगातार घटती जाए तो यह आर्थिक मजबूती का संकेत नहीं, बल्कि सावधानी का संकेत है। महंगे मकान, शिक्षा, वाहन और दूसरी आवश्यकताओं के कारण ऋण आज मध्यम वर्ग की आर्थिक जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। ऋण अपने आप में गलत नहीं है, लेकिन जब मासिक आय का बड़ा हिस्सा ईएमआई में जाने लगे तो परिवार की आर्थिक स्वतंत्रता कम होने लगती है। ऐसे परिवारों के लिए ब्याज दरों में बदलाव, नौकरी का संकट या अचानक चिकित्सा खर्च बड़ी चुनौती बन सकता है। इसलिए अर्थव्यवस्था के आंकड़ों के साथ यह देखना भी जरूरी है कि परिवारों की ऋण-निर्भरता कितनी बढ़ रही है और उनकी बचत कितनी सुरक्षित है। क्या केवल महंगाई को जिम्मेदार ठहराना पर्याप्त है? यहां सरकार और नीति-निर्माताओं के सामने एक महत्वपूर्ण चुनौती है। महंगाई पर नियंत्रण केवल कीमतें स्थिर रखने का विषय नहीं है। रोजगार की गुणवत्ता, वेतन वृद्धि, उत्पादकता, कर व्यवस्था, आवास की लागत, स्वास्थ्य और शिक्षा की उपलब्धता—ये सभी मध्यम वर्ग की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करते हैं।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष** -आज का दिन आपके लिए उत्साह और सकारात्मकता से भरा रह सकता है। परिवार के सदस्यों का सहयोग आपको महत्वपूर्ण फैसलों में आत्मविश्वास देगा और बड़े-बुजुर्गों का स्नेह भी बना रहेगा। यदि आप किसी नए कारोबार की शुरुआत के बारे में विचार कर रहे हैं तो उसके लिए योजना बनाने का अच्छा समय है।

**वृषभ**-वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन काफी अनुकूल रह सकता है। जिस काम को शुरू करेंगे, उसमें आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं। नौकरी करने वालों को कार्यक्षेत्र में अपने काम के लिए प्रशंसा मिल सकती है और पदोन्नति की संभावना भी बन सकती है।

**मिथुन**-मिथुन राशि वालों के लिए आज कारोबार के लिहाज से दिन अच्छा रह सकता है। व्यापार में लाभ के अवसर मिलेंगे और व्यावसायिक संबंधों में मजबूती आने की संभावना है। विद्यार्थियों को शिक्षकों का सहयोग मिलेगा, लेकिन विदेश जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने की योजना बना रहे लोगों को कुछ समय और प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।

**कर्क**-कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन सामान्य से बेहतर रह सकता है। आप किसी नई योजना पर काम शुरू कर सकते हैं, जिसका लाभ आने वाले समय में मिल सकता है।

**सिंह**-सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन खुशी और उपलब्धियों से भरा हो सकता है। आपको ऐसी सफलता मिल सकती है जिसकी आपने पहले बहुत अधिक उम्मीद नहीं की थी। नए विचार आपके काम को बेहतर बनाने में मदद करेंगे और कार्यक्षेत्र में आपकी रचनात्मक सोच की सराहना हो सकती है।

**कन्या**-कन्या राशि के लिए आज का दिन मिला-जुला रह सकता है। किसी बड़े काम की शुरुआत करने से पहले अनुभवी या वरिष्ठ व्यक्ति से सलाह लेना आपके लिए उपयोगी रहेगा। कारोबार से जुड़े लोगों को विशेष रूप से थोक व्यापार में लाभ का अवसर मिल सकता है।

**तुला**-तुला राशि वालों के लिए आज का दिन सामान्य दिनों की तुलना में बेहतर रह सकता है, लेकिन कारोबार से जुड़े मामलों में सावधानी जरूरी होगी।

**वृश्चिक**-वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन अनुकूल रह सकता है। आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखते हुए बातचीत करनी चाहिए, क्योंकि जल्दबाजी में कही गई कोई बात किसी करीबी को दुखी कर सकती है।

**धनु**- धनु राशि वालों के लिए आज का दिन विशेष रूप से अच्छा रह सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी और किसी धार्मिक आयोजन में शामिल होने का अवसर मिल सकता है।

**मकर**-मकर राशि वालों के जीवन में आज कुछ महत्वपूर्ण बदलाव की शुरुआत हो सकती है। किसी काम को पूरा करने के लिए आपको सामान्य से अधिक मेहनत करनी पड़ेगी, लेकिन इसका परिणाम भी संतोषजनक मिल सकता है।

**कुंभ**-कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन लाभदायक रह सकता है। लंबे समय से चल रही कोई योजना पूरी होने से आपको राहत और प्रसन्नता मिलेगी। नया काम शुरू करने की इच्छा रखने वालों के लिए भी समय सकारात्मक रह सकता है।

**मीन**-मीन राशि वालों के लिए आज का दिन शानदार रह सकता है। अपनी समझदारी और विवेक से लिए गए फैसले आपको सफलता की ओर ले जा सकते हैं। करीबी लोग आपके काम और व्यवहार की प्रशंसा करेंगे। बेवजह की चर्चाओं से दूरी बनाकर अपने समय का सही इस्तेमाल करना आपके लिए बेहतर रहेगा।

# गाजियाबाद में 'प्रोजेक्ट समर्थ' से संवर रहा दिव्यांग बच्चों का भविष्य

प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के सर्वांगीण विकास और सामाजिक न्याय की अवधारणा को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से संचालित 'प्रोजेक्ट समर्थ' समावेशी शिक्षा और बाल कल्याण के क्षेत्र में एक युगांतरकारी पहल साबित हुआ है। प्रदेश के दूर-दराज के क्षेत्रों में निवासरत दिव्यांग बच्चों (चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स) को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने, उनके सर्वांगीण पुनर्वास और उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए शुरू किया गया यह व्यापक अभियान अब अपने प्रभावी क्रियान्वयन के दम पर सकारात्मक सामाजिक बदलाव की मिसाल बन चुका है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की मूल नीति पर आधारित यह परियोजना विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के वैज्ञानिक चिन्हांकन से लेकर उनके डिजिटल ट्रैकिंग, शैक्षणिक संवर्धन, स्वास्थ्य परीक्षण, सहायक उपकरण वितरण एवं वित्तीय सहायता को एक एकीकृत मंच पर सफलतापूर्वक उपलब्ध करा रही है। समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में यह व्यवस्था अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है। प्रोजेक्ट समर्थ के सफल क्रियान्वयन की सबसे प्रमुख विशेषता इसकी तकनीक-आधारित पारदर्शी निगरानी प्रणाली है। सरकार द्वारा विकसित किए गए विशेष मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल के माध्यम से प्रदेश भर के विद्यालयों तथा अब तक नामांकित न हो सके दिव्यांग बच्चों का व्यापक डिजिटल डेटाबेस तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत न्याय पंचायत और ब्लॉक स्तर पर तैनात विशेष शिक्षकों द्वारा घर-घर जाकर शून्य से चौदह वर्ष तथा माध्यमिक स्तर के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का पारदर्शी चिन्हांकन सुनिश्चित किया गया है। इस डिजिटल प्रणाली पर प्रत्येक बच्चे की विशिष्ट दिव्यांगता का प्रकार, गंभीरता का स्तर, पारिवारिक पृष्ठभूमि और शैक्षणिक स्थिति का रियल-टाइम डेटा निरंतर दर्ज किया जा रहा है। इस सुदृढ़ व्यवस्था से न केवल योजनाओं के दोहरेपन पर पूर्ण रोक लगी है, बल्कि वास्तविक लाभार्थियों तक सरकारी सुविधाओं, योजनाओं और छात्रवृत्तियों की समयबद्ध पहुंच भी सुनिश्चित हुई है। परियोजना के अंतर्गत संचालित व्यक्तिगत शैक्षणिक योजना (इंडिविजुअलाइज्ड एजुकेशन प्लान) व्यवस्था अत्यंत व्यावहारिक और उपयोगी सिद्ध हुई है। इसके माध्यम से प्रत्येक दिव्यांग बच्चे की सीखने की व्यक्तिगत क्षमता, बौद्धिक स्तर और विशिष्ट शारीरिक आवश्यकताओं के अनुरूप अलग से शैक्षणिक प्रारूप तैयार किया जाता है, जिससे बच्चों के सीखने की गति में निरंतर सुधार दर्ज हो रहा है। जो बच्चे गंभीर शारीरिक अक्षमता अथवा स्वास्थ्यगत कारणों से नियमित रूप से विद्यालय आने में असमर्थ हैं, उनके लिए गृह-आधारित शिक्षा की ठोस व्यवस्था लागू की गई है। इस प्रक्रिया में विशेष शिक्षक नियमित अंतराल पर बच्चों के घर जाकर अध्ययन, उपचारात्मक शिक्षण और आवश्यक थेरेपी सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। शैक्षणिक सामग्री के आधुनिकीकरण के क्रम में दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ब्रेल पाठ्यपुस्तकों, स्क्रीन-रीडिंग सॉफ्टवेयर, डिजिटल उपकरणों और टॉकिंग बुक्स की सुलभता सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही मूक-बधिर बच्चों के लिए भारतीय सांकेतिक भाषा पर आधारित डिजिटल शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी समझ और अभिव्यक्ति क्षमता को सशक्त बनाया गया है। दिव्यांग विद्यार्थियों की नियमित विद्यालयी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने वित्तीय और लॉजिस्टिक प्रोत्साहनों का एक पारदर्शी तंत्र स्थापित किया है। गंभीर दिव्यांगता से प्रभावित बच्चों को घर से विद्यालय लाने और ले जाने के लिए अभिभावकों अथवा सहायकों को एस्कॉर्ट अलाउंस (मार्ग व्यय भत्ता) प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे बैंक खातों में प्रेषित किया जा रहा है। दिव्यांग बालिकाओं की शिक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए उनके लिए समर्पित स्टाइपेंड और छात्रवृत्ति योजनाओं का निर्बाध वितरण किया जा रहा है। इस निरंतर आर्थिक और सामाजिक संबल के परिणामस्वरूप प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर दिव्यांग बालिकाओं के ड्रॉप-आउट दर में उल्लेखनीय और ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की गई है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। शारीरिक और सहायक पुनर्वास के क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के समन्वय से प्रदेश के सभी जनपदों में नियमित रूप से बृहद मेडिकल असेसमेंट कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण के उपरांत बच्चों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, उन्नत डिजिटल श्रवण यंत्र, ब्रेल किट, कैलिपर्स और प्रोस्थेटिक्स जैसे आवश्यक सहायक उपकरण नि:शुल्क प्रदान किए जा रहे हैं।गंभीर दृष्टि अथवा श्रवण दोष से प्रभावित बच्चों के जीवन को सुगम बनाने के लिए आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ चिकित्सालयों में करेक्टिव सर्जरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। इन समस्त चिकित्सीय प्रक्रियाओं और उपचार का संपूर्ण वित्तीय भार प्रदेश सरकार द्वारा पूर्ण निष्ठा से वहन किया जा रहा है, जिससे निर्धन परिवारों पर कोई आर्थिक बोझ नहीं पड़ता। विद्यालय परिसरों को पूर्णत: दिव्यांग-अनुकूल बनाने के लिए समग्र विकास योजनाओं के समन्वय से विशेष संरचनात्मक सुधार किए गए हैं। विद्यालयों में बाधारहित रैंप, सुरक्षात्मक रेलिंग, सुलभ शौचालय और विशिष्ट शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिससे दिव्यांग बच्चों का आवागमन सुगम और सुरक्षित बना है। इसके साथ ही सामान्य शिक्षकों को भी समावेशी शिक्षा और बाल मनोविज्ञान का विशेष प्रशिक्षण देकर संवेदनशील बनाया गया है। इस संवेदीकरण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कक्षाओं में दिव्यांग बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो और वे सामान्य सहपाठियों के साथ पूर्ण आत्मविश्वास, समानता और सम्मान के साथ अध्ययन कर सकें। प्रदेश भर में संचालित इस वृहद अभियान के अंतर्गत जनपद गाजियाबाद में समावेशी विकास और दिव्यांगजन कल्याण का अत्यंत प्रभावी और प्रेरणादायी मॉडल उभरकर सामने आया है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट समर्थ की योजनाओं को धरातल पर अत्यंत संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ लागू किया गया है, जिसके सुखद परिणाम निरंतर प्राप्त हो रहे हैं। जनपद गाजियाबाद में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शत-प्रतिशत चिन्हांकन, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और विद्यालयों में उनके सुरक्षित ठहराव के लिए विशेष अभियान चलाए गए हैं। सुलभ वातावरण, अत्याधुनिक सहायक उपकरणों की उपलब्धता और निरंतर काउंसलिंग के माध्यम से जनपद में दिव्यांग बच्चों के जीवन स्तर और शैक्षणिक प्रदर्शन में युगांतरकारी सुधार देखा गया है। जनपद गाजियाबाद से प्रोजेक्ट समर्थ के सफल क्रियान्वयन और मानवीय संकल्प का एक उत्कृष्ट उदाहरण श्री मनीष पवार के रूप में सामने आया है। स्वयं श्रवण बाधित होने के बावजूद उन्होंने अपनी दिव्यांगता को कभी अपनी सीमाओं का कारण नहीं बनने दिया, बल्कि इसे एक सकारात्मक शक्ति और सामाजिक दायित्व में परिवर्तित कर दिया। मनीष पवार का मानना है कि स्वयं दिव्यांगता का प्रत्यक्ष अनुभव होने के कारण वे दिव्यांगजनों की व्यावहारिक, मानसिक और सामाजिक चुनौतियों को बहुत गहराई से समझते हैं। इसी संवेदनशीलता ने उन्हें समाज के वंचित और दिव्यांग वर्ग के अधिकारों एवं कल्याण के लिए निरंतर कार्य करने की अटूट प्रेरणा दी। आज उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि समाज का प्रत्येक दिव्यांग व्यक्ति उच्च शिक्षा, आधुनिक व्यावसायिक कौशल, गरिमापूर्ण रोजगार और सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर पूरी तरह आत्मनिर्भर बने। वे निरंतर प्रयासरत हैं कि दिव्यांग समाज पर आश्रित रहने के बजाय अपनी योग्यता के बल पर समाज की मुख्यधारा में सम्मानजनक पहचान स्थापित करे। प्रोजेक्ट समर्थ के माध्यम से श्री मनीष पवार जनपद गाजियाबाद और आसपास के क्षेत्रों में बधिर एवं दिव्यांग समाज को जागरूक, शिक्षित, संगठित और आत्मनिर्भर बनाने के मिशन में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे निरंतर विशेष शिविरों, संवाद सत्रों और मार्गदर्शन कार्यक्रमों के जरिए दिव्यांग युवाओं को सशक्त कर रहे हैं।उनकी यह निष्ठा आज संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा का एक अप्रतिम स्रोत बन चुकी है। प्रोजेक्ट समर्थ के अंतर्गत दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केवल पारंपरिक शिक्षा तक सीमित न रहकर उन्हें डिजिटल साक्षरता और बाजार की मांग के अनुरूप व्यावसायिक प्रशिक्षण से भी जोड़ा जा रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि युवावस्था में प्रवेश करते ही वे स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर हो सकें और परिवार के लिए संबल बन सकें। जिला प्रशासन और क्षेत्रीय तंत्र के सक्रिय सहयोग से जनपद में दिव्यांगजनों के अधिकारों के संरक्षण, सुगम्य सार्वजनिक स्थलों के निर्माण और सामाजिक स्वीकार्यता को बढ़ाने के लिए निरंतर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रयासों से समाज के दृष्टिकोण में भी सकारात्मक बदलाव परिलक्षित हो रहा है। दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी को भी समान रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। अनुकूलित खेल सामग्री और विशेष मार्गदर्शन के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने के निरंतर अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे उनका मनोबल अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है। अभिभावकों की नियमित काउंसलिंग और संवेदीकरण कार्यशालाओं के माध्यम से परिवारों को यह विश्वास दिलाया जा रहा है कि उचित मार्गदर्शन, आधुनिक तकनीक और सरकारी सहयोग से दिव्यांग बच्चे भी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते हैं।प्रोजेक्ट समर्थ के माध्यम से तकनीक के सफल समन्वय ने प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अत्यंत सरल, पारदर्शी और त्वरित बना दिया है। प्रत्येक बच्चे की प्रगति की निरंतर डिजिटल ट्रैकिंग से यह सुनिश्चित हुआ है कि किसी भी स्तर पर सहायता में व्यवधान न आए और पुनर्वास की प्रक्रिया अनवरत चलती रहे। जनपद गाजियाबाद में श्री मनीष पवार जैसे प्रेरणादायी व्यक्तित्वों की सक्रिय सहभागिता और प्रोजेक्ट समर्थ के प्रभावी क्रियान्वयन ने समावेशी समाज के निर्माण को एक नई गति प्रदान की है। यह मॉडल प्रदेश के अन्य सभी जनपदों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण बनकर उभरा है।प्रोजेक्ट समर्थ आज केवल एक प्रशासनिक योजना न रहकर दिव्यांगजनों के सपनों को साकार करने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और उनके मानवीय अधिकारों की रक्षा करने का एक सशक्त सामाजिक आंदोलन बन चुका है। यह पहल उत्तर प्रदेश को समावेशी विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा के राष्ट्रीय फलक पर एक अग्रणी राज्य के रूप में निरंतर सुदृढ़ कर रही है।

**सूचनाधिकारी जनपद गाजियाबाद/**
**डॉ0 सीमा गुप्ता (से0नि0 सहा0निदे0)**

# प्रदेश में निराश्रित गोवंश संरक्षण से संवर्धन तक

उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गोवंश का सदियों से महत्वपूर्ण स्थान रहा है। पशुपालन केवल कृषि का सहायक व्यवसाय नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आजीविका, जैविक खेती और स्थानीय अर्थव्यवस्था का भी आधार रहा है। ऐसे में निराश्रित गोवंश का संरक्षण, उनके भरण-पोषण की व्यवस्था तथा गोवंश आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना एक बड़ी सामाजिक और प्रशासनिक आवश्यकता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने निराश्रित गोवंश संरक्षण नीति-2019 लागू कर गोवंश के संरक्षण, संवर्धन और जनभागीदारी को एक साथ जोड़ते हुए व्यापक व्यवस्था विकसित की है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य केवल निराश्रित गोवंश को आश्रय देना नहीं, बल्कि उनके संरक्षण के साथ किसानों की फसलों को छुट्टा पशुओं से होने वाली क्षति से बचाना, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना तथा गोबर और गोमूत्र से उपयोगी उत्पाद तैयार कर गो आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करना भी है। निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए प्रदेश में व्यापक आधारभूत ढांचा तैयार किया गया है। वर्तमान में 6,335 अस्थाई गोआश्रय स्थल, 488 गोवंश वन्य विहार/वृहद गो संरक्षण केन्द्र, 242 कांजी हाउस तथा 321 कान्हा गोशालाएं, अर्थात कुल 7,386 गो-आश्रय स्थलों में लगभग 12,37,694 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। इन आश्रय स्थलों के माध्यम से निराश्रित गोवंश को सुरक्षित स्थान, चारा, पानी और आवश्यक देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है। इससे एक ओर गोवंश के संरक्षण को मजबूती मिली है, वहीं दूसरी ओर किसानों की फसलों को छुट्टा पशुओं से होने वाले नुकसान को दूर करने में भी मदद मिली है। प्रदेश में गोवंश संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने के लिए मा0 मुख्यमंत्री सहभागिता योजना तथा पोषण मिशन के अंतर्गत भी महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। इसके तहत अब तक 1,14,481 पशुपालकों को 1,84,227 गोवंश सुपुर्द किए जा चुके हैं। इस व्यवस्था से संरक्षित गोवंश को परिवार आधारित देखभाल का अवसर मिलता है और पशुपालकों को भी पशुपालन के माध्यम से अतिरिक्त आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। इस प्रकार सरकारी संरक्षण व्यवस्था और जनभागीदारी के बीच एक प्रभावी समन्वय स्थापित हुआ है। प्रदेश सरकार ने सुपुर्दगी में प्राप्त गोवंश के भरण पोषण के लिए प्रति गोवंश धनराशि बढ़ाते हुए रू0 1500 प्रति माह कर दिया है। संरक्षित गोवंश के बेहतर भरण-पोषण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने पूर्व निर्धारित 30 रुपये प्रति गोवंश प्रतिदिन की धनराशि को बढ़ाकर 50 रुपये प्रति गोवंश प्रतिदिन कर दिया है। वर्तमान में संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिदिन लगभग 7 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा रहा है। इस बढ़ी हुई सहायता से गो-आश्रय स्थलों में चारे एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में मदद मिल रही है। सरकार का प्रयास है कि संरक्षित गोवंश को पर्याप्त पोषण और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध रहे। प्रदेश सरकार ने निराश्रित गोवंश के दीर्घकालिक संरक्षण के लिए वृहद गो संरक्षण केन्द्रों की स्थापना पर भी विशेष ध्यान दिया है। प्रदेश में वर्तमान में 488 वृहद गो संरक्षण केन्द्र स्थापित हैं, जबकि 142 वृहद गो संरक्षण केन्द्र निर्माणाधीन हैं। इन केन्द्रों के निर्माण के लिए सरकार द्वारा प्रति केन्द्र निर्धारित लागत की धनराशि को 1.20 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1.60 करोड़ रुपये कर दिया है। जिससे बड़े और बेहतर सुविधाओं वाले संरक्षण केन्द्र विकसित करने में सहायता मिल रही है। प्रदेश सरकार द्वारा गोवंश संरक्षण को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए गो-आधारित उत्पादों के निर्माण को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश के 38 जनपदों में गो-काष्ठ, गो-पेंट, वर्मीकम्पोस्ट, गोदीप, गमला, धूपबत्ती, अगरबत्ती, पंचगव्य, घनामृत और जीवामृत जैसे उत्पादों की निर्माण इकाइयां संचालित हैं। गोबर को केवल अपशिष्ट मानने के बजाय उपयोगी संसाधन के रूप में इस्तेमाल करने की यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। वर्मीकम्पोस्ट तथा अन्य गोबर आधारित उत्पाद जैविक एवं गो-आधारित खेती को बढ़ावा देने में भी सहायक हैं। इन गतिविधियों में महिला समूहों की भागीदारी बढ़ने से ग्रामीण महिलाओं के लिए भी आय के नए अवसर विकसित हो रहे हैं। गो-आश्रय स्थलों के संचालन ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी पैदा किए हैं। वर्तमान में 22 हजार से अधिक गो सेवक गो-आश्रय स्थलों में कार्यरत हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध होने के साथ-साथ गोवंश की देखभाल के लिए आवश्यक मानव संसाधन भी सुनिश्चित हुआ है। गो आधारित उत्पादों के निर्माण, पशुपालन, चारा प्रबंधन और जैविक खेती जैसी गतिविधियों के विस्तार के साथ आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के और अवसर सृजित होने की संभावनाएं हैं। संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण की धनराशि सीधे गो-आश्रय स्थलों तथा सहभागियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जा रही है। इससे भुगतान व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी है और लाभार्थियों तक सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया अधिक सुगम हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में निराश्रित गोवंश संरक्षण की व्यवस्था अब केवल आश्रय प्रदान करने तक सीमित नहीं रही है। गोवंश संरक्षण, पशुपालक सहभागिता, जैविक खेती, गोबर आधारित उत्पाद, महिला समूहों की भागीदारी और ग्रामीण रोजगार को एक-दूसरे से जोड़कर एक व्यापक ग्रामीण अर्थव्यवस्था विकसित किया गया है। निराश्रित गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की यह पहल पशु संरक्षण के साथ किसान हित, ग्रामीण रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सुरक्षित आश्रय से लेकर सम्मानजनक देखभाल और गो आधारित उत्पादों से रोजगार तक, यह व्यवस्था ग्रामीण विकास की एक ऐसी तस्वीर प्रस्तुत कर रही है जिसमें संरक्षण के साथ संवर्धन और संवर्धन के साथ आत्मनिर्भरता को नई गति मिल रही है।

# सोशल मीडिया से बढ़ा किशोरों में पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल, हार्मोन प्रभावित करने वाले रसायनों पर चिंता

सोशल मीडिया का बढ़ता इस्तेमाल किशोरों की जीवनशैली और खरीदारी की आदतों को भी प्रभावित कर रहा है। अमेरिका में हुई एक नई रिसर्च में सामने आया है कि सोशल मीडिया पर ब्यूटी, हेयर केयर और मेकअप से जुड़ी सामग्री देखने वाले हाईस्कूल छात्रों में पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल की प्रवृत्ति अधिक पाई गई। शोधकर्ताओं ने इन उत्पादों में मौजूद कुछ ऐसे रसायनों को लेकर भी चिंता जताई है, जो शरीर के हार्मोन तंत्र को प्रभावित कर सकते हैं। रटगर्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने यह अध्ययन किया है, जिसे 'जर्नल ऑफ एक्सपोजर साइंस एंड एनवायर्नमेंटल एपिडेमियोलॉजी' में प्रकाशित किया गया है। अध्ययन में न्यू जर्सी के प्रिंसटन हाई स्कूल के 143 छात्रों को शामिल किया गया। छात्रों से पिछले 24 घंटे में साबुन, शैंपू, डियोड्रेंट, परफ्यूम, सनस्क्रीन, त्वचा देखभाल और मेकअप जैसे उत्पादों के



इस्तेमाल के बारे में जानकारी ली गई। रिसर्च के अनुसार सोशल मीडिया पर ब्यूटी और हेयर केयर से जुड़ा कंटेंट देखने वाले छात्रों में पर्सनल केयर उत्पादों का इस्तेमाल अधिक पाया गया। ऐसे सोशल मीडिया प्रभावशाली लोगों को फॉलो करने वाले छात्र, जिनकी अपनी उत्पाद श्रृंखला थी, पिछले 24 घंटे में औसतन 30 प्रतिशत अधिक पर्सनल केयर उत्पाद इस्तेमाल करते पाए गए। वहीं, हेयर या ब्यूटी ट्यूटोरियल देखने वाले छात्रों में उत्पादों का इस्तेमाल करीब 40 प्रतिशत अधिक था। शोधकर्ताओं ने उम्र, लिंग, कक्षा और माता-पिता की शिक्षा सहित अन्य कारकों को ध्यान में रखने के बाद भी सोशल मीडिया के इस्तेमाल और पर्सनल केयर उत्पादों के बीच यह संबंध पाया। अध्ययन में लड़कियों और लड़कों के बीच भी पर्सनल केयर उत्पादों के इस्तेमाल में बड़ा अंतर सामने आया। लड़कियों ने पिछले 24 घंटे में औसतन 14 उत्पाद इस्तेमाल करने की जानकारी दी, जो लड़कों की तुलना में करीब दोगुना था। करीब 57 प्रतिशत छात्रों ने पिछले एक दिन में फ्रेगरेंस या परफ्यूम इस्तेमाल किया था। रिसर्च में यह भी सामने आया कि अधिकांश किशोर उत्पादों में मौजूद सामग्री को लेकर ज्यादा सजग नहीं हैं। केवल 19 प्रतिशत छात्र नियमित रूप से उत्पादों के लेबल पढ़ते थे, जबकि महज पांच प्रतिशत छात्र ऐसे ऐप या वेबसाइट का इस्तेमाल करते थे, जो अपेक्षाकृत सुरक्षित उत्पादों के चयन में मदद करती हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक, साबुन, शैंपू, डियोड्रेंट, परफ्यूम, सनस्क्रीन और मेकअप जैसे कुछ पर्सनल केयर उत्पादों में फ्थैलेट्स, पैराबेन्स और फेनॉल्स जैसे रसायन पाए जा सकते हैं। इनमें से कुछ रसायनों को हार्मोन सिग्नलिंग पर संभावित प्रभाव से जोड़ा गया है। हालांकि, शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि किसी उत्पाद में ऐसे रसायन की मौजूदगी का मतलब यह नहीं है कि उसके इस्तेमाल से निश्चित रूप से बीमारी होगी। जोखिम को समझने के लिए एक्सपोजर की मात्रा और लंबे समय के प्रभावों पर अभी और अध्ययन की जरूरत है। इस अध्ययन की खास बात यह रही कि हाईस्कूल के दो छात्रों गैब्रिएल कपुटा और वीटा मॉस-वांग ने भी शोध टीम के साथ काम किया। दोनों ने सर्वे तैयार करने में मदद की और सोशल मीडिया से जुड़े सवाल शामिल करने का सुझाव दिया। बाद में वे शोधपत्र के सह-लेखक भी बने। शोधकर्ताओं का कहना है कि आमतौर पर बच्चों और किशोरों पर सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक विकास से जुड़े प्रभावों पर चर्चा होती है, लेकिन यह अध्ययन उनके पर्सनल केयर उत्पादों के इस्तेमाल पर सोशल मीडिया के प्रभाव की ओर भी ध्यान आकर्षित करता है। शोधकर्ता अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन से सोशल मीडिया खाते, प्रभावशाली लोग और संदेश किशोरों के उत्पाद चुनने के फैसलों को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं। भविष्य में बड़े और अधिक विविध समूहों पर अध्ययन किए जाने की जरूरत बताई गई है। साथ ही, छात्रों द्वारा इस्तेमाल किए गए उत्पादों और उनके मूत्र नमूनों में पाए जाने वाले रसायनों के स्तर के बीच संबंध का भी अध्ययन करने की योजना है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### स्व. जन्मेजय सिंह की छठवीं पुण्यतिथि पर 21 को श्रद्धांजलि सभा

**देवरिया।** पूर्व विधायक स्व. जन्मेजय सिंह की छठवीं पुण्यतिथि पर 21 अगस्त को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। गौरी बाजार के देवगांव स्थित उनके निज आवास पर शाम पांच बजे होने वाली सभा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, शुभचिंतक और समर्थक शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। स्वजन के अनुसार स्व. जन्मेजय सिंह ने सार्वजनिक जीवन में रहते हुए जनसरोकारों को प्राथमिकता दी। सहज व्यवहार, सेवा भावना और लोगों से आत्मीय जुड़ाव के कारण क्षेत्र में उनकी अलग पहचान रही। उनके निधन के बाद भी उनके विचार और जनहित से जुड़े कार्य लोगों को प्रेरित करते हैं। श्रद्धांजलि सभा के आयोजक प्रकाश सिंह 'नाथू सिंह', कृष्णकांत सिंह 'मुन्ना ' और अजय प्रताप सिंह 'पिंटू सिंह' ने निज आवास स्थित देवगांव, गौरी बाजार में 21 अगस्त 2026, शुक्रवार शाम पांच बजे क्षेत्रवासियों से सपरिवार कार्यक्रम में पहुंचकर स्व. जन्मेजय सिंह की पुण्य स्मृतियों को नमन करने की अपील की है।

### अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे नेताजी सुभाषचंद्र बोसः पवन

**देवरिया।** महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मालवीय रोड स्थित नेताजी की प्रतिमा पर पदाधिकारियों ने माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों में शामिल थे। उन्होंने अंग्रेजी शासन से देश को मुक्त कराने के लिए आजाद हिंद फौज का नेतृत्व किया और अपने अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता तथा दृढ़ संकल्प से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि नेताजी का प्रसिद्ध आह्वान 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' देशवासियों में स्वतंत्रता के लिए त्याग और संघर्ष की भावना जगाने वाला था। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और साहस सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। पूर्व भाजपा मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पांडेय ने कहा कि 18 अगस्त 1945 को विमान हादसे में नेताजी की मृत्यु की बात कही जाती है। देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके विचार आज भी युवाओं में राष्ट्रप्रेम, आत्मसम्मान और देश के प्रति समर्पण की भावना जगाते हैं। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अरुण मिश्र, डॉ. विनोद पांडेय, विजेंद्र चौहान, वीरेंद्र पाठक, गोविंद कुशवाहा, सुशील पाठक, विजय कुशवाहा, मोनू सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खजनी में बेखौफ चोरों का आतंक, ताला काटकर लाखों के जेवरात-नकदी पार

## उनवल चौकी क्षेत्र के ढडौना में वारदात, पुलिस गश्त पर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी /गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। उनवल चौकी क्षेत्र के ढडौना गांव में सोमवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए मुख्य दरवाजे का ताला काट दिया और कमरे में रखे बक्से का कुंडा तोड़कर करीब एक लाख रुपये नकद समेत लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। घटना के बाद ग्रामीणों में पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आक्रोश है। पीड़िता उषा देवी पत्नी राम मिलन साहनी निवासी ढडौना ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह रात में घर की छत पर सोई थीं। इसी दौरान चोर मुख्य दरवाजे का ताला काटकर घर में दाखिल हुए। इसके बाद कमरे में रखे बक्से को किसी भारी वस्तु से तोड़कर उसमें रखे करीब एक लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। सुबह परिवार के लोग जागे तो घर का सामान बिखरा देख चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित परिवार ने तत्काल 112 नंबर पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की सूचना मिलने के बाद मंगलवार दोपहर करीब दो बजे उनवल चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरी के संबंध में लोगो से पूछताछ कर रही है । हालांकि, लगातार हो रही चोरी की वारदातों ने पुलिस की सक्रियता और रात्रि गश्त पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों के अनुसार खजनी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। महुआडाबर क्षेत्र के डूमरघाट ग्रामसभा में पिछले सप्ताह लगातार तीन घरों में चोरी की वारदात हुई थी। अब ढडौना में हुई घटना से ग्रामीणों में भय और बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि चोर अपना इलाका बदल-बदलकर वारदात कर रहे हैं, जबकि पुलिस इन घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने में नाकाम नजर आ रही है।

बताया जाता है कि पूर्व में खजनी क्षेत्र में चोरी की घटनाओं ने तांडव मचाया था। तत्कालीन थानाध्यक्ष अनूप सिंह के कार्यकाल में लंबे समय बाद चोरी की घटनाओं का बड़ा खुलासा करते हुए करोड़ों रुपये के जेवरात और नकदी बरामद कर कई आरोपियों को जेल भेजा गया था। इसके बाद कुछ समय तक चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगी रही। अब एक बार फिर चोरों ने खजनी क्षेत्र में पैर पसारना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारियों से रात्रि गश्त बढ़ाने, चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने और आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद करने की मांग की है। अब देखना है कि पुलिस लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर कब तक प्रभावी लगाम लगा पाती है।

# खिरकिया से बांसी धाम तक निकली भव्य कलश यात्रा

## जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा क्षेत्र



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** पडरौना विधानसभा क्षेत्र के खिरकिया नई बस्ती से बांसी धाम तक श्री हनुमान मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा एवं स्थापना महोत्सव के क्रम में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल ने श्रद्धालुओं के साथ शामिल होकर सहभागिता की। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन उत्साह और भक्तिभाव के साथ शामिल हुए। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस दौरान मनीष बुलबुल जायसवाल ने भगवान श्री हनुमान जी का पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और मंगल की कामना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। साथ ही नई पीढ़ी में सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के प्रति आस्था बढ़ती है। उन्होंने भगवान श्री हनुमान जी से सभी क्षेत्रवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कलश यात्रा में प्रमुख रूप से सुरेश चौधरी, पिंटू गुप्ता, संतोष कुशवाहा, बनारसी कुशवाहा, बृजमोहन प्रसाद, अजय गुप्ता, अंकित कुमार, रवि कुशवाहा, रतनजीत शर्मा, नागेश्वर चौधरी, बबीता चौधरी, शीला चौधरी, बुनेला देवी, आरती देवी, सन्नी मिश्रा, अनिल पांडेय, ब्रजेश शर्मा, राजेश कुशवाहा और काशी राजभर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सेंट पॉल्स स्कूल, धूमधाम के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महाराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के कुकेसर स्थित सेंट पॉल्स स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस बेहद धूमधाम, हर्षोल्लास और अगाध देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया, जिसने पूरे क्षेत्र को राष्ट्रीयता के रंग में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि परसामलिक थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगे को फहराकर और तिरंगे को सलामी देकर किया, जिसके बाद उन्होंने अनुशासित विद्यार्थियों के शानदार मार्च पास्ट की कमान भी संभाली। विद्यालय के प्रमुख करण मल्होत्रा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस भव्य समारोह में नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर वरिष्ठ छात्रों के भीतर भरा देशभक्ति का ज्वार साफ दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए देशभक्ति गीतों, मनमोहक लोक नृत्यों, राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत नाटकों और भावपूर्ण मूक अभिनय के जरिए भारतीय संस्कृति की अनूठी विविधता व स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास की ऐसी जीवंत झांकी पेश की कि पूरा विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान अमर शहीदों के अप्रतिम त्याग व बलिदान को नमन किया तथा छात्रों को अनुशासित व जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हुए कहा कि एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए युवा अपनी प्रतिभा का सदुपयोग सदैव राष्ट्रहित में करें। वहीं विद्यालय के प्रमुख करण मल्होत्रा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन हमें उन महान नायकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है जिनकी बदौलत हम आजाद हवा में सांस ले रहे हैं, इसलिए हमारे विद्यालय का मुख्य उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं बल्कि प्रत्येक छात्र के भीतर राष्ट्रप्रेम, नैतिक मूल्य और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को कूट-कूट कर भरना है ताकि वे भविष्य में देश की तरक्की के ध्वजवाहक बन सकें।

### नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के बनकटा थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान सामने आए साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराएं बढ़ाई गई हैं। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में चल रही कार्रवाई के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी मनोज कुमार के पर्यवेक्षण में बनकटा पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर विनय कुमार प्रजापति (30) निवासी बैदौली बुजुर्ग को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक 14 अगस्त को बनकटा क्षेत्र की 16 वर्षीय किशोरी की मौत के बाद उसकी मां की तहरीर पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमे में धारा 78(1) बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 11/12 की बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# काशी से निकली संत रविदास जयंती की कलशयात्रा का पडरौना में भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर काशी स्थित उनकी जन्मस्थली से निकाली गई भव्य कलशयात्रा का पडरौना नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया गया। नगर के सुभाष चौक पर नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने पावन कलश एवं यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर माल्यार्पण के साथ स्वागत-अभिनंदन किया। इस दौरान पूरा वातावरण संत रविदास के जयकारों और भक्ति भाव से गुंजायमान रहा। स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि संत रविदास केवल संत ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता, मानवता और भाईचारे के महान संदेशवाहक थे। उन्होंने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से समाज को जाति-पंथ तथा ऊंच-नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता को सर्वोपरि रखने का मार्ग दिखाया। उनकी वाणी आज भी समाज को एकता, सद्भाव और समानता की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर उनकी जन्मस्थली काशी से निकली कलशयात्रा का पडरौना पहुंचना नगरवासियों के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय है। यह यात्रा संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ समाज में समरसता और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का कार्य कर रही है।

सुभाष चौक से कलशयात्रा रामकोला रोड, अंबेडकर नगर, बावली चौक, बंधु छपरा, संत रविदास नगर, हरका चौराहा, मटिहिनिया और सिधुवा बाजार होते हुए आगे बढ़ी। यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद कलशयात्रा कठकुइयां मंडल के लक्ष्मीपुर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं एवं आयोजकों ने यात्रा को सम्मानपूर्वक विदा किया। इस अवसर पर भाजपा जिलामंत्री विश्वरंजन आनंद, नगर मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर त्रिपाठी, अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, बंका सिंह पटेल, मोहन खरवार, केके पांडेय, सभासद अनिल जायसवाल, श्याम साहा, सुशील शर्मा, उदयभान पांडेय, ओम प्रकाश कुशवाहा, विजय सोनी, मनोज सिंह, रामु पांडेय, सन्नी मिश्रा, सुनील चौहान, अंशु जायसवाल, ब्रजेश शर्मा, अभय सिंह, अभय मारोदिया, अनिल पांडेय, आकाश वर्मा, भास्कर पाठक, राजेश कुशवाहा, बबलू मद्धेशिया, विनय पांडेय, भरत चौधरी, बबलू शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बढ़ते जलस्तर को लेकर तहसील प्रशासन अलर्ट, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला बाजार/ गोरखपुर।** नदियों के लगातार बढ़ते जलस्तर और संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए गोला तहसील प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। मंगलवार को उपजिलाधिकारी गोला मनीष कुमार के नेतृत्व में तहसील अधिकारियों ने बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील ग्राम बगहा, ज्ञानकोल सहित अन्य प्रभावित एवं संभावित प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर जलस्तर, जलभराव और ग्रामीणों की स्थिति का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि बाढ़ अथवा जलभराव की स्थिति गंभीर होने पर ग्रामीण तत्काल संबंधित लेखपाल, नायब तहसीलदार अथवा तहसील प्रशासन को सूचना दें, ताकि समय रहते राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया जा सके।

उपजिलाधिकारी ने राजस्व कर्मियों को संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही प्रभावित परिवारों और जोखिम वाले स्थानों को चिह्नित कर उनकी सूची तैयार रखने तथा जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराने को कहा गया। प्रशासन की ओर से संभावित बाढ़ को देखते हुए नाव और नाविकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ राहत सामग्री की अग्रिम व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। सिंचाई और विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी संवेदनशील क्षेत्रों का आकलन कर आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है। बिजली व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने तथा किसी भी संभावित खतरे से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट कर दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़हलगंज को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा चिकित्सकीय आपात स्थिति के लिए आवश्यक दवाओं और चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। वहीं पशु चिकित्सा विभाग को प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और जरूरी दवाओं की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। तहसील प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बढ़ते जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर अलर्ट रहने को कहा गया है, ताकि जलस्तर बढ़ने या बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर ग्रामीणों को तत्काल राहत और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की कार्रवाई की जा सके।

# टूटी सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवा, गोरखपुर।** सहजनवा विकासखंड के रामपुर टोला प्राणपुर से गुलटही जाने वाली सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। सड़क की मरम्मत कराने की मांग को लेकर करीब दो दर्जन ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जिम्मेदार विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पूर्व विधानसभा प्रत्याशी दिलीप कुमार मौर्या, गब्बूलाल प्रजापति और राजनाथ राव ने कहा कि रामपुर टोला प्राणपुर से गुलटही तक जाने वाली सड़क क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवों के लोगों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। लंबे समय से मरम्मत के अभाव में सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह सड़क पर दो से तीन फीट तक गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इसी मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी आते-जाते हैं। सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण कई बार बच्चे और राहगीर गिरकर चोटिल हो चुके हैं। बारिश के बाद स्थिति और भी खराब हो गई है। गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसे का खतरा लगातार बना रहता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क की बदहाली को लेकर कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सड़क की तत्काल जांच कराकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से मरम्मत कराई जाए, ताकि आवागमन सुचारु हो सके और स्कूली बच्चों व राहगीरों को राहत मिल सके। प्रदर्शन में इंद्रेश सिंह, गिरीश रावत, दुर्गेश कुमार, श्यामलाल, कुशल, जितन, उर्मिला, प्रेमलता, निर्मला, लीलावती, रामदास, फूलचंद, राम सकल, राम भवन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### लैपल पिन लगाकर अधिवक्ताओं का किया अभिनंदन

**देवरिया।** जनसंपर्क एवं सम्मान अभियान के तहत देवरिया तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का लैपल पिन लगाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं से आत्मीय संवाद कर न्याय व्यवस्था, अधिवक्ता समाज से जुड़े मुद्दों और सामाजिक सरोकारों पर चर्चा हुई। भाजपा नेता एडवोकेट संतोष तिवारी ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। संविधान और कानून की रक्षा, नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण तथा समाज में न्याय की स्थापना में अधिवक्ताओं की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं का सम्मान उनके अनुभव, संघर्ष और समाज के प्रति योगदान का सम्मान है। कार्यक्रम में युगुल किशोर तिवारी, सामंत मिश्रा, अरविंद तिवारी, शिवाजी, शशांक मिश्रा समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। सम्मान से अभिभूत अधिवक्ताओं ने एडवोकेट संतोष कुमार तिवारी का आभार जताया। संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि सम्मान और संवाद की यह पहल आगे भी जारी रहेगी। समाज के हर वर्ग के साथ आत्मीय संबंध और निरंतर संवाद ही जनसेवा को सार्थक बनाता है।

# संगठन सृजन अभियान का अंतिम चरण पूरा, बूथ स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान का अंतिम चरण मंगलवार को तरकुलवा और सदर देवरिया ब्लॉक की बैठकों के साथ संपन्न हुआ। बैठकों में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, सक्रिय कार्यकर्ताओं की नई टीम तैयार करने और आगामी चुनावों के लिए सांगठनिक ढांचा मजबूत करने पर मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए एआइसीसी पर्यवेक्षक भईया जी पवार ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। प्रत्येक बूथ, वार्ड और ग्रामसभा में सक्रिय कार्यकर्ता जनता के सुख-दुख में सहभागी बनें, तभी संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान महज पदाधिकारियों के चयन तक सीमित नहीं है, बल्कि कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का अभियान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर सक्रिय टीम तैयार करने का आह्वान किया। यह टीम नियमित जनसंपर्क करने के साथ स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए भी प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्ष तक जवाबदेही की व्यवस्था विकसित की जा रही है। पीसीसी पर्यवेक्षक अमरेश चंद पांडेय ने कहा कि संगठन का पुनर्गठन सामाजिक साझेदारी और भागीदारी के आधार पर किया जा रहा है। युवाओं, महिलाओं, किसानों, व्यापारियों, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक समाज के सक्रिय लोगों को संगठन में उचित स्थान दिया जाएगा। इंजीनियर शैलेंद्र यादव ने कहा कि बूथ स्तर की मजबूती विधानसभा और लोकसभा चुनाव में सफलता की आधारशिला है। निर्मला पासवान ने महिला कांग्रेस और महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि जिले के सभी ब्लॉकों में लगातार बैठकें कर संगठन को नई ऊर्जा देने का प्रयास किया गया। बैतालपुर, गौरी बाजार, रुद्रपुर, भलुअनी, बरहज, लार, भागलपुर, बनकटा, भाटपाररानी, सलेमपुर, भटनी, देसही देवरिया, पथरदेवा, रामपुर कारखाना, तरकुलवा और सदर देवरिया में कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

# सर्पदंश से 26 वर्षीय युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला बाजार/गोरखपुर।** गोला क्षेत्र के परसिया निस्फी राजा गांव में सोमवार की देर रात सर्पदंश से 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मंगलवार को परिजनों ने स्थानीय परंपरा के अनुसार शव का अंतिम संस्कार करने के बजाय केले के पत्ते में रखकर नदी में प्रवाहित कर दिया। परसिया निस्फी राजा निवासी अमरेश सिंह (26) पुत्र राजनारायण सिंह इलाहाबाद में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। इन दिनों वह घर आया हुआ था। सोमवार की देर रात वह घर के बगल में बने शौचालय में शौच के लिए गया था। इसी दौरान वहां मौजूद सांप ने उसे डंस लिया। सर्पदंश के बाद अमरेश की हालत बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए दोहरीघाट ले गए। दोहरीघाट में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर मऊ के लिए रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही अमरेश की हालत और बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया। मऊ पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन रात में शव लेकर गांव लौट आए।

युवक की मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। अमरेश प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अपने भविष्य को संवारने की कोशिश कर रहा था। उसकी अचानक हुई मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में सांपों का निकलना बढ़ जाता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश की घटनाओं का खतरा बना रहता है। मंगलवार को परिजन अमरेश के शव को लेकर गोला क्षेत्र के बेवरी घाट पहुंचे। वहां केले के पत्ते में रखकर शव को नदी में प्रवाहित कर दिया गया। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।

# स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को किया नमन, ट्रस्ट ने फहराया तिरंगा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के पास ध्वजारोहण कर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन किया। शनिवार सुबह 8:30 बजे आयोजित कार्यक्रम में ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिया कुमारी शुक्ला ने बतौर मुख्य अतिथि तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने राष्ट्रगान के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिया कुमारी शुक्ला ने कहा कि देश की आजादी हजारों वीर सपूतों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। स्वतंत्रता संग्राम में जिन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, उनके योगदान को देशवासी कभी भुला नहीं सकते। हमें उनके आदर्शों और त्याग से प्रेरणा लेकर देशहित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। युवाओं को नशे और गलत गतिविधियों से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। युवा सही दिशा में आगे बढ़ेंगे तो देश निश्चित रूप से विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष नवनीत सिंह, जिलाध्यक्ष मुनिंद्र गुप्ता, महिला प्रदेश अध्यक्ष लीला श्रीवास्तव, शैलेश सिंह, सरोज सिंह, शालू सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

# जर्जर जाजमऊ गंगा पुल की होगी मरम्मत, 90 दिन तक आवागमन बंद

## पुल पर सौ से अधिक गड्ढे, सरिया निकली; रोज करीब 40 हजार वाहनों का आवागमन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर-उन्नाव को जोड़ने वाला करीब 50 वर्ष पुराना जाजमऊ गंगापुल जर्जर हालत में पहुंच गया है। पुल पर सौ से अधिक बड़े-छोटे गड्ढे हो गए हैं और कई स्थानों पर सड़क टूटने से सरिया बाहर निकल आई है। रोज करीब 40 हजार वाहनों के गुजरने वाले इस पुल की खराब स्थिति के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। अब भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) पुल की मरम्मत के लिए इसे करीब 90 दिन तक बंद करने की तैयारी में है। प्रशासन से अनुमति मिलते ही ऊपरी हिस्से की मरम्मत शुरू की जाएगी। पुल पर बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालकों को बचकर निकलना पड़ रहा है। कई जगह चालक अचानक लेन बदलते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। भारी वाहनों की आवाजाही से स्थिति और खराब हो गई है। कानपुर की ओर पुल समाप्त होते ही करीब छह से सात मीटर लंबा गड्ढा भी है, जिसमें बारिश के बाद पानी भर जाता है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह बेहद खतरनाक बना हुआ है। पुल की सड़क कई स्थानों पर पूरी तरह टूट चुकी है और गड्ढों के बीच करीब आधा से एक फीट तक सरिया बाहर निकली हुई है। वाहन चालकों के अनुसार, सरिया की चपेट में आने से टायर फटने और वाहनों के निचले हिस्से के क्षतिग्रस्त होने का खतरा रहता है।

**फुटपाथ और सुरक्षा रेलिंग भी क्षतिग्रस्त**

पुल से पैदल गुजरने वाले लोगों ने भारी वाहनों के गुजरने पर कंपन महसूस होने की बात कही है। फुटपाथ भी कई स्थानों पर टूट चुका है। क्षतिग्रस्त हिस्सों में पत्थर लगाए गए हैं, लेकिन उनके बीच काफी अंतराल है। राहगीरों के अनुसार इन अंतरालों में बच्चों और बुजुर्गों के पैर फंसने से चोट लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। सुरक्षा रेलिंग भी कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त है।

**गंगा में बहते मिले तार**

पुल से जुड़े जीपीएस और टेलीफोन के करीब आधा दर्जन तार गंगा में बहते मिले। राहगीरों का दावा है कि ये तार करीब दो महीने से इसी स्थिति में पड़े हैं। संबंधित विभागों की ओर से इन्हें अब तक नहीं हटाया गया है। गंगा में तारों के पड़े रहने से सुरक्षा के साथ पर्यावरण को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

**जाजमऊ-रामादेवी फ्लाईओवर भी बदहाल**

गंगापुल के आगे जाजमऊ-रामादेवी फ्लाईओवर की सड़क की स्थिति भी खराब है। जगह-जगह बड़े गड्ढे हैं। बारिश के बाद सड़क की ऊपरी परत उखड़ने से बजरी फैल गई है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना रहता है। रात में अंधेरे के कारण स्थिति और खतरनाक हो जाती है।

**90 दिन बंद रखने की मांगी अनुमति**

एनएचएआई अधिकारियों के अनुसार पुल की पोक लेयर कमजोर होने के कारण कंक्रीट और डामर का मिश्रण टिक नहीं पा रहा है। बारिश के दौरान सामग्री बह जाने से सड़क बार-बार खराब हो रही है।

अधिकारियों ने उन्नाव और कानपुर के जिलाधिकारियों से पुल को 90 दिन तक बंद रखने की अनुमति मांगी है। अनुमति मिलने के बाद ऊपरी हिस्से की मरम्मत शुरू होगी। एनएचएआई ने मरम्मत कार्य के लिए दिल्ली की रिहैबिलिटेशन इंजीनियरिंग कंपनी को ठेका दिया है। पुल के निचले हिस्से में भी करीब दो महीने से काम चल रहा है।

# पीआरडी जवानों को योगी की बड़ी सौगात, 600 रुपये होगा ड्यूटी भत्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री द्वारा मंगलवार, 18 अगस्त 2026 को प्रदेश के पीआरडी स्वयंसेवक जवानों के हित में महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई। मुख्यमंत्री के वर्चुअल संबोधन कार्यक्रम का आयोजन युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, फिरोजाबाद द्वारा विकास भवन स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पीआरडी स्वयंसेवक जवान एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फिरोजाबाद सदर विधायक मनीष असीजा शामिल हुए। इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, उपजिलाधिकारी मुख्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रांतीय रक्षक दल के अधिकारीगण तथा पीआरडी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के वर्चुअल संबोधन के दौरान पीआरडी जवानों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई। इनमें पीआरडी जवानों के ड्यूटी भत्ते में बढ़ोतरी तथा पीआरडी स्वयंसेवकों एवं उनके आश्रितों के लिए कैशलेस उपचार की सुविधा प्रमुख रही। इन घोषणाओं को लेकर कार्यक्रम में मौजूद पीआरडी जवानों में खुशी का माहौल देखने को मिला।

**ईमानदारी और निष्ठा से ड्यूटी करने के लिए किया प्रेरित**

कार्यक्रम के समापन अवसर पर सदर विधायक मनीष असीजा ने पीआरडी स्वयंसेवकों को ड्यूटी भत्ते में बढ़ोतरी एवं कैशलेस उपचार की सुविधा मिलने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पीआरडी जवानों के हित में उठाए गए कदम उनके मनोबल को बढ़ाने वाले हैं। विधायक ने पीआरडी स्वयंसेवकों से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन और अधिक ईमानदारी, अनुशासन एवं पूर्ण निष्ठा के साथ करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पीआरडी जवान कानून-व्यवस्था एवं विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों पर प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं।

**कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान**

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने भी पीआरडी जवानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जवानों को अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग एवं जिम्मेदार रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने भी पीआरडी स्वयंसेवकों को सरकार द्वारा दी गई सौगातों की जानकारी दी। घोषणाओं के बाद जवानों ने खुशी व्यक्त करते हुए सरकार के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी मोहित यादव, पुनीत कुमार, जितेंद्र सिंह, मनोज कुमार यादव एवं रमेश चंद्र सहित अन्य अधिकारी एवं पीआरडी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी ने ससुरालीजनों पर पति की हत्या का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)-** महिला ने ससुरालीजनों पर अपने पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी सुनैना पत्नि स्व. कोतवाल जाटव ने मंगलवार को पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 2 अगस्त की रात में उसके ससुरालीजनों ने मिलकर उसके पति की हत्या कर दी। घटना के समय वह अपने मायके में थी। महिला के अनुसार, जानकारी मिलने पर वह अगले रोज कुंवरपुरा पहुंची जहां ससुराल के लोग उसके मृत पति को जलाने की तैयारी कर रहे थे। उसने पति के शरीर को देखा तो पति के गले में खरोंच के और शरीर पर नीले निशान थे। महिला के अनुसार उसने जब पति के शव का पोस्टमार्टम कराने की बात ससुरालीजनों से कही तो उक्त लोगों ने एकराय होकर उसे घर के कमरे में बंद कर दिया और पति की तरह ही उसे भी जान से मारने की धमकी दी। महिला ने शिकायती पत्र में बताया कि पति के नाम पर दर्ज चल अचल संपत्ति हड़पने की नीयत से ही ससुरालीजनों ने मिलकर उसके पति की हत्या की है, क्योंकि ससुरालीजन उसे पति की चल अचल संपत्ति देना नहीं चाहते हैं और बच्चों समेत उसे भूखों मरने देना चाहते हैं।

### सड़क हादसे में दंपति और मासूम बच्ची घायल

**कोंच(जालौन)-** कैलिया थाना क्षेत्र के सामी गांव के पास सोमवार की देर रात करीब 10 बजे सड़क पर अचानक कुत्ता आ जाने से एक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी और उनकी मासूम बच्ची घायल हो गए। गंभीर स्थिति में महिला को मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम कूंड़ा थाना कैलिया निवासी रामलखन वर्मा (36) अपनी पत्नी माया देवी (34) और करीब 6 माह की बच्ची के साथ रिश्तेदारी में आयोजित त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने नदीगांव गए थे। कार्यक्रम के बाद देर रात तीनों बाइक से अपने गांव कूंडा वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे ग्राम सामी के पास पहुंचे, तभी अचानक बाइक के सामने एक कुत्ता आ गया जिसे बचाने की कोशिश में बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर गिर गई। हादसे में तीनों घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को सीएचसी कोंच पहुंचाया जहां घायलों का उपचार किया गया। माया देवी की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया गया।

# दिव्यांग छात्राओं को मिलेगी 65 हजार तक की निःशुल्क ई-ट्राईसाइकिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांग छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने और उनके आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 से नई व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत पात्र दिव्यांग छात्राओं को 65,000 तक की निःशुल्क ई-ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग आगरा मंडल आगरा एवं प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि योजना का लाभ ऐसी पात्र दिव्यांग छात्राओं को दिया जाएगा, जो वर्तमान में स्कूल, कॉलेज, प्रशिक्षण संस्थान, लाइब्रेरी, लैब अथवा हॉस्टल में अध्ययनरत हों। योजना के अंतर्गत ऐसी दिव्यांग छात्राएं पात्र होंगी जो मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, स्ट्रोक, सेरेब्रल पाल्सी अथवा हीमोफीलिया जैसी दिव्यांगता से प्रभावित हों। छात्रा की दृष्टि एवं मानसिक स्थिति अच्छी होना, कमर के ऊपर का भाग स्वस्थ होना तथा अपने हाथों से ई-ट्राईसाइकिल संचालित करने में सक्षम होना आवश्यक है। साथ ही जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा दिव्यांगता प्रमाणित होना भी जरूरी है।

**भौतिक सत्यापन के बाद मिलेगा लाभ**

विभागीय तकनीकी समिति द्वारा छात्रा की शारीरिक क्षमता का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। समिति द्वारा ई-ट्राईसाइकिल संचालन के लिए छात्रा को उपयुक्त पाए जाने के बाद ही योजना के तहत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। संबंधित स्कूल, कॉलेज अथवा प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य/संस्था अध्यक्ष द्वारा छात्रा के अध्ययनरत होने का प्रमाण-पत्र देना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा इस प्रमाण-पत्र की पुष्टि भी की जाएगी। योजना का लाभ लेने वाली दिव्यांग छात्रा अथवा उसके परिवार का कोई सदस्य आयकरदाता नहीं होना चाहिए। उपलब्ध लक्ष्य के अनुसार सबसे पहले गरीबी रेखा (बीपीएल) से नीचे जीवनयापन करने वाली पात्र छात्राओं का चयन किया जाएगा। यदि निर्धारित लक्ष्य के बाद सीटें शेष रहती हैं तो दिव्यांगता के घटते क्रम तथा आय के बढ़ते क्रम के आधार पर पात्र छात्राओं का चयन किया जाएगा।

**आवेदन के लिए ये अभिलेख जरूरी**

1. दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड अथवा आयु का वैध प्रमाण पत्र, कॉलेज/संस्थान से अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र, पिता का आय प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र।

योजना के लिए छात्रा की आयु 16 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है।

**प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 20 ई-ट्राईसाइकिल का लक्ष्य**

जनपद फिरोजाबाद की प्रत्येक विधानसभा में 20 ई-ट्राईसाइकिल का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पात्र दिव्यांग छात्राओं को योजना से लाभान्वित किया जाएगा। विभाग ने पात्र दिव्यांग छात्राओं से योजना का लाभ लेने के लिए समय से ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।

# महाना के खिलाफ क्षत्रिय समाज ने खोला मोर्चा, चुनाव में हराने का ऐलान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश की राजनीति से इस वक्त की एक बड़ी और सनसनीखेज खबर ये है कि क्षत्रिय (ठाकुर) समाज के लोग उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष और भाजपा के स्थानीय विधायक सतीश महाना के खिलाफ गोलबन्द होते दिखे। रामादेवी चौराहा स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित महापंचायत (चेतना सम्मेलन) के दौरान क्षत्रिय समाज के लोगों ने सतीश महाना को आगामी चुनावों में हराने का खुला ऐलान कर दिया है। उल्लेखनीय यह है कि इस बगावत के पीछे धर्मराज सिंह चौहान का कथित अपमान मुख्य वजह बताई जा रही है। क्षत्रिय समाज के लोगों का आरोप है कि धर्मराज सिंह चौहान के साथ हुआ बर्ताव पूरे क्षत्रिय समाज का अपमान है। इस दौरान सभा को सम्बोधित करने वाले वक्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि समाज के किसी भी व्यक्ति का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर मौजूद क्षत्रिय समाज के लोगों ने एकजुट होकर यह कसम खाई कि धर्मराज सिंह चौहान के अपमान का बदला लोकतांत्रिक तरीके से लिया जायेगा और सतीश महाना को चुनाव में हराया जाएगा। इस दौरान अनेक वक्ताओं ने कहा कि जब से केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से क्षत्रिय वर्ग का शोषण दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है।

इसे अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और आने वाले चुनाव में इसका हिसाब जरूर लिया जायेगा।इस घटनाक्रम के बाद कानपुर की सियासत गरमा गई है। क्योंकि सतीश महाना, भाजपा के कद्दावर नेता माने जाते हैं। ऐसे में क्षत्रिय समाज की इस खुली चुनौती ने स्थानीय राजनीतिक में एक बड़ी हलचल पैदा कर दी है।

### पत्नि के मायके जाते ही पति झूला फांसी पर

**कोंच(जालौन)-** ग्राम सिमरिया में पत्नि के मायके चले जाने के कुछ घंटे बाद ही पति ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक जांच पड़ताल कर शव का पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल घटना के कारणों का अभी कुछ स्पष्ट पता नहीं चल सका है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमिरिया निवासी मोहन कुमार (30) पुत्र स्व. प्रेमनारायण की पत्नि सोमवार की सुबह करीब 11 बजे अपने पिता के साथ मायके चली गई थी। शाम करीब 5 बजे मोहन ने घर के कमरे में पंखे के लोहे के हुक से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब वृद्ध मां ने बेटे को फांसी पर झूलता देखा तो वह चीख पड़ी और फिर पड़ोस के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक जांच पड़ताल कर शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है। मृतक मजदूरी करता था और उसके दो बच्चे हैं जो अपनी मां के साथ ननिहाल गए हुए थे, घर में मृतक की वृद्ध मां ही थी।

### कांवड़ियों से विवाद पर पुलिस ने आरोपी पर की कार्यवाही

**कोंच(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुसिया में गत रोज सोमवार की शाम कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे टकराने को लेकर हुए विवाद में कांवड़ियों द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक सोहन सिंह यादव पुत्र राजेंद्र निवासी ग्राम घुसिया के विरुद्ध दफा 115(2), 351(2), 352 बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया और शांतिभंग में उसका चालान कर दिया। मामले में पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, ग्राम घुसिया निवासी कई कांवड़िए करीब आधा सैकड़ा साथियों के साथ सेवढ़ा सनकुआ से कांवड़ में जल भरकर अपने गांव लौट रहे थे। सोमवार की शाम करीब चार बजे जब यात्रा गांव में सोहन सिंह यादव के घर के सामने पहुंची, तभी कांवड़ यात्रा में शामिल डीजे उसके दरवाजे से टकरा गया। आरोप है कि इससे नाराज होकर सोहन सिंह ने आशिक पुत्र सम्मान सिंह के साथ गाली गलौच कर लात-घूंसों से मारपीट कर दी। शिकायतकर्ता कांवड़ियों का आरोप है कि सोहन सिंह ने यात्रा में शामिल सभी कांवड़ियों के साथ गाली-गलौज करते हुए धमकी दी।

# हाईवे किनारे ट्रक ड्राइवरों को लूटने वाले गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** महाराजपुर थाना पुलिस ने हाइवे के किनारे ट्रक ड्राइवरों से मोबाइल व नकदी की लूट करने वाले गिरोह को चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह लोग इस हाईवे के आस पास के रहने वाले हैं और लगभग 4 माह से लूट को अंजाम दे रहे थे। अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी शिवा सिंह ने बताया कि जब ट्रक ड्राइवर रात्रि में ट्रक को हाईवे के किनारे लगाकर सो जाते थे तब ये लोग ट्रक की खिड़की की रबड़ हटाकर शीशा तोड़ कर ट्रक की केबिन में घुस जाते थे और ट्रक ड्राइवर के मोबाइल और नकदी लेकर फरार हो जाते थे। इनके नाम बाबू सिंह परदेवनपुर, राघवेन्द्र यादव गांधी ग्राम, आदित्य यादव रामादेवी व अभिषेक सैनी नर्वल हैं। ये लोग रात्रि ग्यारह बजे से सुबह चार बजे तक घटना को अंजाम देते थे। पुलिस को इन लोगों के पास से ग्यारह मोबाइल फोन व एक बाइक मिली है। कमिश्नरेट पुलिस ने बताया कि आज उ0नि0 पवन शर्मा मय हमराह फोर्स के क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग एवं हाइवे के किनारे ट्रक ड्राइवरों के साथ लूट पाट करने वाले व्यक्तियों की तलाश में कुलगांव अन्डर पास पर मामूर थे तभी मुखबिर ने उपस्थित आकर सूचना दी कि यहां सड़क/ हाइवे के किनारे ट्रक ड्राइवरों के साथ लूटपाट एवं मोबाइल चोरी करने वाले 4 लड़के चोरी किये गये मोबाइलो को बेचने की फिराक में ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं जो रामादेवी से महाराजपुर की तरफ आ रहे हैं। पुलिस ने तत्काल वहां पहुंच कर घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# मामी को साथ ले भागा भांजा, जेवरात और नगदी सहित बच्ची को साथ ले गई महिला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** लाड़ प्यार के साथ बचपन से ही अपने मामा के घर पर रह रहा भांजा अपनी मामी को ही प्यार के सब्जबाग दिखाकर अपने साथ ले भागा। रिश्तों को तार-तार कर भांजे के साथ जाने से पहले महिला ने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर पति समेत बाकी के परिजनों को गहरी नींद में सुला दिया और फिर घर में रखे सोने-चांदी के तमाम जेवर व नगदी समेट ले गई, साथ ही अपनी तीन साल की बेटी को भी साथ ले गई। पीड़ित पति ने पूरे मामले की शिकायत सीओ से करते हुए पत्नि की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। सर्किल कोंच के थाना एट क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित व्यक्ति ने क्षेत्राधिकारी कोंच परमेश्वर प्रसाद को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 17 अगस्त की देर रात उसकी पत्नि ने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर परिजनों सहित उसे गहरी नींद में सुला दिया और फिर घर में रखे लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर, 6 हजार रुपए नगदी लेकर ग्राम कैंथी निवासी युवक (भांजे) के साथ चली गई, इतना ही नहीं पत्नि अपने साथ तीन साल की मासूम बेटी को भी ले गई। सुबह जब वह गहरी नींद से जागा तब उसे घटना का पता चल सका जिसके बाद उसने उक्त युवक के पिता से इस बाबत कहा तो उसके पिता ने किसी प्रकार की कोई जानकारी होने से साफ मना कर दिया। बताया जा रहा है कि उक्त युवक बचपन से ही अपने मामा (शिकायतकर्ता) के घर पर रहता था। बीते माह पहले भी वह अपनी मामी को अपने साथ ले गया था लेकिन कुछ दिनों बाद उक्त महिला वापस घर लौट आई थी और फिर रिश्तेदारों की हुई पंचायत में महिला को घर में साथ रखने के लिए पति राजी हो गया था, और अब कुछ दिनों बाद ही एक बार फिर से उक्त युवक उसे अपने साथ ले भागा है। पूरे मामले में शिकायतकर्ता पति ने सीओ से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। सीओ ने जांच कर कार्यवाही किए जाने का भरोसा दिलाया है।

# डीएम ने छात्राओं को दिए सफलता के मंत्र, कहा- लक्ष्य तय कर पूरी लगन से जुटें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**टूंडला।** मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जनपद फिरोजाबाद में विद्यार्थियों को कैरियर और जीवन में सफलता के लिए मार्गदर्शन देने की अभिनव पहल शुरू की जा रही है। इसके तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय वन सेवा और राज्य सिविल सेवा के युवा अधिकारी राजकीय एवं सहायता प्राप्त इंटर कॉलेजों के विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें कैरियर संबंधी मार्गदर्शन देंगे। इसी क्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज टूंडला पहुंचकर छात्राओं से संवाद किया। कार्यक्रम में जिले के 85 इंटर कॉलेजों के छात्र-छात्राएं और शिक्षक वर्चुअल माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच कैरियर, लक्ष्य निर्धारण और भविष्य को लेकर उत्पन्न असमंजस को दूर करना रहा। जिलाधिकारी ने छात्राओं को प्रभावी पढ़ाई, समय प्रबंधन, सही प्रेरणास्रोत चुनने और निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने की रणनीति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए लक्ष्य तय करना और उसके लिए निरंतर मेहनत करना जरूरी है।

**SWOT मॉडल से समझाई सफलता की रणनीति**

जिलाधिकारी ने बोर्ड पर SWOT मॉडल के माध्यम से छात्राओं को अपनी ताकत और कमजोरियों को पहचानने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानकर उन्हें मजबूत करना चाहिए और कमजोरियों को दूर करने के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए। उन्होंने तार्किक सोच, विज्ञान की समझ और भावनात्मक संतुलन को सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताया। विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विषय तथा कैरियर चुनने की सलाह दी। कार्यक्रम में छात्राओं ने कैरियर, विषय चयन और भविष्य की योजनाओं से जुड़े सवाल पूछे। जिलाधिकारी ने उनके प्रश्नों का सरल और तार्किक तरीके से जवाब दिया।

**लक्ष्य तय कर मेहनत करने की दी सलाह**

एक छात्रा वंदना ने पूछा कि सिविल सेवा में जाने के लिए उसे क्या करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विषय का चुनाव करें और पूरी लगन एवं मेहनत से लक्ष्य की ओर बढ़ें। उन्होंने कहा कि सही दिशा में निरंतर प्रयास करने से सफलता अवश्य मिलती है। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से उनकी ताकत और कमजोरियों के बारे में भी पूछा। उन्होंने कहा कि अपनी ताकत को लगातार बढ़ाएं और कमजोरियों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें। जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी है।

**'फिरोजाबाद सुशासन' चैनल से मिलेगा मार्गदर्शन**

जिला प्रशासन की ओर से विद्यार्थियों और आमजन तक इस पहल की पहुंच बढ़ाने के लिए 'फिरोजाबाद सुशासन' नाम से यूट्यूब चैनल शुरू किया जा रहा है। इस माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों के मार्गदर्शन, सफलता के टिप्स और विशेषज्ञों के व्याख्यान उपलब्ध कराए जाएंगे। विद्यार्थी इन्हें किसी भी समय सुन सकेंगे। इससे ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी बेहतर मार्गदर्शन मिल सकेगा।

# बद्री प्रसाद कॉलेज में 'दीक्षारंभ-2026' कार्यक्रम हुआ संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** सेठ बद्री प्रसाद स्मृति महाविद्यालय में जीएनएम प्रथम वर्ष-2026 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए 'दीक्षारंभ-2026' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, नर्सिंग शिक्षा के दायित्वों तथा भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कोऑर्डिनेटर कन्हैया नीखर ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को नर्सिंग शिक्षा के महत्व, अनुशासन, सेवा भावना, नैतिक मूल्यों एवं अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नर्सिंग विभाग के समस्त स्टाफ सदस्यों ने भी छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया तथा उन्हें एक सफल एवं संवेदनशील नर्सिंग प्रोफेशनल बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य ब्रजेंद्र निरंजन, मनोज श्रीवास्तव, कदीम सिद्दीकी, जया सरोज, डॉ. आरडी, राम दिवाकर, मनोज पटेल, तैयबा सिद्दीकी, डॉ. सत्यप्रताप, ओवैश, धर्मेंद्र पटेल, राघवेंद्र पटेल, राधेश्याम पटेल, अनूप चौधरी सहित नर्सिंग स्टाफ के लोगों के अलावा जीएनएम प्रथम वर्ष 2026 के छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे।

### बाराबफ़ात जुलूस पर तैयारियों के लिए सौंपा ज्ञापन

**कोंच( जालौन )-** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आगामी 26 अगस्त दिन बुधवार को निकलने वाले जुलूस- ए- मोहम्मदी (बाराबफात) को लेकर तंजीम गुलामाने मुस्तफा सोसायटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जुलूस के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सोसायटी के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर विभिन्न व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग की है। सोसायटी की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि जुलूस के निर्धारित मार्ग पर कई स्थानों पर बिजली के तार नीचे की ओर झूल रहे हैं जिससे जुलूस के दौरान परेशानी के साथ दुर्घटना की आशंका है। सोसायटी के पदाधिकारियों ने संबंधित विभाग से इन तारों को व्यवस्थित कराने की मांग की है। इसके अलावा बाजार के इलाके में तमाम दुकानों के बाहर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाने, सड़क पर मौजूद गड्ढों को भरवाने, समूचे जुलूस मार्ग की साफ-सफाई कराने, पर्याप्त बिजली और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की भी मांग की गई। इस दौरान तंजीम के प्रबंधक हामिद हुसैन कादरी, जुलूस के सदर एवं सभासद शमशुद्दीन मंसूरी, हाजी सेठ नासिर, अशफाक गौरी, काजी फहीमउद्दीन, शकील अहमद, सैफुल्ला खां आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एएसपी भदोही की अध्यक्षता में थाना ज्ञानपुर में की गई समीक्षा गोष्ठी



**भदोही।** दिनांक 18.08.2026 को शुभम अग्रवाल, ए एसपी भदोही की अध्यक्षता में एवं चमन सिंह चावड़ा, क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर के उपस्थिति में, थाना ज्ञानपुर पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्य रूप से अभियोगों से सम्बन्धित लंबित विवेचनाओं,धारा 137 (2) बीएनएस के अंतर्गत लंबित मामलों, छिनैती/टप्पेबाजी व नकबजनी की घटनाओं के अनावरण तथा आईजीआरएस (IGRS) एवं लोक शिकायत से प्राप्त प्रार्थना पत्रों की गहन समीक्षा की गई। ए एसपी द्वारा सभी संबंधित निरी0/उपनिरीक्षक को लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा क्षेत्र में शांति व कानून- व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# डीएम ने मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग व लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने आज मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित कोचिंग एवं अभ्युदय लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक सुविधाओं, अध्ययन व्यवस्था एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कोचिंग में अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, कक्षाओं, अध्ययन सामग्री तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से अध्ययन करने, समय का सदुपयोग करने तथा अपने लक्ष्य के प्रति पूरी लगन एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, मार्गदर्शन एवं आवश्यक अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाए। विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान नियमित रूप से कराया जाए तथा उनकी प्रगति का मूल्यांकन भी किया जाए।

**प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क सुविधाएं**

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों को UPSC, UPPSC, JEE, NEET, NDA, CDS, SSC एवं बैंकिंग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के अंतर्गत अनुभवी विषय विशेषज्ञों एवं अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन, नियमित मॉक टेस्ट एवं मूल्यांकन, काउंसलिंग एवं व्यक्तित्व विकास सत्र तथा निःशुल्क अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था है।

**अभ्युदय लाइब्रेरी का भी लिया जायजा**

जिलाधिकारी ने अभ्युदय लाइब्रेरी का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध पुस्तकों, अध्ययन व्यवस्था एवं विद्यार्थियों के लिए निर्धारित समय-सारिणी की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को शांत, स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण में अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा लाइब्रेरी में उपयोगी एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आर्थिक रूप से कमजोर और प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए अपने सपनों को साकार करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाते हुए मेहनत करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से संवाद कर जानी व्यवस्थाएं, गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश**

### विद्यालय की सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश, प्रधानाचार्य से स्पष्टीकरण तलब

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने आज पीएम श्री विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज, ज्ञानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था अपेक्षित स्तर की न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रशासन को साफ-सफाई व्यवस्था तत्काल दुरुस्त कराने तथा परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय विद्यालय के प्रधानाचार्य के अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में अनुशासन, समयबद्धता एवं स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने विद्यालय में संचालित होने वाली मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के कोचिंग सेंटर एवं लाइब्रेरी के लिए उपयुक्त स्थान का स्थलीय निरीक्षण कर स्थान चिह्नित करने के निर्देश दिए। साथ ही, आवश्यक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा, ताकि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

### अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थानों के त्योहार रजिस्टरो का किया निरीक्षण



**भदोही।** दिनांक 18.08.2026 को शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस कार्यालय सरपतहां में जनपद के सभी थानों के त्योहारों के दौरान होने वाली घटनाओं और व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए बने त्योहार रजिस्टर की जांच की गई। समस्त थानों द्वारा अपना -अपना त्योहार रजिस्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर जांच कराया गया। इस रजिस्टर में आमतौर पर त्योहारों से संबंधित जानकारी जैसे भीड़भाड़ वाले स्थान, मेले, धार्मिक स्थल, और सुरक्षा व्यवस्था का विवरण होता है, ताकि त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। यह सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा इस त्योहार रजिस्टर की जांच करके यह सुनिश्चित किया गया कि त्योहार के दौरान सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं ठीक से लागू हैं या नहीं ताकि किसी भी समस्या की स्थिति में त्वरित कार्यवाही की जा सके। द्वारा चेकिंग के दौरान त्योहार रजिस्टर संबंधी कमियां को दुरुस्त करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# भारी बारिश से धसड़ा राजा में हाहाकार, गदहिया नदी उफनाई

## खेत-खलिहान और तालाब हुए एक समान



मार्केट-हाईवे जाने वाले सभी मार्ग बाधितमार्केट-हाईवे जाने वाले सभी मार्ग बाधित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, मिर्जापुर।** लगातार हो रही भारी बारिश ने लालगंज क्षेत्र के धसड़ा राजा गांव में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। गांव में चारों तरफ पानी भर जाने से ग्रामीणों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और कई लोग पानी के बीच बैठने को मजबूर हैं। बताया जा रहा है कि शिवाकांत तिवारी के घर में बारिश का पानी घुस गया, जिससे घर में रखा भूसा समेत अन्य सामान पानी की चपेट में आकर खराब हो गया और परिवार को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं ददरी केवटान गांव में स्थित गदहिया नदी भी भारी बारिश के चलते उफान पर है, जिससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हो गए हैं और ग्रामीणों का आवागमन बंद हो गया है। लगातार बारिश के कारण खेत, खलिहान और तालाब एक समान नजर आ रहे हैं तथा चारों तरफ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। जलभराव के चलते ग्रामीणों को मार्केट और हाईवे तक पहुंचने में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और कई प्रमुख संपर्क मार्ग पूरी तरह बाधित हो गए हैं। हालात को देखते हुए ग्रामीणों में चिंता का माहौल है और लोग बारिश कम होने तथा जलस्तर घटने का इंतजार कर रहे हैं।

# भारी बारिश में भरभरा कर गिरा मकान, परिवार बाल- बाल बचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, मिर्जापुर।** विकास खण्ड हलिया के ददरी पहरी निवासी कमलेश तिवारी के परिवार पर भारी बारिश ने कहर बरपाया है। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते मंगलवार की रात करीब दो बजे के बाद अचानक उनका मकान भरभरा कर गिर गया। जिस समय मकान गिरा, उस दौरान परिवार के कुछ सदस्य घर के अंदर सो रहे थे। अचानक मकान गिरने की आवाज और अफरा-तफरी से परिवार में दहशत का माहौल बन गया। गनीमत रही कि हादसे में परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बच गए और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मकान गिरने के बाद परिवार ने तत्काल गांव के लोगों से मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और एकजुट होकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद घर के अंदर रखा सामान सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि मकान गिरने से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है और घर में रखा कई जरूरी सामान मलबे में दबने तथा बारिश के पानी की वजह से खराब हो गया। हादसे के बाद पीड़ित परिवार के सामने रहने और अपने जरूरी सामान को सुरक्षित रखने की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही भारी बारिश के कारण क्षेत्र में कई कच्चे और कमजोर मकानों पर खतरा मंडरा रहा है। कमलेश तिवारी के मकान के गिरने की घटना ने भी ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार की स्थिति का तत्काल जायजा लिया जाए और नियमानुसार आर्थिक सहायता तथा आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए, ताकि परिवार को इस मुश्किल घड़ी में सहारा मिल सके।

पीड़ित कमलेश तिवारी और उनके परिवार ने सरकार तथा प्रशासन से सहयोग की अपील की है। परिवार का कहना है कि बारिश ने उनके आशियाने और घरेलू सामान को भारी नुकसान पहुंचाया है। ऐसे समय में यदि सरकार की ओर से आर्थिक सहायता और जरूरी राहत उपलब्ध कराई जाती है तो परिवार को दोबारा अपने जीवन को व्यवस्थित करने में बड़ी मदद मिलेगी। ग्रामीणों ने भी उम्मीद जताई है कि प्रशासन पीड़ित परिवार की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द सहायता उपलब्ध कराएगा और परिवार को यह भरोसा मिलेगा कि संकट की इस घड़ी में सरकार और प्रशासन उनके साथ खड़ा है।

# गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जनपद भदोही में गंगा नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि के दृष्टिगत जिलाधिकारी भदोही की अध्यक्षता में जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा गंगा नदी के जलस्तर, बाढ़ चौकियों, संवेदनशील ग्रामों एवं कटान प्रभावित क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जा रही है।

**जनपद में गंगा नदी का जलस्तर**

- चेतावनी बिंदुः 80.20 मीटर
- खतरे का बिंदुः 81.20 मीटर
- 18.08.2026 का जलस्तरः 74.65 मीटर

वर्तमान जलस्तर चेतावनी बिंदु से नीचे है, लेकिन जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सतर्कता बरतते हुए सभी आवश्यक तैयारियां एवं निगरानी व्यवस्था सक्रिय रखी गई है। **22 बाढ़ चौकियां स्थापित, नोडल अधिकारी/कर्मचारी तैनात** बाढ़ की संभावित स्थिति के दृष्टिगत जनपद में कुल 22 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। सभी बाढ़ चौकियों पर नोडल अधिकारियों/कर्मचारी को नामित करते हुए उनकी ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में गंगा नदी के जलस्तर, बाढ़ की स्थिति, कटान एवं अन्य संभावित जोखिमों की निरंतर निगरानी कर रहे हैं।

**24×7 क्रियाशील बाढ़ नियंत्रण कक्ष** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ प्रभारी अधिकारी (आपदा), भदोही की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 24म7 क्रियाशील है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के नोडल अधिकारी के रूप में उप जिलाधिकारी (न्यायिक), ज्ञानपुर को नामित किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 05414-250223/250308 व हेल्पलाइन नंबर 1077 पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त सूचनाओं का तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों एवं अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

**संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी** जिलाधिकारी भदोही की अध्यक्षता में जिला प्रशासन बाढ़ की संभावित स्थिति को लेकर पूरी तरह मुस्तैद एवं सतर्क है। बाढ़ चौकियों के साथ-साथ गंगा नदी से लगे ग्रामों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं कटान प्रभावित स्थानों की लगातार निगरानी की जा रही है। किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों एवं विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

**स्वास्थ्य एवं पशुपालन विभाग की टीमें सक्रिय** बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य, पशुपालन, राजस्व एवं सिंचाई विभाग की टीमें निरंतर क्षेत्र में सक्रिय हैं। स्वास्थ्य एवं पशुपालन विभाग द्वारा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं एवं पशुओं के टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। राजस्व एवं सिंचाई विभाग द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों, जलस्तर एवं कटान की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**आमजनमानस से अपील** जिला प्रशासन द्वारा जनपदवासियों से अपील की जाती है कि गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नदी एवं कटान प्रभावित क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से न जाएं तथा बच्चों एवं पशुओं को नदी के किनारे न जाने दें। प्रशासन द्वारा जारी सूचनाओं एवं निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल संबंधित बाढ़ चौकी अथवा प्रशासनिक अधिकारियों को दें। जिलाधिकारी भदोही के निर्देशन एवं अध्यक्षता में जिला प्रशासन गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर की स्थिति पर सतत् निगरानी रखते हुए बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। जनपद में राहत एवं बचाव कार्यो से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सक्रिय रखी गई हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

### पीआरडी जवानों का ड्यूटी भत्ता बढ़ा, अब मिलेंगे 600 रुपये प्रतिदिन

**भदोही।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गोरखपुर में आयोजित पीआरडी जवानों के सम्मेलन का सजीव प्रसारण मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पीआरडी स्वयंसेवकों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इनमें ड्यूटी भत्ते में वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा सुविधा और मल्टीस्टोरी बैरक का निर्माण शामिल है। मुख्यमंत्री ने पीआरडी जवानों का ड्यूटी भत्ता 500 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये प्रतिदिन करने की घोषणा की। इससे प्रदेश के 31 हजार से अधिक पीआरडी स्वयंसेवक लाभान्वित होंगे। इसके अलावा पीआरडी जवानों और उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में पांच करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित ग्राम परवर पश्चिम में 22.95 करोड़ रुपये की लागत से मल्टीस्टोरी बैरक का निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक औराई दीनानाथ भास्कर और जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने घोषणाओं का स्वागत किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पीआरडी जवान प्रशासन और पुलिस व्यवस्था के महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आपदा समेत विभिन्न कार्यों में उनकी भूमिका सराहनीय है।

# नदी के उफान से ददरी केवटान गांव में मचा हाहाकार, पुल के ऊपर से बह रहा पानी

## चारों तरफ जलमग्न हुआ इलाका; ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह ठप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, मिर्जापुर।** लगातार हो रही भारी बारिश के कारण लालगंज क्षेत्र के ददरी केवटान गांव में गदहिया नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से हालात बेहद गंभीर हो गए हैं। गदहिया नदी पर बने पुल के ऊपर से पानी तेज रफ्तार से बह रहा है, जिसके चलते ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। पुल के ऊपर पानी का तेज बहाव होने के कारण लोगों के लिए रास्ता पार करना खतरे से खाली नहीं है। गांव से बाहर आने-जाने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और कई मार्गों पर आवागमन लगभग बंद हो गया है। बारिश का पानी गांव की सड़कों और आसपास के निचले इलाकों में काफी दूर तक फैल गया है। सड़कें पानी में डूब जाने से रास्तों की स्थिति नदी-नालों जैसी दिखाई दे रही है। खेत, खलिहान, तालाब, सड़क और आसपास के खाली स्थान सभी पानी से लबालब भर गए हैं। दूर-दूर तक पानी ही पानी नजर आने से ग्रामीणों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। कई स्थानों पर पानी का बहाव इतना तेज है कि ग्रामीणों को अपने घरों से बाहर निकलने में भी परेशानी हो रही है।

गांव के कई घरों के दरवाजों के सामने तक पानी पहुंच गया है, जिससे ग्रामीणों में चिंता और भय का माहौल बना हुआ है। निचले हिस्सों में रहने वाले परिवार लगातार बढ़ते जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि बारिश का सिलसिला इसी तरह जारी रहा और गदहिया नदी का जलस्तर और बढ़ा तो पानी घरों के अंदर तक पहुंच सकता है। खेतों में पानी भर जाने से फसलों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। ददरी केवटान गांव की स्थिति देखकर साफ तौर पर अंदाजा लगाया जा सकता है कि लगातार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। गांव के संपर्क मार्गों पर पानी भरने से लोगों का दैनिक आवागमन प्रभावित है। जरूरी काम से बाहर निकलने वाले ग्रामीणों को रास्ते में भरे पानी और तेज बहाव के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गदहिया नदी का पानी बढ़ने के साथ ही गांव के आसपास जलभराव की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। कई स्थानों पर सड़क और नदी के पानी में अंतर करना मुश्किल हो गया है। चारों तरफ जलमग्न स्थिति होने के कारण ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर आने-जाने में भी परेशानी हो रही है। ग्रामीण प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि जलभराव वाले क्षेत्रों का तत्काल निरीक्षण कर राहत एवं बचाव की व्यवस्था की जाए तथा प्रभावित रास्तों पर सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं।

# स्वतंत्रता दिवस प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बांटे प्रमाणपत्र



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** विंध्य भारती कंप्यूटर इंस्टिट्यूट अंतर्गत द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झण्डारोहण,राष्ट्रगान,वंदे मातरम का आयोजन हर्ष एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय आजीविका मिशन और चैंबर ऑफ़ कॉमर्स नई दिल्ली के सौजन्य से वाराणसी में चल रहे हैं महिला विकास कार्यक्रम की सेंटर हेड संजू और रवि शंकर की उपस्थिति में बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इसके पश्चात बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसमें विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2026 को हुए पोस्टर प्रतियोगिता में पहला आंचल, स्थान अंजलि एवं तीसरा स्थान खुशी सिंह ने प्राप्त किया। विंध्य भारती कंप्यूटर इंस्टीट्यूट द्वारा ADCA पूर्ण कर चुके रुचि, सुमित, रोशन, शुभम, अवनीश, खुशी, अंजलि, हरिओम उपमा, ज्योति को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।सॉफ्ट स्किल इन सर्विस सेक्टर के राधिका प्रजापति,शुभम कुशवाहा, खुशी सिंह को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभाशाली कलाकारों का भी सम्मान किया गया। इसमें मुख्य रूप से शिवांगी, अंशिका, रिद्धिमा, नेहा, राधिका, तृसी, नीरज, आंचल गुप्ता, खुशी यादव, अवनीश चौहान, नीरज, कंचन, ऋषभ को बैज एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विंध्य भारती कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के निदेशक अवनीश कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि हमे अनेक कुर्बानियों के बाद आजादी मिली है इसे सजग होकर संजोकर रखने की जरूरत है। उन्होंने अभी उपस्थित जनो का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अंजनी ने किया।

### जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर डीएम सख्त, अधिकारियों को नोटिस

**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जनसुनवाई से संबंधित बैठक हुई। इसमें शासन, आयोग, आईजीआरएस, जनशिकायत, संपूर्ण समाधान दिवस, न्यायालय में लंबित वाद, असंतुष्ट एवं रिपीटेड शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई। डीएम ने रिपीटेड और असंतुष्ट शिकायतों को प्राथमिकता से लेकर वास्तविक और गुणवत्तापूर्ण समाधान कराने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ताओं से संपर्क नहीं करने और प्रकरण लंबित रखने पर अधिशासी अभियंता जल निगम, जिला समाज कल्याण अधिकारी, एडीओ पंचायत औराई, अभोली व ज्ञानपुर, अधिशासी अभियंता यांत्रिक जिला पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा बीडीओ डीघ और अभोली को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में एसएचओ सुरियावां के अनुपस्थित रहने का मामला भी सामने आया। डीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए वेतन रोकने की कार्रवाई के निर्देश दिए।

# बरबसा गहरवार में जलभराव से जनजीवन बेहाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ड्रमंडगंज।** क्षेत्र के बरबसा गहरवार गांव के बनियान बस्ती में भारी बारिश के चलते सड़क पर जलभराव होने से ग्रामीणों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। सड़क पर काफी मात्रा में पानी जमा होने के साथ ही प्राथमिक विद्यालय के परिसर में भी पानी भर गया, जिससे बच्चों और शिक्षकों के लिए विद्यालय पहुंचना मुश्किल हो गया। संयोग अच्छा रहा कि शासन की ओर से विद्यालयों में छुट्टी का आदेश जारी हो गया, अन्यथा जलभराव के बीच बच्चों का विद्यालय तक पहुंचना बेहद कठिन हो जाता।

वहीं सड़क के किनारे बने कई कच्चे मकानों में भी बरसात का पानी घुस गया, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घरों में घुसे पानी को लोग बाल्टी आदि के सहारे बाहर निकालते नजर आए। लगातार बारिश के कारण ग्रामीणों के सामने घर और सामान सुरक्षित रखने की चुनौती बनी हुई है। इसी क्रम में बरबसा गहरवार के बारीपुर स्थित चामर बस्ती में भी भारी जलभराव से स्थिति गंभीर हो गई। बस्ती के तमाम कच्चे घरों में पानी भर गया, जिसे ग्रामीणों ने किसी तरह बाहर निकाला। श्याम मिलन दुबे के घर से लेकर शिया राम विश्वकर्मा के घर तक सड़क पर पानी का व्यापक जलभराव देखने को मिला।

ग्रामीणों को इसी पानी के बीच से होकर आवागमन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि जलनिकासी के लिए पहले नाली बनी हुई थी, लेकिन बाद में उसे पाट दिया गया, जिसके कारण बारिश का पानी निकल नहीं पा रहा है और आसपास के घरों में घुस रहा है। ग्रामीणों ने जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराने तथा पाटी गई नाली को दोबारा खुलवाने की मांग की है, ताकि बारिश के दौरान बस्ती में जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिल सके। लगातार बारिश के बीच ग्रामीणों में जलभराव को लेकर चिंता बनी हुई है।

**स्कूल परिसर में घुसा पानी; कच्चे मकानों में भी पहुंचा बरसात का पानी**

# नौका के समान है राम कथा- विश्वकान्ताचार्य



**सीखड़,** प्राचीन हनुमान मंदिर विठ्ठलपुर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय राम कथा सोमवार को अपनी पूर्णता को प्राप्त हुई। सावन की फुहार के साथ बही कथा सरिता में श्रोताओ ने खूब डुबकियाँ लगाई। बृन्दावन से पधारे कथा वाचक पं विश्वकान्ताचार्य ने कहा कि राम कथा नौका के समान होती है जिस पर सवार होकर प्राणी जीवन रूपी भव सागर को पार कर लेता है। 'पुरूषार्थ चतुस्टय' प्राप्त करने के लिए ही गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना की। कहा कि राम कथा जीवन में विश्राम प्रदान करने वाली है तथा संकल्प को पूर्ण करने वाली है। वाद्य यंत्र से अवनीश मिश्रा, रामानंद पांडेय, मुन्ना मिश्रा ने संगत दी।विधायक अनुराग सिंह ने माल्यार्पण कर व्यासपीठ का सम्मान किया।किया इस दौरान पुजारी कपिल देव पांडेय,लाल पांडेय, पंडित चंद्रमौली व्यास, पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडेय, रूपेश पांडेय एडोवोकेट, एसडीओ अनिल कुमार शुक्ला, जेई विकास दुबे अभिषेक आनन्द, मण्डल उपाध्यक्ष शिव प्रसाद द्विवेदी, जिला कार्य कारिणी सदस्य विजय नारायण सिंह, दिनेश मिश्रा, पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष नीरज कुमार पांडेय, सच्चिदानंद मिश्रा, यजमान प्रत्युष त्रिपाठी, जनार्दन मिश्रा, कामेश्वर (गोली) बोस, सूरज मौर्य कमलेश सिंह, रामबालक त्रिपाठी, प्रदीप चौबे, प्रधान धनंजय मिश्रा, प्रधान मनोज कुमार त्रिपाठी, गोपीनाथ मिश्रा हिन्दुस्तान संवाददाता, नीरज कुमार पांडेय, सुरेन्द्र मौर्या, गुड्डू तिवारी, अंकित दुबे, टीक्कू सिंह कोटेदार, प्रियांशु मौर्या, कृषन मिश्रा शिवम् सिंह, गोलू पांडेय सहित सैकड़ों भक्त जन उपस्थित होकर कथा श्रवण कर कार्यक्रम में तन मन धन से सहयोग किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सुगही में आधा दर्जन हुआ विद्युत विच्छेदन

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुगही में मंगलवार को विद्युत विभाग की टीम विद्युत बकायेदारों की सूची लेकर मौके पर पहुंची । इस अभियान में विद्युत विभाग ने बड़े बकायेदारों से संपर्क करके विद्युत बिल की वसूली हुई और बकाया बिल जमा न करने पर विद्युत विच्छेदन भी किया गया। अवर अभियंता कायम सिंह ने बताया की आधा दर्जन से अधिक लोगों के विद्युत विच्छेदन और आधा दर्जन से अधिक लोगो से विद्युत बिल की वसूली हुई है।

### मुख्यमंत्री के वर्चुअल सम्मेलन कार्यक्रम का अफीम कोठी में देखा गया सजीव प्रसारण



**प्रतापगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मंगलवार को गोरखपुर के बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह रामगढ़ताल से पीआरडी जवानों के वर्चुअल सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के पीआरडी जवानों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने पीआरडी जवानों के लिए बहुमंजिला बैरक का शिलान्यास, मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेश चिकित्सा योजना की शुरुआत तथा जवानों के ड्यूटी भत्ते को 500 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का वर्चुअल लाइव प्रसारण क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी प्रतापगढ़ में किया गया। कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी सुमित सिंह पाल ने की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की घोषणाओं से पीआरडी जवानों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी देशदीपक जोशी, अभिनव शुक्ल, विजेता तिवारी व अविनाश कुमार मल्ल तथा सहित राधेश्याम तिवारी, अशोक प्रजापति एवं रमाशंकर वर्मा उपस्थित रहे। जनपद के विभिन्न विकास खंडों से लगभग 250 पीआरडी जवानों ने वर्चुअल सम्मेलन में प्रतिभाग किया।

### पाकिस्तान में फंसा अलीगढ़ का बादल बाबू, रिहाई अटका रहा 5000 का जुर्माना

**अलीगढ़।** फेसबुक पर हुए प्यार को पाने दो वर्ष पहले बिना बीजा पासपोर्ट पाकिस्तान गए बादल बाबू की सजा पूरी हो चुकी है, लेकिन पांच हजार रुपये का जुर्माना उनकी रिहाई की राह में आड़े आ रहा है। आठ माह से लाहौर के डिटेंशन सेंटर में बंद बादल अब घर लौटने की राह देख रहा है। उसकी तबीयत खराब बताई जा रही है। इधर, बेटे की आवाज सुनने और उसे सामने देखने को पिता कृपाल सिंह बैचेन हैं। वह सोमवार को डीएम से फिर मदद की गुहार लगाएंगे। मदद के लिए हाथरस के सांसद अनूप प्रधान ने विदेश मंत्रालय को पत्र लिखा है। परिवार को उम्मीद है कि प्रशासन और सरकार के स्तर पर पहल होने के बाद सरहद के उस पार फंसे बादल की घर वापसी का रास्ता खुलेगा। बरला क्षेत्र के गांव नगला खिटकारी निवासी बादल बाबू पहले दिल्ली की एक एक्सपोर्ट कंपनी में सिलाई का काम करते थे। वर्ष 2022 में फेसबुक के जरिए पाकिस्तान के बहाउद्दीन मंडी के माउंग गांव की सना से उनकी दोस्ती हुई। बातचीत बढ़ी तो दोस्ती प्यार में बदल गई। बादल सना से मिलने पाकिस्तान पहुंच गए। कई दिनों तक वह सना के घर रहा।

# खेल मैदान के जमीन पर बना अवैध मदरसा पर चला प्रशासन बुलडोजर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बांसी (सिद्धार्थनगर)।** पथरा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा रामलाल में खेल मैदान की जमीन पर संचालित हो रहे अवैध मदरसा के खिलाफ मंगलवार भोर में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। डुमरियागंज तहसील व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में छह बुलडोजरों से मदरसा अरबिया जियाउन उलूम को करीब चार घंटे में ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई सुबह पांच बजे शुरू हुई और नौ बजे तक चली। सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

बताया जाता है कि पथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरा रामलाल के गाटा संख्या 1028 में मदरसा संचालित था, जिसका कुछ हिस्सा मस्जिद के रूप में भी इस्तेमाल हो रहा था। मस्जिद का शेष हिस्सा निजी भूमि पर स्थित होने के कारण कार्रवाई से बाहर रखा गया मामला वर्ष





2023 में दर्ज सरकार बनाम मदरसा प्रबंधक अब्दुल सलाम से संबंधित है। तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किए जाने के बाद मदरसा पक्ष ने जिलाधिकारी के समक्ष अपील की थी। जिलाधिकारी द्वारा अपील खारिज किए जाने के बाद प्रशासन ने आदेश के अनुपालन में मंगलवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। मदरसा पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया कि बिना उनकी बात सुने व नोटिस दिए बिना कार्रवाई की गई, जिससे वह आहत हैं। वहीं, प्रशासन का कहना है कि कार्रवाई पूर्व में पारित आदेश के अनुपालन में की गई है। उपजिलाधिकारी डुमरियागंज विवेकानंद मिश्र ने बताया कि अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की बैठक में सांसद प्रमोद तिवारी हुए शामिल




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** संगठन सृजन अभियान की कड़ी में लालगंज ब्लाक की बैठक में राज्यसभा में उप नेता प्रतिपक्ष सांसद प्रमोद तिवारी एवं सीएलपी लीडर एवं रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्र मोना भी मौजूद रही द्यसंगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और आगामी चुनावों को लेकर संगठनात्मक तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर एआईसीसी ऑब्जर्वर प्रमोद सहवाग, पी सीसी कोऑर्डिनेटर हरिकेश त्रिपाठी, पी. सीसी कोऑर्डिनेटर प्रमोद मिश्र, जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी एडवोकेट, लालगंज के मंडल अध्यक्ष व लालगंज ब्लाक प्रमुख इंजीनियर अमित प्रताप सिंह सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता,ब्लॉक कमेटी, मण्डल कमेटी, न्यायपंचायत कमेटी,बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

पदाधिकारियों ने एकजुट होकर संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर मुख्य रूप से पीसीसी सदस्य भगौती प्रसाद तिवारी, पीसीसी सदस्य राम यज्ञ चौरसिया, रामशिरोमणि वर्मा, मासूम हैदर, संदीप त्रिपाठी, डॉ. अजय सिंह, पीसीसी सदस्य संतोष शर्मा, उडेश्वर नाथ धाम मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार पांडेय, करनपुर खुझी मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार प्रजापति, मोहम्मद शमीम खान सर खेलपुर प्रधान न्याय पंचायत अध्यक्ष करनपुर खुझी, रामसागर पांडेय, पूरे बेदुआ मंडल अध्यक्ष दिलीप मिश्रा, कौशल दूबे, दरगाही राम भारती, डॉ. मुरली हरिजन, बृजेश यादव, राधेश्याम, दयाराम गिरी, लालमणि दूबे, डॉ राजमणि वर्मा, श्रीकांत शुक्ल, रामबली गौतम, यूसुफ खान, रमेश बरनवाल,राम यज्ञ चौरसिया सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### उन्नाव में अवैध प्लाटिंग पर विकास प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई

**उन्नाव।** उन्नाव- शुक्लागंज विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए की जा रही अवैध प्लाटिंग और अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की गई। प्राधिकरण के सचिव एवं नगर मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने जेसीबी से अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया। कार्रवाई जोन-3 क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के पास श्री मन्नू यादव द्वारा करीब 3 बीघे में की जा रही अवैध प्लाटिंग तथा कांशीराम कॉलोनी रोड स्थित प्राइम रेजीडेंसी के पास करीब 6 बीघे में की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ की गई। सचिव मनोज कुमार सिंह ने स्पष्ट कहा कि उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध निर्माण अथवा प्लाटिंग करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध प्लाटिंग और अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त लोगों और माफियाओं को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान अधिशासी अभियंता हरदयाल अहिरवार, अवर अभियंता कमल दीप, संतोष कुमार कुशवाहा सहित विकास प्राधिकरण का प्रवर्तन स्टाफ मौजूद रहा।

## राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ के पुरातन छात्रों का 'अभिन्न मित्र मिलन' बना यादगार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ के पुरातन छात्रों के तत्वावधान में विगत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय होटल में 'अभिन्न मित्र मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आत्मीयता, उत्साह और अपनत्व से सराबोर इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे पूर्व छात्रों ने वर्षों पुरानी यादों को साझा किया और मित्रता के सुनहरे पलों को फिर से जीवंत किया।कार्यक्रम का संचालन महेंद्र पांडेय ने किया। उन्होंने दूर- दराज से आए सभी मित्रों का स्वागत करते हुए उनका परिचय कराया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों ने एक-दूसरे से गर्मजोशी से मुलाकात की और छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा किया। मिलन समारोह में उत्तराखंड से संजय मिश्रा, नोएडा से उमेश श्रीवास्तव, प्रयागराज से श्रीप्रकाश, लखनऊ से मनोज सिंह, संतोष श्रीवास्तव, महेंद्र पांडेय, रामकृष्ण श्रीवास्तव व आशीष श्रीवास्तव, कानपुर से गुरुदीप सिंह,



राजस्थान से तीर्थराज त्रिपाठी तथा सुल्तानपुर से फहीम सहित अनेक पूर्व छात्रों ने सहभागिता की। प्रतापगढ़ के मेजबान मित्रों में प्रवीण खंडेलवाल, श्याम शंकर, ध्रुव जायसवाल, अनिल दुबे, संदीप खरे, बालकृष्ण गुप्ता, भूपेश श्रीवास्तव, रविशंकर सिंह, अनिल श्रीवास्तव, अनूप सिंह, राकेश दुबे, बालेंद्र सिंह, आशुतोष मालवीय, अजय आनंद किशोर, अंकुल श्याम ओझा, संजय तिवारी, जलज त्रिपाठी, मनीष सिंह, योगेश त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी, संजीव भाटिया, प्रकाश श्रीवास्तव, काशी मिश्रा,

**देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे पूर्व छात्र, पुरानी यादें ताजा कर फिर जी उठे बचपन के दिन**

विनोद पांडेय, अर्धेन्दु शेखर, अरशद खान, अमित अग्रवाल, इफ्तिखार, मनोज पाठक, अमित श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह, सुशील श्रीवास्तव, इफ्तिखार अहमद, घनश्याम सिंह, श्याम जायसवाल, संतोष त्रिपाठी, दीपक खंडेलवाल तथा लोकमित्र के संपादक संतोष भगवन सहित बड़ी संख्या में पुरातन छात्र मौजूद रहे।

# बॉक्सिंग प्रतियोगिता: सनबीम वाराणसी ओवरऑल चैंपियन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**प्रतापगढ़।** न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सीबीएसई पूर्वी क्षेत्र बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2026 का समापन सोमवार को हुआ। वाराणसी के सनबीम स्कूल की छात्राओं ने सबसे ज्यादा पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा किया। 28-30 किग्रा में अंकिता कुमारी आरपी मेमोरियल वैशाली, 30-32 किग्रा में तान्या कुमारी आरपी मेमोरियल, 32-34 किग्रा में सिंकी कुमारी बीएसकेडी गढ़वा और 34-36 किग्रा में आरोही जायसवाल सनराइज वाराणसी विजेता रहीं। 36-38 किग्रा में अनन्या यादव और 38-40 किग्रा में बानी वर्मा दोनों पुलिस मॉडर्न इटावा से स्वर्ण जीता। 40-42 किग्रा फयेका तहजीब बीपीडीएवी गढ़वा, 42-44 किग्रा इशिका कुमारी जीन पॉल्स आरा, 44-46 किग्रा स्नेहा सैनी सेंट जेवियर्स गाजीपुर, 46-48 किग्रा खुशी कुमारी डीवाई पाटिल धनबाद और 48-50 किग्रा में आरोही थापा सनराइज वाराणसी ने बाजी मारी।42 किग्रा से कम में अनुप्रिया यादव पीटी रामचन्द्र प्रयागराज, 42-44 किग्रा में उम्रा खान खेलगांव प्रयागराज और 44-46 किग्रा में आयशा खान सेंट जेवियर्स गाजीपुर विजेता बनीं। 46-48 किग्रा में महिका जीडी गोयनका दरभंगा, 48-50 किग्रा में खुशी कुमारी नारायण वर्ल्ड रोहतास, 50-52 किग्रा में श्रियांशी शर्मा एनपीएस गुरुकुलम गढ़वा और 52-54 किग्रा में अमिषा उजाला आरके सीएम गढ़वा ने स्वर्ण जीता।

54-57 किग्रा अंजलि यादव शाह फैज गाजीपुर, 57-60 किग्रा कृति सिंह डीवाई पाटिल धनबाद, 60-63 किग्रा आद्या बाजपेई रेड रोज लखनऊ, 63-66 किग्रा एंजल यादव सनबीम वाराणसी, 66-70 किग्रा परुल तिवारी जीजीएस रांची, 70-75 किग्रा मानवी सिंह राजर्षि अमेठी, 75-80 किग्रा पारी ग्वाल सनबीम वाराणसी और 80+ किग्रा में मैत्री सीएमकेपी यूपी सैनिक स्कूल लखनऊ स्वर्ण पदक विजेता रहीं। 45 किग्रा से कम में सान्वी कुमारी जीजीएस रांची, 45-48 किग्रा में वैष्णवी यादव हैप्पी मॉडल वाराणसी, 48-51 किग्रा में अर्पिता कुमारी और 51-54 किग्रा में नैवेद्या आनंद दोनों शाह फैज गाजीपुर से विजेता रहीं। 54-57 किग्रा दीक्षा पाल पीटी रामचन्द्र प्रयागराज, 57-60 किग्रा आराध्या सिंह पीटी रामचन्द्र प्रयागराज, 60-64 किग्रा जान्हवी मिश्रा सनबीम वाराणसी और 66-69 किग्रा में संस्कृति द्विवेदी खेलगांव प्रयागराज ने स्वर्ण जीता। 69-75 किग्रा सृजन श्रेय सिंह, 75-81 किग्रा शीतल गुप्ता और 81+ किग्रा में गीत रंजन सिंह तीनों सनबीम वाराणसी की खिलाड़ियों ने स्वर्ण पर कब्जा जमाया। टीम चैंपियनशिप में सनबीम स्कूल वरना वाराणसी 52 पॉइंट्स के साथ प्रथम, शाह फैज पब्लिक स्कूल गाजीपुर 27 पॉइंट्स के साथ द्वितीय और बीएसकेडी स्कूल नवादा बिहार 23 पॉइंट्स के साथ तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ बॉक्सर का खिताब जीडी गोयनका दरभंगा की माहिका आर्या को दिया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि दयाराम मौर्य और विशिष्ट अतिथि रोशन लाल उमरवैश्य रहे। इस अवसर पर डीपी सिंह, आनंद मोहन ओझा, मोहम्मद अनीस, सुनील सिंह, पूर्णिमा त्रिपाठी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### दिव्यांगजनों की तिरंगा यात्रा को मुख्य अतिथि दीपक मौर्या ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सिद्धार्थनगर।** पेट्रोल पंप तिराहा सिद्धार्थनगर में दिव्यांग सेवा संस्थान ट्रस्ट, सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने दिव्यांगजनों की यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दीपक मौर्य ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता, देशभक्ति एवं सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। तिरंगा यात्रा में दिव्यांगजनों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता करते हुए हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के उद्घोष से वातावरण देशभक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी रमेश मणि त्रिपाठी, पंकज जायसवाल, जिला कार्यालय मंत्री अनुराग श्रीवास्तव सहित दिव्यांग सेवा संस्थान ट्रस्ट के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# बांसी में फायर स्टेशन और औद्योगिक क्षेत्र की मांग तेज

## व्यापार संगठन ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बांसी नगर की व्यापारिक और औद्योगिक संभावनाओं को मजबूत करने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने नगर में फायर स्टेशन की स्थापना के साथ ही बांसी को नवीन औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किए जाने की मांग उठाई। व्यापारियों ने कहा कि बांसी घनी आबादी वाला प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है। आगजनी जैसी आपात स्थिति में दूर स्थित दमकल केंद्र से वाहनों के पहुंचने में लगने वाला समय भारी पड़ सकता है। हाल में सामने आई आग की घटनाओं को देखते हुए संगठन ने नगर में शीघ्र भूमि चिह्नित कर आधुनिक संसाधनों से लैस फायर स्टेशन स्थापित करने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने बांसी को नवीन औद्योगिक क्षेत्र घोषित करने की मांग भी प्रमुखता से रखी। पदाधिकारियों के अनुसार रेलवे विस्तार, स्वीकृत माल गोदाम और शामली एक्सप्रेस से जुड़ी परिवहन सुविधाओं के कारण क्षेत्र में उद्योगों के विकास की पर्याप्त संभावनाएं हैं। औद्योगिक सर्वेक्षण के लिए जिले में पहुंची टीम से बांसी और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर औद्योगिक क्षेत्र के लिए प्रस्ताव तैयार करने का आग्रह किया गया। संगठन का कहना है कि बांसी में औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने से स्थानीय स्तर पर नए उद्योग स्थापित होंगे, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय कसौधन, महामंत्री भीमचंद कसौधन, बांसी अध्यक्ष मंगल चौरसिया, सरदार स्वर्ण सिंह, नरेश चंदवानी और आकाश मिश्रा सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# वैश्य समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** पट्टी नगर स्थित उमंग होटल में भारतीय वैश्य महासभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वैश्य समाज के सैकड़ों लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में भारतीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि अग्रवाल, राष्ट्रीय महासचिव दयाशंकर गुप्ता उर्फ डीएस, प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता तथा लखनऊ प्रभारी वैभव केला प्रमुख रूप से मौजूद रहे।बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने से ही संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि समाज की एकता, सहयोग और आपसी समन्वय को मजबूत करने की दिशा में सभी को मिलकर काम करना चाहिए।

वक्ताओं ने संगठन के विस्तार और समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती और समाज के हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान मंच से डॉ. अखिलेश जायसवाल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जुग्गीलाल जायसवाल, अध्यापक अजय जायसवाल और प्रमोद जायसवाल ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने समाज की एकजुटता, आपसी सहयोग और सामाजिक हितों के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। बैठक में समाज को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने तथा संगठन की गतिविधियों को गांव-गांव और नगर-नगर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में राजेश उमरवैश्य उर्फ ननके, पन्नालाल जायसवाल, रविंद्र जायसवाल, पत्रकार रोहित जायसवाल, ओम प्रकाश जायसवाल, रामू जायसवाल, सुभाष जायसवाल, संजीव जायसवाल और राकेश जायसवाल समेत अन्य सम्मानित लोग मौजूद रहे।बैठक में समाज को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने तथा संगठन की गतिविधियों को गांव-गांव और नगर-नगर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

## समरसता व एकता के संदेश के साथ निकली संत रविदास कलश वंदन रथ यात्रा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** समरसता व एकता के संदेश के साथ निकली संत रविदास जी की कलश वंदन रथ यात्रा इटवा विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के समरसता एवं सामाजिक एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से समरसता व एकता कलश वंदन रथ यात्रा का आयोजन किया गया। रथ यात्रा के संयोजक रामनरेश पासवान जिला महामंत्री भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा इटवा मंडल के विभिन्न ग्रामों में पहुंची रथ यात्रा का ग्रामीणों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया। रथ यात्रा बरगदवा, अमौनाक्ष, कमदालालपुर, पकड़ी पठान, मूसा, भदोखर, पेडरी परसोहन पहुंची।

इस दौरान ग्रामीणों ने संत रविदास जी महाराज के चित्र एवं कलश का विधिवत पूजन किया। उपस्थित लोगों ने संत रविदास जी के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में आपसी भाईचारा, समानता, सामाजिक समरसता और एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष विकास जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा मिश्रा, मंडल अध्यक्ष कन्हैया लाल विश्वकर्मा, सभासद राम अनुज स्वामी नाथ मौर्या, राम शब्द उपाध्याय, हजारी गौतम, रामू गौतम, पिन्टू, बब्लू, रामू मौर्या, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अलीगढ़ में तेज रफ्तार ट्रक के कुचलने से 3 की मौत

**अलीगढ़।** मडराक थाना क्षेत्र में आगरा रोड पर सोमवार दोपहर करीब दो बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े दंपती और एक दारोगा को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मडराक पुलिस ने पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने हादसे के बाद ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी नीरज कुमार जादौन भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों से हादसे की जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस के अनुसार मृतकों में एसआई शिवम कुमार और वीरपाल और उनकी पत्नी रामकली शामिल हैं। हादसे के बाद आगरा रोड पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा।बताया गया है कि बुजुर्ग दंपती सब्जी बेच रहे थे और दारोगा सब्जी खरीद रहे थे। तभी अलीगढ़ की ओर से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने दूसरी साइड में जाकर के तीनों को रोंद दिया। दारोगा बागपत की मूल निवासी हैं।

# नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय बोले: भाजपा के दबाव में मदरसा गिराया गया: सपा प्रदर्शन करेगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के पिपरा रामलाल गांव में अरबिया जियाउल उलूम मदरसा को जिला प्रशासन के द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को लेकर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को पूरी तरह से अलोकतांत्रिक एवं असंवैधानिक बताया तथा देश और संविधान के लिए घातक है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पिपरा रामलाल का यह मदरसा आजादी के पूर्व 1936 में कायम हुआ और इसका पुनः निर्माण 1968 मैं किया गया और गाटा संख्या 824 में 12 वीसा अपनी निजी जमीन में मदरसा और मस्जिद बनाया गया और इसका रजिस्ट्रेशन 1997 मैं हुआ 2015-16 में उक्त गांव की चकबंदी पूर्ण होने पर कागज में हेराफेरी हुआ और मदरसा की कुछ भूमि को खेल का मैदान दर्ज कर दिया गया जिसका मुकदमा सीओ चकबंदी के यहां लंबित है, मदरसा में लगभग 500 बच्चे अध्ययनरत थे उक्त मदरसा अपने निजी जमीन में बनाया गया था स्कूल और मस्जिद को राजनीतिक दवा में गिराया गया डुमरियागंज में लोकतंत्र की कोई धारा लागू नहीं होती प्रशासन पूरी तरह से भाजपा नेताओं के हाथ की कठपुतली बना हुआ है। डीएम ने चुपके से मुकदमे की फाइल को खारिज किया और जानबूझकर सत्ता के दबाव में इस मदरसा को गिराया और विवाद को बढ़ाने के लिए भाजपा के दबाव में जिला प्रशासन ने यह कार्य किया, भाजपा सरकार और प्रशासन का यह कृत घोर निंदनीय है और संविधान और लोकतंत्र के लिए घातक है, हमारी मांग है कि उक्त मस्जिद और मदरसा को गिराने में जितने भी अधिकारी कर्मचारी संलिप्त हैं जांच कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर करवाई किया जाए! इस दौरान जिलाध्यक्ष लालजी यादव, विधायक सैयदा खातून,प्रदेश सचिव बेचई, सदस्य प्रदेश कार्य समिति कमाल अहमद खान, मोहम्मद जमील सिद्दीकी, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, फिरोज आलम, पारसनाथ विश्वकर्मा, बहरइची प्रसाद प्रेमी, विजय चौधरी, मोहम्मद जफर, रियाज अहमद, एजाज अहमद, गुलजार अहमद आदि उपस्थित रहे।

### लंबी दूरी की ज्यादातर ट्रेनों में सीट की न रखें उम्मीद, राखी के त्योहार पर फुल

**आगरा।** अगर आप अक्टूबर में यात्रा करने जा रहे हैं। अभी तक ट्रेन की टिकट बुक नहीं कराई है तो देर न करें। लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनों में सीट उपलब्ध नहीं है। सबसे अधिक वेटिंग एसी द्वितीय, तृतीय, इकोनामी और स्लीपर कोच में है। एसी प्रथम में वेटिंग पांच के आसपास है। यात्रियों की तेजी से बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने स्पेशल ट्रेनों के संचालन का प्रस्ताव मांगा है। ट्रेनों में एक से दो कोच बढ़ सकते हैं। आगरा रेल मंडल से हर दिन एक लाख यात्री सफर करते हैं। इसमें कैंट रेलवे स्टेशन से 26 हजार, मथुरा से 25 हजार और आगरा फोर्ट से 22 हजार यात्री शामिल हैं। अगर टिकटों की बुकिंग की बात की जाए तो कैंट और मथुरा जंक्शन सबसे आगे हैं। दोनों स्टेशनों में 20 हजार टिकटों की बुकिंग होती है। सितंबर और अक्टूबर के लिए लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग चल रही है।

# तिलैया में बैंक डकैती की साजिश नाकाम, पुलिस मुठभेड़ के बाद चार गिरफ्तार; हथियार बरामद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोडरमा, झारखंडः-** कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र में पुलिस ने बैंक डकैती की कथित साजिश को नाकाम करते हुए चार संदिग्ध अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, अपराधी पिछले करीब 15 दिनों से तिलैया क्षेत्र में रहकर कोडरमा स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र को लूटने की योजना बना रहे थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस और अपराधियों के बीच फायरिंग भी हुई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लगने की बात सामने आई है। घायल आरोपी को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल, कोडरमा भेजा गया। कोडरमा पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष ने प्रेस वार्ता कर बताया 17 और 18 अगस्त 2026 की मध्यरात्रि में हजारीबाग पुलिस से कोडरमा पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी कि तिलैया थाना क्षेत्र के इंदरवा बस्ती से झरनाकुंड जाने वाले रास्ते के किनारे करीब पांच से छह हथियारबंद व्यक्ति किसी बैंक डकैती की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना में यह भी बताया गया था कि उनके पास बड़ी मात्रा में हथियार और गोलियां हैं।

**विशेष छापामारी टीम का गठन**

सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोडरमा कुमार शिवाशीष ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा की निगरानी में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया। टीम में पुलिस निरीक्षक सह तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, पुलिस निरीक्षक सह कोडरमा थाना प्रभारी अरविन्द कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों को शामिल किया गया। गठित टीम मध्यरात्रि में इंदरवा बस्ती से आगे झरनाकुंड जाने वाले रास्ते के समीप पहुंची और संदिग्धों की तलाश शुरू की। पुलिस के अनुसार, कुछ दूरी आगे बढ़ने पर खजूर के पेड़ के पास अंधेरे में मोबाइल फोन की रोशनी में पांच-छह लोग बैठे दिखाई दिए। वे आपस में बातचीत कर रहे थे।



**पुलिस को देखते ही अपराधियों ने की फायरिंग**

पुलिस टीम ने जब संदिग्धों की घेराबंदी शुरू की तो पुलिस के अनुसार, अचानक अपराधियों ने पुलिस बल को निशाना बनाकर फायरिंग शुरू कर दी। छापामारी दल ने उन्हें गोलीबारी बंद कर आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन आरोपियों ने फायरिंग जारी रखी। पुलिस के मुताबिक, इसके बाद जवानों ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई के बाद संदिग्धों की ओर से गोली चलाना बंद कर दिया गया। पुलिसकर्मी सावधानीपूर्वक आगे बढ़े तो टॉर्च की रोशनी में एक व्यक्ति जमीन पर गिरा मिला, जिसके पैर से खून निकल रहा था। उसके पास ही तीन अन्य लोग भागने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। अन्य आरोपियों को पकड़ने के दौरान कुछ पुलिसकर्मियों को भी चोट लगने की जानकारी पुलिस ने दी है।

**तीन लोडेड पिस्टल समेत हथियार बरामद**

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन लोडेड पिस्टल बरामद की गई। प्रत्येक पिस्टल में चार-चार जिंदा कारतूस लोड थे। इसके अलावा अतिरिक्त जिंदा कारतूस, मैगजीन, मोबाइल फोन, बैग, सेलोटेप, टोपी, बड़े झोले और पेचकश सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रिंस पाण्डेय उर्फ बाबा करीब 23 वर्ष, पिता सवलिया पाण्डेय, सराय डौली, थाना भगवानपुर हाट, जिला सिवान, बिहार, सन्नी कुमार करीब 22 वर्ष, पिता बब्लु कुमार सिंह, रघुनाथपुर ईमातपुर, थाना भवनाथपुर, जिला वैशाली, बिहार, अतुल कुमार मिश्रा करीब 19 वर्ष, पिता सुजय मिश्रा, रघुनाथपुर ईमातपुर, थाना भवनाथपुर, जिला वैशाली, बिहार, तथा अमन राज करीब 20 वर्ष, पिता अजय कुमार सिंह, रघुनाथपुर ईमातपुर, थाना भवनाथपुर, जिला वैशाली, बिहार के रूप में की है।

**आरोपियों के पास से क्या-क्या मिला**

पुलिस के मुताबिक, प्रिंस पाण्डेय उर्फ बाबा के पास से एक लोडेड लोहे का पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन और एक काला पिट्ठू बैग बरामद हुआ। सन्नी कुमार के पास से एक लोडेड पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, एक ग्रे रंग का पिट्ठू बैग और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। अतुल कुमार मिश्रा के पास से एक लोडेड पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, एक काला-ग्रे रंग का पिट्ठू बैग और एक मोबाइल फोन बरामद होने की बात पुलिस ने कही है। वहीं अमन राज के पास से लाल रंग का पिट्ठू बैग बरामद किया गया, जिसमें सेलोटेप, दो टोपी, दो बड़े झोले और दो पेचकश थे। इसके अलावा उसके पास से तीन जिंदा कारतूस और दो लोहे की मैगजीन भी बरामद की गई। बैंक लूट की योजना का पुलिस ने किया खुलासा पुलिस के अनुसार, पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे पिछले करीब 15 दिनों से तिलैया क्षेत्र में रहकर कोडरमा स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र को लूटने की योजना बना रहे थे। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों, इनके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड और बैंक डकैती की कथित योजना में शामिल अन्य सदस्यों के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है। इस मामले में तिलैया थाना कांड संख्या 238/2026, दिनांक 18 अगस्त 2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। छापामारी टीम में शामिल रहे पुलिसकर्मी कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक सह तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, पुलिस निरीक्षक सह कोडरमा थाना प्रभारी अरविन्द कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक महादेव पाण्डेय, पुलिस अवर निरीक्षक पवन कुमार राम, पैंथर आरक्षी तथा तिलैया थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे।

# बिना उपयोग पक्की नालियों के निर्माण से वित्त आयोग की राशि का दुरुपयोग

## योजनाओं के निर्माण में उपयोगी स्थलों का चयन अत्यावश्यक



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** केंद्र एवं राज्य सरकार जनहित में बड़े पैमाने पर विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राशि उपलब्ध कराती रही है। इसमें योजना स्थलों का चयन सर्वसम्मति से होना चाहिए, ताकि संचालित योजनाओं की उपयोगिता सुनिश्चित की जा सके। परंतु पाकुड़िया प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित योजनाओं के स्थल चयन में ग्रामीणों की राय नहीं लिए जाने के कारण आए दिन लोगों की नाराजगी देखने को मिल रही है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्थल चयन में ग्रामीणों की सलाह ली जानी चाहिए, जिससे निर्माण की जाने वाली योजनाओं की उपयोगिता शत-प्रतिशत लोकहित में सुनिश्चित हो सके। बताया जाता है कि पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत बीचपहाड़ी पंचायत के तेगुड़िया एवं बलियापतरा गांव के बीच आरईओ पक्की सड़क के निकट निर्मित पक्की नाली का उपयोग जनहित में होता नहीं देखा गया है। उक्त स्थल पर निर्मित पक्की नाली के दोनों छोर पर फिलहाल न तो कोई नलकूप है, न पेयजल कूप और न ही जलजमाव का कोई स्थल है, जहां से पानी नाली होकर निकल सके। उक्त पक्की नाली का निर्माण स्थल ढलान वाली भूमि पर है तथा वर्षा का पानी भी आसानी से खाली पड़ी भूमि से होकर खेतों में चला जाता है। पक्की सड़क से आवागमन कर रहे ग्रामीणों से उक्त निर्मित पक्की नाली की उपयोगिता के संदर्भ में पूछने पर लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकारी राशि की बर्बादी की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नाली का निर्माण नलकूप या पेयजल कूप के निकट किया जाता तो पानी की निकासी में इसका उपयोग होता। यहां बिना नाली के ही वर्षा का पानी खेतों में बहता रहा है।

# संक्षिप्त खबरें

## श्रीभूमि जिले के पूर्व हरिनगर भुवनेश्वर साधु ठाकुर कलाक्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



श्रीभूमि जिले के पूर्व हरिनगर स्थित भुवनेश्वर साधु ठाकुर कलाक्षेत्र में 15 अगस्त को धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। पूर्व सैनिक एवं समिति के अध्यक्ष रुनू सिन्हा के नेतृत्व में तथा सचिव तुषारकांति सिन्हा सहित समिति के सदस्यों के सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराकर की गई। इसके बाद राष्ट्रगान के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों ने देश के स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान तथा देश की सुरक्षा में भारतीय सेना के वीर जवानों के योगदान को याद किया। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों एवं समिति के सदस्यों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति उल्लेखनीय रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति का माहौल बना रहा। वक्ताओं ने देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को बनाए रखते हुए राष्ट्रहित में सभी से आगे आने का आह्वान किया।

## औरंगाबाद में बुजुर्ग हत्याकांड का 72 घंटे में खुलासा, महिला समेत 3 गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** बंदेया थाना क्षेत्र में वृद्ध की गला रेतकर की गई हत्या मामले का पुलिस ने 72 घंटे के अंदर राजफाश किया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपितों को अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र के केर गांव निवासी 40 वर्षीय लालकेश्वर रविदास, गोह थाना क्षेत्र के रमदी गांव निवासी 45 वर्षीय रामाशीष दास तथा एक महिला शामिल है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि 14 अगस्त को बंदेया थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के साव बिगहा गांव के पास नहर किनारे वृद्ध का शव बरामद किया था। वृद्ध की गला रेतकर हत्या की गई थी। पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि वृद्ध अरवल जिले के करपी थाना क्षेत्र के पाचकेसर गांव निवासी जिनेश्वर बिंद की हत्या की गई है। मामले में प्राथमिकी कर इस घटना का अनुसंधान शुरू किया गया।

## मुजफ्फरपुर में डबल मर्डर, आपसी रंजिश में दादा पोती की पीट- पीटकर हत्या

**मुजफ्फरपुर।** जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश में दादा और पोती की पीट पीटकर हत्या कर दी। घटना वार्ड-तीन स्थित ब्लाक गेट माई स्थान के समीप की दोपहर दो बजे की है। घटना में 60 वर्षीय भोला मियां की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी नौ वर्षीय पोती अनब खातून गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। स्वजन के अनुसार, दोनों कमरे में सो रहे थे। उसी दौरान साहेबगंज थाना रोड निवासी बशीर मियां के पुत्र 27 वर्षीय अलताब आलम ने घर में घुसकर हमला बोल दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे भोला मियां के 35 वर्षीय पुत्र मो. शमीम गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के दौरान आरोपित अलताब आलम भी घायल हुआ। दोनों को बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर रेफर किया गया है । आरोपपित और पीड़ित परिवार आपस में पट्टीदार हैं।

# के. रवि कुमार ने नारायणपुर में एसआईआर कार्यों का लिया जायजा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, सचिव, मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, रांची के. रवि कुमार ने नारायणपुर प्रखंड के यूएमएस धरमपुर स्थित मतदान केंद्र संख्या 147 पहुंचकर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के कार्यों का भौतिक सत्यापन किया। गौरतलब है कि 5 अगस्त से 4 सितंबर तक एसआईआर के तहत दावा-आपत्ति का कार्य चल रहा है। निरीक्षण के दौरान के. रवि कुमार ने उपस्थित बीएलओ एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी से दावा-आपत्ति तथा नोटिस की सुनवाई की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, नोटिस जारी करने एवं संबंधित प्रक्रियाओं का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने एसआईआर के तहत किए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे और बेहतर तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मी इस महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता के साथ लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूरा करें। साथ ही, वरीय अधिकारियों को लगातार एसआईआर कार्यों का निरीक्षण करते रहने को कहा, ताकि पुनरीक्षण कार्य का बेहतर परिणाम सामने आ सके। इस अवसर पर एसडीओ आनंद कुमार, सीओ देवराज गुप्ता, श्याम भंडारी, मनोज मंडल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय चैथी में विद्यालय प्रबंधन समिति का हुआ पुनर्गठन




**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** प्रखंड के चौथी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय चैथी में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन कार्यक्रम की अध्यक्षता डब्ल्यू. साव ने की, जबकि प्रक्रिया के पर्यवेक्षक सीआरपी शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय रहे। पुनर्गठन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। उपस्थित ग्रामीणों एवं अभिभावकों की सहमति से कुल 15 सदस्यों का चयन किया गया। चयनित सदस्यों ने अध्यक्ष पद के लिए डब्ल्यू. कुमार भुईयां तथा उपाध्यक्ष पद के लिए पूनम देवी का चयन किया। इसके अलावा विद्यालय के सुचारू संचालन एवं शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से दो उपसमितियों–विद्यालय भवन समिति एवं शैक्षणिक समिति–का भी गठन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों, अभिभावकों, मुखिया उपेन्द्र यादव सहित विद्यालय के शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने विद्यालय के विकास एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए समिति के माध्यम से सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

# खनिज संशोधन विधेयक के विरोध में झामुमो पाकुड़िया की बैठक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** झामुमो जिला कमेटी के निर्देशानुसार पाकुड़िया झामुमो प्रखंड कार्यालय मे प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा के अध्यक्षता मे एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे जिला से नियुक्त पर्यावेक्षक के रूप मे जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे और बुद्धिजीवी मोर्चा जिला अध्यक्ष देबीलाल हंसदाक शामिल हुए। बैठक मे केंद्र सरकार का काला विधेयक खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 के बिरोध मे रणनीति बनाने पर चर्चा हुई खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 राज्यों को वित्तीय रूप से पंगु बनाने और राज्य के विकास तथा जनकल्याणकारी योजनाओं पर भारी संकट पैदा करने वाला काला विधेयक है इसके विरोध में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा एक लम्बा और निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। भारत सरकार को यह काला विधेयक वापस लेना ही होगा अन्यथा एक ढेला भी खनिज झारखण्ड से बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। हरिवंश चौबे ने कहा कि खान एवं खनिज ( विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 देश के संघीय ढांचे व व्यवस्था को खत्म करने वाला काला विधेयक है जो राज्यों के संवैधानिक हक-अधिकार को छीनकर उसे गंभीर वित्तीय संकट में डालने और कमजोर करने का काम करेगा। देबीलाल हंसदाक ने कहा झारखण्ड खनिज आधारित प्रदेश है और झारखण्ड की कुल गैर-कर-राजस्व का 84% राजस्व लगभग 11,000 करोड़ रुपये सालाना झारखण्ड को खनन से ही प्राप्त होता, परन्तु इस विधेयक के प्रभावी होने पर झारखण्ड को इससे हाथ धोना पड़ेगा इस विधेयक का सीधा असर झारखण्ड सरकार द्वारा चलाया जा रहा जन कल्याणकारी योजनाओं पर पड़ेगा। बैठक में निर्णय लिया गया की इसको लेकर पार्टी नेतृत्व द्वारा जो भी आन्दोलनात्मक कार्यक्रम तय किया जाएगा उसे झामुमो पाकुड़िया प्रखंड समिति पूरी ताकत के जमीन पर उतारने का काम करेंगी। बैठक मे प्रखंड सचिव मईनुद्दीन अंसारी, कलम मुर्मू,निवारन मरांडी, अब्दुल बनीज, छोटू भगत, नजरुल इस्लाम, मैनेजर हेमब्रोम, नेगार अंसारी, कालिदास टुडू, सुभाषनी मुर्मू,सुरज रविदास, बुलबुल शेख,सिल्वन्ति मुर्मू,लालबाबू शेख, बिनोद भगत विश्वजीत दास, खुदू भगत, बाबुरली मरांडी, ऐनोस मुर्मू, तोहिदुल शेख, नेजाम अंसारी, सिकन्दर अली, मोईन आलम, अशरफ, नरेश हाँसदा, मंजुर आलम, कन्हैया भगत,मार्थ मरांडी, टेरेसा किस्कू,ललिता सोरेन, छोटू रविदास , पांचू, सुनील, सनातन सहित झामुमों के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

# ईद मिलादुन्नबी को लेकर कमिश्नरेट पुलिस की मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ बैठक संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर।** आगामी त्योहार ईद मिलादुन्नबी /बराफत के संबंध में कानपुर कमिश्नरेट पुलिस सभागार में मुस्लिम धर्म गुरुओं एवं बुद्धिजीवियों के संग बैठक संपन्न हुई ! बैठक की अध्यक्षता जॉइंट पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर विपिन ताडा ने की उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण त्यौहार को सकुशल संपन्न होने के लिए जो विभागीय अधिकारी मीटिंग में मौजूद हैं ट्रैफिक पुलिस केस्को नगर निगम जल निगम आदि वह त्योहार से पहले सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लें बैठक में मौजूद कुलहिंद जमीअत उल आवाम के महामंत्री महबूब आलम खान ने बताया कि 25 अगस्त शाम को शहर भर में पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन की खुशी में रोशनी सजावट का आयोजन होगा जगह-जगह लोग अपने घरों को और गलियों को सजाएंगे इसी तरह 26 अगस्त को शहर के परेड ग्राउंड से उठने वाला ऐतिहासिक जुलूस जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाएगा जिसमें लाखों लोग पैगंबर मोहम्मद साहब की याद में जुलूस में शामिल होकर उनसे मोहब्बत का नजराना पेश करेंगे एकता भाईचारा मानवता का पैगाम देते हुए जुलूस मे अदब और एतराम से निकलेंगे जुलूस अपने परंपरागत रास्तों से होता हुआ फूल बाग में समाप्त होगा इन दोनों दिन में ट्रैफिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका है नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था केस्को जल संस्थान द्वारा बिजली पानी की आपूर्ति ज्यादा की जाए जुलूस के मार्ग पर बरसात को देखते हुए गड्ढे हैं उसे ठीक कर लिया जाए यह भी बताया कि शहर के अलग-अलग क्षेत्र से भी निकलने वाले जुलूस ए मोहम्मदी के मार्गो को भी वक्त रहते देख लिया जाए जिन जगहों पर गड्ढे वगैरा है उसकी मरम्मत कर दी जाए जुलूस में शामिल होने वाली अंजुमन के जिम्मेदारों से भी अपील की गई कि वे लोग भी जुलूस में अपने वालंटियर ज्यादा से ज्यादा साथ लेकर चलें झंडा 12 फीट से ज्यादा ना हो झंडे के ऊपर लगा चांद सितारा स्टील या लोहे का न होकर लकड़ी का रखें लोहे की छड़ का इस्तेमाल झंडे में ना करें हरे बांस का इस्तेमाल न करें बल्कि सुख बांस का झंडा लेकर चले इसी तरह डीजे वगैरा की आवाज को भी मानक के हिसाब से रखा जाए।

जुलूस के बीच में कोई लोडर ना लगाया जाए बल्कि परेड ग्राउंड से शामिल होकर जुलूस में चले सभी अंजुमन के लोग अपने-अपने नंबर से ही जुलूस में शामिल हो आगे पीछे को लेकर ना उलझे जिसको सभी धर्मगुरु शहर काजी बुद्धिजीवियों ने अपनी सहमति दी मीटिंग में मुख्य रूप से जॉइंट पुलिस कमिश्नर कानपुर विपिन टांडा एडीएम सिटी विभिन्न डीसीपी एसीपी नगर निगम के से संबंधित अधिकारी के अलावा मुस्लिम धर्मगुरु शहर काजी मुफ्ती साकिब अदीब शहर काजी हाफिज कुद्दुस शिया मौलाना सईद अब्बास महामंत्री महबूब आलम खान कारी सगीर आलम हबीबी शारिक नवाब जमीयत उलेमा के डॉक्टर हलीमुल्ला जुबेर फारुकी मौलाना गुलाम कादिर अलीम खान जिया उल हसमत हाफिज फिरोज आदि मौजूद थे।

# हाईवे किनारे खड़े 285 वाहनों पर कार्रवाई, 285 चालान किए गए

## मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चल रहा है अभियान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कानपुर नगर के प्रमुख हाई-वे पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान हाइवे किनारे अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। अभियान में संबंधित जोन के यातायात निरीक्षकों एवं सीसी टीम प्रभारियों द्वारा हाईवे के किनारे अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया तथा वाहन चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा न करने, निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने, वाहन खराबी की स्थिति में आवश्यक सुरक्षा संकेतक (रिफ्लेक्टर, ट्रायंगल, पार्किंग लाइट आदि) लगाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में जागरूक एवं निर्देशित किया गया ।इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 285 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) के अंतर्गत नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन व वाहन चालकों से अपील की गई है कि यातायात नियमों का पालन करें, हाईवे अथवा मुख्य मार्गों के किनारे अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करें तथा सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने यातायात पुलिस का सहयोग करें।

# पटना पेंट गोदाम में भीषण आग, आसमान छूती लपटों ने मचाई तबाही; 40 लाख का सामान राख



**फुलवारी शरीफ(पटना)।** गोपालपुर थाना क्षेत्र के बेरिया करणपुरा गांव में मंगलवार की सुबह पेंट गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गोदाम से उठती ऊंची लपटें और धुएं का गुबार काफी दूर से दिखाई देने लगा। गोदाम में पेंट और अन्य ज्वलनशील सामग्री रखी थी, जिसके कारण आग तेजी से फैलती चली गई। कुछ ही देर में पूरा गोदाम आग की चपेट में आ गया। आग की तपिश और धुएं से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। आग की भयावह स्थिति देखकर करणपुरा गांव में अफरातफरी मच गई। हजारों ग्रामीण घटनास्थल के आसपास जमा हो गए और अपने स्तर से आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। ग्रामीणों ने तत्काल गोपालपुर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। आग की विकरालता को देखते हुए पुलिस ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। कुछ ही देर में एक दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने चारों तरफ से पानी की बौछार कर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। दमकल कर्मियों ने करीब तीन घंटे तक लगातार अभियान चलाया। इसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के इलाके में लोगों की आवाजाही रोक दी गई थी। आग बुझने के बाद गोदाम का पूरा सामान जलकर राख हो चुका था। पेंट और अन्य सामग्री के नष्ट होने से प्रारंभिक अनुमान के अनुसार करीब 40 लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान की बात सामने आई है। आग लगने का कारण तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस और संबंधित विभाग घटना की जांच में जुटे हैं। राहत की बात रही कि इस भीषण अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# बिहार में सरकार वीक, इसलिए हो रहे पेपर लीक; तेजस्वी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पटना।** आंदोलनकारी छात्रों पर पुलिस फायरिंग के विरोध में बुधवार को राजद का लोकभवन मार्च है। मंगलवार को प्रेस-वार्ता कर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने इसमें सहभागिता के लिए युवाओं और छात्रों का आह्वान किया। सरकार से सिवान और जहानाबाद में हुई फायरिंग के तथ्य सार्वजनिक करने की मांग दोहराई। पूछा कि फायरिंग किसके निर्देश पर हुई और एके-47 किस यूनिट और किस शस्त्रागार से आई? तुकबंदी वाले अंदाज में कहा कि बिहार में सरकार वीक (कमजोर) है, इसीलिए पेपर-लीक हो रहे।

**टीआरई-4 अभ्यर्थियों से मिले तेजस्वी**

प्रेस-वार्ता के बाद वे गर्दनीबाग में धरना दे रहे टीआरई-4 अभ्यर्थियों को ढांढस बंधाने पहुंचे। वहां मांग की कि सरकार अभ्यर्थियों की उचित मांगों को अविलंब पूरा करे। तेजस्वी ने इस प्रकरण पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मौन तोड़ने के लिए ललकारा। केंद्रीय राज्य मंत्री किरण रिजुजू पर संसद को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रिजूजू ने संसद को बताया था कि फायरिंग नहीं हुई, जबकि बिहार सरकार ने अपने शपथ-पत्र में माना है कि गोलियां चली हैं। ऐसे में गृह विभाग की भूमिका स्पष्ट होनी चाहिए। प्रश्न यह कि पुलिस अधीक्षक को निलंबित क्यों नहीं किया गया? बेरोजगारी, पलायन और पेपर-लीक में बिहार नंबर वन है। सृजन घोटाला, डस्टबिन घोटाला, इस्टिमेट घोटाला आदि बता रहे कि भ्रष्टाचार को सरकारी संरक्षण है। नियुक्तियों में भी भेदभाव हो रहा। प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, आलोक कुमार मेहता, कुमार सर्वजीत, शक्ति सिंह यादव, चितरंजन गगन, एजाज अहमद आदि प्रेस-वार्ता में उपस्थित रहे।

# विधायक मिलन दास की पहल पर हैलाकांडी-काटलीछड़ा में रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग

## काटलीछड़ा में ट्रेन ठहराव से हैलाकांडी-बेंगलुरु सीधी रेल सेवा तक, विधायक ने उठाईं अहम मांगें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमिः** हैलाकांडी और काटलीछड़ा क्षेत्र में रेल संपर्क तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर विधायक मिलन दास की पहल पर स्थानीय प्रतिनिधियों एवं भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर-पूर्व सीमांत रेलवे (Northeast Frontier Railway) के महाप्रबंधक से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की लंबे समय से लंबित विभिन्न रेल संबंधी मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान का आग्रह किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने काटलीछड़ा रेलवे स्टेशन पर शिलचर सैरांग कोलकाता ट्रेन का ठहराव देने की मांग प्रमुखता से रखी। साथ ही, हैलाकांडी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव का समय कम से कम पांच मिनट बढ़ाने का अनुरोध किया गया, ताकि यात्रियों, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को ट्रेन में चढ़ने-उतरने में पर्याप्त सुविधा मिल सके। हैलाकांडी से बेंगलुरु सीधी ट्रेन की मांग क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही एक महत्वपूर्ण मांग हैलाकांडी से बेंगलुरु के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने की भी है। प्रतिनिधिमंडल ने रेलवे महाप्रबंधक के समक्ष इस मांग को रखते हुए कहा कि सीधी ट्रेन सेवा शुरू होने से छात्र-छात्राओं, नौकरीपेशा लोगों, मरीजों और आम यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे दक्षिण भारत के साथ क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। स्टेशन की यात्री सुविधाओं में सुधार पर जोर बैठक के दौरान हैलाकांडी रेलवे स्टेशन के यात्री सुविधाओं एवं आधारभूत ढांचे के विकास का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने स्टेशन पर पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, बेहतर यात्री विश्राम कक्ष, स्वच्छ एवं सुविधाजनक शौचालय तथा अन्य आवश्यक यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग की। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार, उत्तर-पूर्व सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक रुख व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि इन मांगों पर आगे सकारात्मक कार्रवाई होने से हैलाकांडी और काटलीछड़ा क्षेत्र के लोगों को बेहतर रेल संपर्क एवं यात्री सुविधाओं का लाभ मिलेगा। जनहित के मुद्दों को लेकर प्रयास जारी रहेगा. इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान हैलाकांडी नगरपालिका के अध्यक्ष मानब चक्रवर्ती, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजकुमार दास तथा भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वपन भट्टाचार्य सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। स्थानीय प्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र की जनता की जायज मांगों और व्यापक जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रयास लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बेहतर रेल संपर्क को हैलाकांडी-काटलीछड़ा के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए क्षेत्रवासियों के हित में आवश्यक कदम उठाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। काटलीछड़ा में ट्रेन ठहराव, हैलाकांडी-बेंगलुरु सीधी रेल सेवा तथा हैलाकांडी रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण की मांग को लेकर हुई यह पहल क्षेत्र में बेहतर रेल संपर्क और यात्री सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# दक्षिण भैरबपुर फुटबॉल टूर्नामेंट को 2-0 गोल की मुकाबले में राइजिंग स्टार ने अपनी नाम किया

## फुटबॉल क्लब ने गत 2002 से हर साल 15 अगस्त को एक फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करता आ रही है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**धेमाजी असम।** युवा पीढ़ी को मादक पदार्थों से दूर रखना और उन्हें खेलों के ज़रिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना, खेल के प्रति आग्रह पैदा के उद्देश्य को आगे रखकर दक्षिण भैरवपुर आंचलिक फुटबॉल क्लब ने गत 2002 से हर साल 15 अगस्त को एक फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करता आ रही है।

**2026 के इस फुटबॉल टूर्नामेंट में बृहत्तर सिलापथार**

इलाके की 14 फुटबॉल टीमें ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। टूर्नामेंट 15 अगस्त को शुभारम्भ किया गया था। आज 18 अगस्त चार दिन तक चले, आज बालीगांव की राइजिंग स्टार एफ चि ने माजरबारी एफ चि को 2-0 गोल में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी ओर दक्षिण भैरबपुर ए टीम में करेंग बस्ती एफ चि को प्लांटिक गोल के जरिए हराकर फाइनल में जगह बनाई। शाम 4 बजे रोमांच और गर्मजोशी के साथ नॉर्थ बालीगांव एफ चि बनाम दक्षिण भैरबपुर ए टीम के बीच खेला गया। खेल की प्रथम अर्ध में दक्षिण भैरवपुर ए टीम के 1-0 गोल देकर आगे रहे राइजिंग स्टार एफ चि। विराम के बाद फिर से दक्षिण भैरवपुर ए टिम को 1गोल देखकर 2-0 की मुकाबले में राइजिंग स्टार एफ चि ने जीत कर टूर्नामेंट को अपने नाम किया। पुरस्कार वितरण अनुष्ठान में आयोजकों ने विजयी टीम को 18 किलो वज़न की एक बकरा ओर ट्रॉफी से सम्मानित किया।रनर-अप को छह हंस के साथ एक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और दोनों सेमी-फ़ाइनलिस्ट को एक एक बॉयलर मुर्गा देकर सम्मानित किया। आज अंतिम दिन के फाइनल खेल देखने इलाके की 10 हजारों से अधिक लोग इकट्ठा हुए।

# कबाड़ कारोबारियों पर पुलिस का शिकंजा, चोरी का सामान खरीदने और कबाड़ जलाने पर सख्ती

## सड़क पर कबाड़ रखने और यातायात बाधित करने पर भी होगी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना।** पुलिस कमिश्नरेट लुधियाना ने शहर में संचालित और नई खुलने वाली कबाड़ की दुकानों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। चोरी का सामान और वाहन खरीदने-बेचने, कबाड़ जलाकर प्रदूषण फैलाने तथा सड़कों पर सामान रखकर यातायात बाधित करने की शिकायतों के बाद पुलिस ने यह कदम उठाया है। निर्देशों का उल्लंघन करने वाले कबाड़ कारोबारियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। एडिशनल सीपी रुपिंदर सिंह ने बताया कि शहर के विभिन्न इलाकों में कुछ कबाड़ियों द्वारा खरीद-फरोख्त का रिकॉर्ड रखे बिना तार, ट्रांसफार्मर, दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहन खरीदे जाने की जानकारी सामने आई है। आशंका है कि असामाजिक तत्व चोरी का सामान और वाहन कबाड़ में बेचते हैं। इसके अलावा प्लास्टिक और तार खुले में जलाने से वायु प्रदूषण फैलने तथा सड़कों पर कबाड़ रखने से यातायात बाधित होने की शिकायतें भी मिली हैं।

**कबाड़ कारोबारियों के लिए प्रमुख निर्देश**

1- प्रत्येक कबाड़ी को विशेष रजिस्टर रखना होगा। इसमें सामान खरीदने-बेचने वाले व्यक्ति का नाम, पता, संपर्क नंबर और सामान का पूरा विवरण दर्ज करना अनिवार्य होगा।

2- रजिस्टर प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में संबंधित जोन के एडीसीपी के समक्ष जांच और सत्यापन के लिए प्रस्तुत करना होगा।

3- पुरानी या कबाड़ गाड़ियां खरीदने वाले कारोबारियों को संबंधित आरटीओ कार्यालय में जाकर वाहनों का पंजीकरण रद्द करवाना होगा।

4- सभी पुरानी और नई कबाड़ दुकानों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बिजली बोर्ड, अग्निशमन विभाग और नगर निगम से आवश्यक अनुमति व अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा।

5- अनधिकृत या चोरी का सामान खरीदने-बेचने पर पूरी तरह रोक रहेगी।

6- कबाड़, प्लास्टिक या तार खुले में जलाने पर प्रतिबंध रहेगा।

पुलिस कमिश्नरेट ने स्पष्ट किया कि निर्देशों का उल्लंघन करने वाले कबाड़ कारोबारियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकता है।

# हाई कोर्ट के निर्देशों के तहत अबलोवाल में सड़क निर्माण जल्द होगा पूरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पटियाला।** पटियाला के डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने नगर निगम के अधिकारियों को माननीय हाई कोर्ट के निर्देशों के अनुसार अबलोवाल में चल रहे सड़क के काम को पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि शहर में चल रहे डेयरी फार्मों को अबलोवाल में शिफ्ट करने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द आगे बढ़ाया जा सके। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि अबलोवाल में डेयरी किसानों को शिफ्ट करने के लिए बुनियादी सुविधाएं विकसित करना जरूरी है। इसे देखते हुए, सड़क का काम प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए, ताकि डेयरी किसानों को वहां शिफ्ट करने में कोई रुकावट न आए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी आपस में तालमेल बिठाकर काम करें और निर्माण कार्य की लगातार निगरानी करें और काम की क्वालिटी के साथ-साथ उसे समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि शहर में तय जगह पर डेयरी फार्म शिफ्ट करने से शहर के अलग-अलग इलाकों में सफाई, ट्रैफिक और पर्यावरण से जुड़ी दिक्कतों को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन शहर के लोगों को बेहतर नागरिक सुविधाएं देने के लिए लगातार कोशिश कर रहा है और अबलोवाल में डेयरी किसानों को शिफ्ट करना भी इसी दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि वे माननीय कोर्ट द्वारा जारी निर्देशों का पूरी तरह पालन करें और अबलोवाल में जरूरी काम बिना किसी देरी के पूरा करें। उन्होंने कहा कि सड़क का काम पूरा होने के बाद डेयरी किसानों को अबलोवाल शिफ्ट करने की प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाए ताकि यह मामला जल्द सुलझ सके। गौरतलब है कि हाई कोर्ट ने नगर निगम को निर्देश दिया है कि वह सड़क का काम पूरा होने के बाद डेयरी मालिकों से डेयरी शिफ्ट करने के लिए कहे। नगर निगम ने कहा कि यह काम आने वाले कुछ हफ्तों में पूरा होने की उम्मीद है। इस मौके पर नगर निगम की एडिशनल कमिश्नर सिमरप्रीत कौर भी मौजूद थीं। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर को अबलोवाल में चल रहे कामों के बारे में बताया और उन्हें समय पर काम पूरा करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी बताया।

# लुधियाना पहुंची टॉर्च रैली, गुरु नानक स्टेडियम में हुआ भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना।** पंजाब सरकार और खेल विभाग की ओर से आयोजित किए जा रहे स्पोर्ट्स होमलैंड पंजाब-2026 के तहत टॉर्च मार्च के लुधियाना पहुंचने पर गुरु नानक स्टेडियम में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त (जे) शिखा भगत ने मशाल ग्रहण की और खिलाड़ियों से 'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने का आह्वान किया। जिला खेल अधिकारी मंदीप कौशल ने बताया कि पंजाब सरकार की गाइडलाइंस के तहत टॉर्च रिले की शुरुआत 12 अगस्त को संगरूर जिले से हुई थी। मशाल को बरनाला-लुधियाना सीमा पर लुधियाना जिले के गांव दधाहूर में जिला खेल कार्यालय के प्रशिक्षकों, सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दधाहूर के प्रधानाचार्य और स्टाफ ने प्राप्त किया। इसके बाद मशाल लुधियाना के फुहारा चौक पहुंची, जहां से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने इसे सम्मानपूर्वक गुरु नानक स्टेडियम पहुंचाया। यहां अतिरिक्त उपायुक्त शिखा भगत ने मशाल ग्रहण की। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों से 'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने खिलाड़ियों को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। जिला खेल अधिकारी मंदीप कौशल ने खिलाड़ियों को 'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और उन्हें प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में पंजाब बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव तेजा सिंह धालीवाल, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता सुखदेव सिंह पन्नू, तीन बार राष्ट्रमंडल चैंपियन रहे भारोत्तोलक परवेश चंद्र शर्मा, अंतरराष्ट्रीय एथलीट प्रेम सिंह समेत विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक और खिलाड़ी मौजूद रहे। बाद में मशाल को मालेरकोटला-लुधियाना सीमा पर गांव पोहिर में मालेरकोटला जिला खेल कार्यालय के प्रशिक्षकों ने सम्मानपूर्वक प्राप्त किया।

# सेंट्रल जेल में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता सेमिनार और काउंसलिंग कैंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटियाला।** भारत सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत सेंट्रल जेल पटियाला में जागरूकता सेमिनार और काउंसलिंग कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल में बंद कैदियों और बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। जेल अधीक्षक गुरचरण सिंह धालीवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी डॉ. रमा ने कैदियों को नशे के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने नशे से दूर रहने और नशा छोड़कर स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कैदियों और जेल कर्मचारियों को नशामुक्त जीवन जीने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में योगदान देने की शपथ भी दिलाई गई। जेल अधीक्षक गुरचरण सिंह धालीवाल ने कहा कि पंजाब के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (जेल) आर.के. जायसवाल के निर्देशों के अनुसार प्रदेश की जेलों को नशामुक्त रखने के लिए कड़े सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। साथ ही कैदियों के मानसिक और सामाजिक सुधार के लिए भी विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में पंजाब जेल ओलंपिक्स का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश की सभी जेलों के कैदियों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। इसके अलावा कौशल विकास के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के सहयोग से विभिन्न पाठ्यक्रम भी करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैदियों के सुधार और पुनर्वास के लिए ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। सेमिनार के दौरान 'सिख्या दाता' कार्यक्रम के तहत विभिन्न कक्षाओं के सेमेस्टर उत्तीर्ण करने वाले कैदियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त अधीक्षक अर्पणजोत सिंह और जयदीप सिंह, उप अधीक्षक आदर्शपाल सिंह तथा सहायक अधीक्षक गुरजिंदर सिंह मौजूद रहे।

# बठिंडा पुलिस ने अधिकारियों को दी भावभीनी विदाई, और शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बठिंडा।** बठिंडा पुलिस की ओर से एक विदाई समारोह आयोजित कर एसपी सिटी नरिंदर सिंह और एसपी इन्वेस्टिगेशन जसमीत सिंह साहीवाल को उनकी नई तैनाती के लिए शुभकामनाएं दी गईं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बठिंडा ने दोनों अधिकारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके भविष्य के लिए सफलता की कामना की। बठिंडा पुलिस विभाग ने कहा कि दोनों अधिकारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और आम लोगों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके नेतृत्व में कई सफल अभियानों और जनहित से जुड़ी पहलों को प्रभावी ढंग से संचालित किया गया। नरिंदर सिंह ने अपनी रणनीतिक कार्यशैली और लोगों से बेहतर संवाद के माध्यम से पुलिस तथा आम जनता के बीच विश्वास मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा के क्षेत्र में उनके प्रयासों की विभाग ने सराहना की। वहीं, जसमीत सिंह साहीवाल ने जांच कार्य में अपनी दक्षता और गंभीरता के साथ कई महत्वपूर्ण मामलों को सुलझाने में योगदान दिया। उनके कार्य करने के तरीके और पेशेवर रवैये की सहकर्मियों तथा आम लोगों ने भी सराहना की। विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों के साथ बिताए कार्यकाल को याद किया और उनके योगदान की प्रशंसा की। बठिंडा पुलिस ने कहा कि दोनों अधिकारियों का समर्पण, अनुशासन और पेशेवर कार्यशैली विभाग के लिए प्रेरणादायक रहेगी। नई जिम्मेदारियां संभालने जा रहे नरिंदर सिंह और जसमीत सिंह साहीवाल को बठिंडा पुलिस ने उज्ज्वल भविष्य और सफलता की शुभकामनाएं दीं। विभाग ने कहा कि पुलिस आम जनता की सुरक्षा और सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे भी पूरी निष्ठा से जारी रखेगा।

# श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में उत्साह से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## BSNL कार्यालय में नहीं फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज उपभोक्ताओं में भी नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र में सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों तथा विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रगान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, कविता, नाटक और प्रभात फेरी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दुल्लभछड़ा वन विभाग के बीट कार्यालय में बीट अधिकारी आसपाक उद्दीन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर फकर उद्दीन, कृष्णपद मालाकार और अर्जुन शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं, दुल्लभछड़ा डाकघर में कर्मचारियों ने ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। निजी शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर समारोह को आकर्षक बना दिया। कई मामलों में निजी संस्थानों द्वारा सरकारी संस्थानों की तुलना में अधिक व्यापक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुल्लभछड़ा में स्थापना काल से ही टेलीकॉम विभाग का कार्यालय रहा है, जिसका बाद में नाम बदलकर भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) कर दिया गया। क्षेत्र में क्ष्स्हरुके बड़ी संख्या में उपभोक्ता हैं और रिचार्ज एवं अन्य सेवाओं से जुड़े कार्यों के माध्यम से सैकड़ों लोगों की आजीविका भी जुड़ी हुई है। इसके बावजूद दुल्लभछड़ा स्थित BSNL कार्यालय में इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया गया। स्थानीय विशिष्ट नागरिकों ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सवाल उठाया है कि सरकारी प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर ध्वजारोहण क्यों नहीं किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मामले में संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों की ओर से क्या कार्रवाई की जाती है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। इसके साथ ही, लंबे समय से नेटवर्क सेवा प्रभावित रहने को लेकर बीएसएनएल उपभोक्ताओं में भी नाराजगी बढ़ती जा रही है अब देखना है सरकार और अधिकारी इस पर क्या कार्रवाई करती है।

# खत्री धर्मशाला में सावनी तीज महोत्सव का आयोजन




**कानपुर।** आज खत्री धर्मशाला बिरहाना रोड में विधायक सलिल विश्नोई के नेतृत्व में आर्य नगर विधान सभा क्षेत्र की भाजपा महिला कार्यकर्ताओं द्वारा 'सावनी - तीज महोत्सव' का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने झूला झूलकर, चाट-पकौड़े खाकर खूब मौज-मस्ती की और नृत्य, गीत-संगीत का जमकर आनन्द लिया। महोत्सव में मेंहदी, तीजा थाली की सजावट, सावनी गीत गायन की प्रतियोगिता भी हुई और विजेता महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सलिल विश्नोई, रोचना विश्नोई, सन्ध्या मिश्रा, कोमल जायसवाल, ममता तिवारी, उमा ओमर, मीरा गर्ग, नैना गुप्‍ सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# तहसील समाधान दिवस में एडीएम ने सुनीं फरियाद, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/** नवाबगंज तहसील समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह पहुंची साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद मिश्रा के पहुंचने पर तहसील दिवस में फरियादियों की भीड़ जुटी यहां पर आई शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए एडीएम प्रशासन ने अधीनस्थों को कड़े निर्देश दिए। और कहा तहसील दिवस की शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण किया जाए किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी यहीं पर किसानों की समस्या लेकर किसान यूनियन के लोगों ने भी अपना शिकायती पत्र किसानों से संबंधित सोपा यहीं पर विकासखंड भरपुरा की महिलाओं ने भी सामूहिक रूप से प्रार्थना पत्र देकर गांव नकटी में शराब की भट्टी से हो रही समस्याओं को लेकर शिकायती पत्र दिया। और उन्होंने कहा इस शराब की भट्टी को गांव से बाहर हटाकर कहीं स्थापित किया जाए इसकी वजह से गांव में बच्चे बूढ़े सभी शराब पीना सीख गए हैं जिसके कारण परिवारों का जीना दुबर हो गया है इस को लेकर एडीएम प्रशासन ने दिया जांच का प्रभारी निरीक्षक क्यों लड़िया को सौंप दी। और कहा जांच करके रिपोर्ट दें तभी अग्रिम कार्रवाई होगी इसी तरह चकमार्गों पर कब्जे आदि की शिकायतें रही यहीं पर पुलिस से संबंधित मामलों में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र मिश्रा ने सभी मामलों में तुरंत कार्यवाही करने का निर्देश थाना प्रभारी को दिया यहां पर उपस्थित एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र मिश्रा। उप जिला अधिकारी सचिन यादव तहसीलदार अभिषेक तिवारी नायब तहसीलदार शोभित चौधरी खंड विकास अधिकारी नवाबगंज महेश चंद्र शाक्य भदपुरा ईशा हर्षिता अग्निहोत्री खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार प्रभारी निरीक्षक क्यों लड़िया वेद सिंह नवाबगंज अरुण कुमार श्रीवास्तव हाफिजगंज के साथ अन्य विभागों के लोग उपस्थित थे यहां पर आई शिकायतों का निस्तारण करने के लिए एडीएम प्रशासन ने सभी विभागों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी साथ ही पूर्व आयोजित हुए तहसील दिवस में जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए निर्देशों की भी समीक्षा की गई।

# सरस्वती बाल मंदिर गंधियांव में धूमधाम के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** सरस्वती बाल मंदिर जूनियर हाई स्कूल गंधियांव, करछना में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख करछना प्रतिनिधि कमलेश कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने की। मुख्य अतिथि श्री द्विवेदी ने देश की आजादी के लिए कुर्बान हुए सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि आज हम भारत देश में आजादी मना रहे हैं यह हमारे उन बलिदान हुए स्वतंत्रता सेनानियों की देन है। स्वतंत्रता दिवस हमारे देश का सबसे बड़ा त्यौहार है जिसके संबंध में सरकार द्वारा पूरे देश में तिरंगा यात्रा की जा रही है। साथ ही उन्होंने विद्यालय के बाहरी



परिसर में पेयजल की समस्या को देखते हुए सोलर वाटर पंप प्रदान किए जाने की घोषणा की जिस पर सभी उपस्थित विद्यालय परिवार में तालिया की गड़गड़ाहट से उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मेजा क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी जागेन्द्र तिवारी भावी प्रधान उपस्थित रहे। समारोह में विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें राष्ट्रीय गीत लोकगीत एवं बच्चों द्वारा नृत्य भी प्रस्तुत किया गया समझ में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया नशा मुक्ति नाटक विशेष रूप से सराहा गया विद्यालय में समारोह को मूर्त रूप देने में विद्यालय की प्रधानाचार्य मदीना परवीन अध्यापिका रोशनी अंसारी अंशिका यादव रेणु विश्वकर्मा खुशी विश्वकर्मा का विशेष सहयोग रहा। उक्त अवसर पर 25 वर्षों से लगातार अभिभावक के रूप में उपस्थित सोभनाथ यादव को अभिभावक गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के प्रबंधक अवनीश कुमार उपाध्याय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की अंतर मन से सराहना की एवं सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह में विशेष रूप से शिवम मिश्रा पत्रकार, मोहन लाल मिस्त्र, नरेश सोनकर, गोरेलाल तिवारी, सुरेश कुमार, राम कैलाश यादव, शिव शंकर यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा से लौटकर मूर्ति विसर्जन करने गया युवक यमुना में डूबा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** सावन के अंतिम दिनों में कांवड़ यात्रा से लौटे 21 वर्षीय युवक की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई। हादसा नैनी थाना क्षेत्र के महेवा घाट पर मंगलवार को हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।महेवा क्षेत्र निवासी रोहित ताड़माली ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके पिता कंचन ताड़माली महेवा में सब्जी की दुकान लगाते हैं। परिजनों के अनुसार रोहित अपने दोस्तों के साथ डीजे पर भगवान शिव की मूर्ति स्थापित कर काशी विश्वनाथ, वाराणसी तक कांवड़ यात्रा पर गया था। सोमवार को कांवड़ यात्रा से वापस लौटने के बाद मंगलवार 18 अगस्त को करीब 10 बजे रोहित अपने साथियों के साथ भगवान शिव की मूर्ति विसर्जित करने महेवा घाट पहुंचा।



मूर्ति विसर्जन के दौरान वह साथियों के साथ यमुना नदी में उतर गया। कुछ दूर तैरकर आगे जाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।रोहित को डूबता देखकर उसके साथियों और घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एनडीआरएफ के गोताखोरों की मदद से यमुना में युवक की तलाश शुरू कराई। कड़ी मशक्कत के बाद रोहित को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से पूरे महेवा क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# तालाब में डूब रहे दो किशोरों की पुलिस ने बचाई जान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बहरिया, प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र के जुगुनीडीह गांव में मंगलवार को तालाब में डूब रहे दो किशोरों को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सकुशल बाहर निकाल लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों किशोरों को सुरक्षित बचा लिया। जानकारी के अनुसार जुगुनीडीह निवासी रोहित यादव (16) पुत्र मालबहादुर यादव और अजय यादव पुत्र भोला यादव गाय चराने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान उनकी गाय तालाब की ओर चली गई। गाय को तालाब की तरफ जाता देख दोनों किशोर भी उसके पीछे बड़े तालाब की ओर चले गए। इसी दौरान दोनों अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। किशोरों को डूबता देखकर राहगीरों ने इसकी सूचना बहरिया पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और प्रयास कर दोनों किशोरों को तालाब से बाहर निकाल लिया। दोनों के सकुशल बचने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता और त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# जलभराव से परेशान लोगों ने नगर निगम के जल संस्थान कार्यालय का किया घेराव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र में जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर मंगलवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। यमुनानगर गली, स्टेशन रोड, राम जानकी मंदिर गली, गुड्डू गैरेज गली, नैनी बाजार समेत विभिन्न इलाकों में जलभराव की समस्या से परेशान सैकड़ों लोगों ने पार्षद राकेश जायसवाल एवं व्यापारी नेता घनश्याम जायसवाल के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय और जल निगम कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान आक्रोशित स्थानीय लोगों ने नगर निगम कार्यालय एवं जल संस्थान में तालाबंदी भी की। लोगों का कहना था कि जलभराव के कारण आम नागरिकों, दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग समस्या के स्थायी समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे



हैं।स्थानीय लोगों ने जोनल अधिकारी अखिलेश त्रिपाठी को अपने साथ लेकर जलभराव वाले विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कराया और मौके की स्थिति से अवगत कराया। लोगों ने मांग की कि जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराकर जलभराव की समस्या का जल्द से जल्द स्थायी समाधान कराया जाए। घेराव के दौरान पार्षद राकेश जायसवाल, व्यापारी नेता घनश्याम जायसवाल, राजीव वर्मा गुड्डू, राकेश विश्वकर्मा, गुलफाम, राकेश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं महिलाएं मौजूद रहीं। जानकार लोगों का कहना है यहां का नगर प्रमुख को पार्टी किराजनीती से फुर्सल नहीं चुनाव विधान सभा में टिकट की दावेदारी में दिन रात गुना गणित में लगे रहते है जिससे जनसमस्याओं के प्रति उनका धन नहीं जाता और निगम के कर्मचारी अधिकारी वे लगाम हो गए है तो जन समस्या क्यों सुने

# आजादी की विरासत को संजोना युवा पीढ़ी का सबसे बड़ा दायित्व : राजेश कुमार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज ।** बड़े संघर्ष और असंख्य बलिदानों के बाद हमें आजादी मिली है। इस आजादी को सुरक्षित, सुदृढ़ और गौरवशाली बनाए रखना वर्तमान पीढ़ी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यह उदगार आल इंडिया बैंक ऑफ बड़ौदा एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी एवं भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार ने व्यक्त किया वह स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हुडसा संस्था द्वारा समदरिया स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे द्य उन्होंने बच्चों से राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने तथा अनुशासन, शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया ।उन्होंने नई पीढ़ी से स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की।डॉ. बबली द्विवेदी ने प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन और धैर्य के साथ निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य कादंबरी ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि शिम्पी यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया।इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा अमर शहीदों को समर्पित कई भावपूर्ण नाट्य प्रस्तुतियां दी गईं।



# यूं ही होता रहा जलभराव तो ईद मिलादुन्नबी पर साबरी अहाता में कैसे हो पायेगा जुलूस का समापन

## बीडीसी फूलबाबू ने जुलूस निकलने के मद्देनजर विभाग से वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** पूरनपुर में ईद मिलादुन्नबी पर ऐतिहासिक जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाता है। जिसकी शुरुआत मोहल्ला करीमगंज से होती है और समापन पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के सामने साबरी अहाता में होता है। इस बार भी ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाना है, लेकिन जुलूस का समापन साबरी अहाता में हो सकेगा इसको लेकर संशय बना हुआ है। बताते चने की गन्ना विकास समिति से महिला अस्पताल तक सड़क की स्थिति काफी दयनीय है, जर्जर और गड्ढा युक्त सड़क पर बिना बरसात के भी जलभराव की स्थिति बनी रहती है। लंबे समय से समाजसेवी जन प्रतिनिधि व आम जनता उक्त सड़क निर्माण अथवा मरम्मत की मांग करती चली आ रही है। लेकिन किसी भी जिम्मेदार के कानों पर अभी तक जू तक नहीं रेंगी है। जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा प्रतिदिन उक्त सड़क से गुजरने वाले हजारों लोगों के साथ महिला अस्पताल



जाने वाली एंबुलेंस व उसमें सवार महिला रोगियों को भुगतना पड़ रहा है। हल्की सी बारिश भी उक्त सड़क को तालाब में परिवर्तित करने के लिए काफी है। ऐसे में उक्त सड़क से गुजर कर जुलूस ए मोहम्मदी साबरी अहाता तक कैसे पहुंचेगा ? इसको लेकर लोग काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। इस मामले में क्षेत्र पंचायत सदस्य शोएब अहमद खान उर्फ फूलबाबू ने बताया कि वह लिखित में लोक निर्माण विभाग से उक्त सड़क के निर्माण अथवा मरम्मत की मांग कर चुके हैं, जिस पर विभाग ने नगर पालिका के माध्यम से सड़क की माप तो करा ली, लेकिन काफी समय बीत जाने के बावजूद निर्माण बाबत कोई भी प्रतिक्रिया दिखाई नहीं दी। श्री फूल बाबू ने संबंधित विभाग से मांग की है कि जब तक सड़क का निर्माण नहीं कराया जाता है, तब तक जुलूस ए मोहम्मदी के निकलने के लिए कोई वैकल्पिक अथवा स्थाई व्यवस्था कराई जाये।

## क्षतिग्रस्त दसवां स्थल को लेकर अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा में रोष

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** दसवां स्थल की दीवार और भवन क्षतिग्रस्त कर जल निगम द्वारा मोटर पंप हाउस बनाए जाने की जानकारी लगते ही अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में रोष पनप गया। महासभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर दसवां स्थल के पुनर्निर्माण की मांग की है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा उपजिलाधिकारी को दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि पीलीभीत रोड पर एलआईसी कार्यालय के समीप मन्दिर व दसवां स्थल स्थित है। जिस पर हिन्दू समाज के लोग एकत्र होकर परम्परागत तरीके से दसवां संस्कार करते है। यह दसवां स्थल हिन्दू समाज का एक पुरातन स्थल है। दसवां स्थल पर ही पूर्व विधायक व स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी पंडित मोहन लाल आचार्य की समाधि भी स्थित है। इस दसवां स्थल पर दसवां संस्कार हेतु बनाये गये भवन का निर्माण पूर्व राज्यमंत्री डॉ0 विनोद तिवारी के द्वारा कराया गया था। ज्ञापन में कहा गया कि दसवां स्थल के पास ही जल निगम संस्था द्वारा अवैध तरीके से फर्जी प्रस्ताव से मोटर पम्म हाउस बनवाया जा रहा है।

# सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मिलकर अजय भारती ने मजबूती से पेश की दावेदारी

## स्थानीय होने के नाते पार्टी विधानसभा चुनाव में अजय भारती को दे सकती है मौका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय भारती ने समाजवादी पार्टी के लखनऊ स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर पार्टी मुखिया अखिलेश यादव से मिलकर मजबूती के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी दावेदारी पेश की है। इस दौरान उन्होंने वन्य जीवो का जीवन उकेरता एक चित्र सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भेंट किया। जानकार यह मानते हैं कि स्थानीय होने के नाते पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में अजय भारती सपा के सबसे प्रबल दावेदार होंगे और पार्टी होने चुनाव लड़ने का मौका दे सकती है।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजवादी पार्टी की सरकार में ब्लॉक प्रमुख रहीं ममता भारती के पति अजय भारती ने सोमवार को लखनऊ के समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से



मुलाक़ात की। श्री भारती ने बताया कि पार्टी के मुखिया से आत्मीय एवं शानदार सकारात्मक और सार्थक बात हुई। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को समाजवादी सरकार में टाइग रिजर्व बने पीलीभीत टाइगर रिजर्व की एक शानदार फोटो भेट की। अजय भारती की सपा प्रमुख अखिलेश यादव से हुई भेंट को लेकर राजनीतिक जानकारों का कहना है कि स्थानीय एवं पार्टी के ईमानदार नेता होने के नाते आगामी विधानसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर से पार्टी उन्हें चुनाव लड़ने का मौका दे सकती है। जानकारों का यह भी कहना है कि यदि पार्टी ने उन्हें मौका दिया तो पार्टी को विगत दो बार से मिल रही निराशा का मुंह नहीं देखना पड़ेगा।

# कलेक्ट्रेट में देखा गया गोरखपुर में आयोजित सम्मेलन का सजीव प्रसारण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीलीभीत।** गोरखपुर में आयोजित सम्मेलन का कलेक्ट्रेट में सजीव प्रसारण देखने को मिला। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा पीआरडी जवानों के कल्याण को दी गई सौगातो की घोषणा की गई। जिस पर पीआरडी जवानों ने मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत करते हुए हर्ष जताया है। जनपद पीलीभीत के कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे गोरखपुर में आयोजित पीआरडी जवानों के सम्मेलन का सजीव प्रसारण देखा गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के पीआरडी जवानों के कल्याण के लिए तीन महत्वपूर्ण सौगातों की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में करीब 23 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली बहुमंजिला पीआरडी बैरक का शिलान्यास किया। साथ ही जवानों और उनके परिवारों के लिए मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया। इसके अलावा पीआरडी जवानों का दैनिक भत्ता 500 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये करने की घोषणा की गई। इससे प्रदेश के करीब 31 हजार पीआरडी जवानों को लाभ मिलेगा।कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं पीआरडी जवानों ने सम्मेलन का प्रसारण देखा। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि सरकार की इन योजनाओं से जवानों और उनके परिवारों को आर्थिक व स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत करते हुए सभी पीआरडी जवानों को बधाई दी। कहा गया कि पीआरडी जवान प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# प्रेम संबंध खत्म न करने पर प्रेमिका ने प्रेमी की हत्या कर ट्रक और शव में लगाई थी आग

## पुलिस ने घटना का खुलासा कर हत्यारोपी महिला को भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर।** प्रेम संबंध खत्म न करने पर प्रेमिका ने प्रेमी की हत्या करने की साजिश रची। ट्रक ड्राइवर प्रेमी को बुलाकर लोहे की रॉड से हमला कर हत्या की और ट्रक व मृतक की शव को आग लगा दी। पहले पुलिस इस मामले को हादसा मान रही थी, लेकिन मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने जांच कर पूरे मामले का खुलासा करते हुए हत्यारोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में महिला ने हत्या करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने हत्यारोपी महिला से आला कत्ल और आग लगाने में प्रयोग किए गए डीजल की केन बरामद कर ली है। कोतवाली पुलिस ने आसाम हाइवे पर स्थित उदयकरनपुर में ट्रक में लगी आग के चलते चालक मौत मामले का खुलासा करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी महिला के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड और एक प्लास्टिक की डीजल केन बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी



को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 10 जुलाई को रुद्रपुर से माल लेकर नेपाल बॉर्डर जा रहे ट्रक चालक बलविंदर सिंह की ट्रक में आग लगने से मौत हो गई थी। मृतक के भाई गुरमीत सिंह की तहरीर पर 17 जुलाई को थाना पूरनपुर में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने अमनदीप कौर पत्नी सुखविंदर सिंह, निवासी बड़ा बरसाना, थाना बिलासपुर, रामपुर, हाल निवासी सोढ़ी कॉलोनी, रुद्रपुर, उत्तराखंड को गोमती गुरुद्वारा के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि उसके बलविंदर सिंह से पिछले दो-तीन वर्षों से संबंध थे। वह संबंध समाप्त करना चाहती थी, लेकिन बलविंदर कथित तौर पर अश्लील फोटो और वीडियो परिवार तथा सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता था। इसी से परेशान होकर उसने वारदात की योजना बनाई। पुलिस के अनुसार आरोपी ने धन्ना बाबा गुरुद्वारा से आगे बड़ी नहर के पास ट्रक में लोहे की रॉड से हमला कर बलविंदर की हत्या की और बाद में शव व ट्रक में आग लगा दी। पुलिस ने मामले में आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बहुजन समाज के लोगों पर हमला व मारपीट मामलें में भीम आर्मी ने कठोर कार्रवाई की मांग की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पीलीभीत।** बहुजन समाज के लोगों के साथ कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा हमला कर मारपीट किए जाने एवं जातिसूचक शब्दों से अपमानित किए जाने के मामले में कार्यकर्ताओं ने भीम आर्मी एकता मिशन जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में थाना प्रभारी से मुलाकात कर आरोपियों को चिन्हित कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। थाना बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम मुड़िया बिलहरा में बहुजन समाज के लोगों पर हमला व मारपीट मामले की सूचना मिलते ही भीम आर्मी भारत एकता मिशन पीलीभीत के जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय अपने साथियों एवं संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारियों के साथ थाना बिलसंडा पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी जगदीप मलिक से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी तथा आरोपियों को चिन्हित कर पीड़ितों को न्याय दिलाने और दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय ने कहा कि बहुजन समाज के लोगों पर हमला कर मारपीट करना तथा जातिसूचक शब्दों से अपमानित करना बेहद गंभीर एवं निंदनीय है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानून के तहत कठोर कार्रवाई करने की मांग की। थाना प्रभारी जगदीप मलिक ने जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कर आरोपियों को चिन्हित किया जाएगा और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान भीम आर्मी बीसलपुर तहसील अध्यक्ष एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के बीसलपुर विधानसभा प्रत्याशी हरीश कुमार गंगवार, जिला उपाध्यक्ष बबलू दिवाकर, जिला प्रचारक दीपांकर सागर, ग्राम प्रधान महेश चंद्र सागर सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दुधवा के बाघों के संरक्षण की कहानी बयां करती है 'टाइगर गार्डियंस ऑफ दुधवा'

**.......दुधवा के बाघों और वनकर्मियों के संरक्षण प्रयासों पर आधारित पुस्तक का लखनऊ जू में हुआ विमोचन ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**लखनऊ।** दुधवा टाइगर रिजर्व के बाघों और उनके संरक्षण में जुटे वनकर्मियों के प्रयासों को सामने लाने वाली पुस्तक 'टाइगर गार्डियंस ऑफ दुधवा' का मंगलवार को लखनऊ जू स्थित सारस ऑडिटोरियम में विमोचन हुआ। पुस्तक का संकलन संजय कुमार आईएएस ने किया है। इसमें दुधवा के बाघों के संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और जंगल से जुड़े संरक्षण कार्यों के अनुभवों को प्रमुखता से शामिल किया गया है। पुस्तक का विमोचन वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. अरुण कुमार ने किया। राज्यमंत्री केपी मलिक विशिष्ट अतिथि रहे। विभाग की प्रमुख सचिव वी. हेकाली झिमोमी आईएएस, उत्तर प्रदेश वन विभाग के पीसीसीएफ एवं हॉफ सुनील चौधरी आईएफएस तथा पीसीसीएफ-सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू अनुराधा वेमुरी आईएफएस विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने दुधवा के वन्यजीवों और बाघों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बाघों के प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने, वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देने और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने की जरूरत पर जोर दिया।

## वनकर्मियों के अनुभवों को मिली जगह

अनामिका प्रकाशन से प्रकाशित इस पुस्तक में दुधवा के जंगलों में बाघों के संरक्षण में योगदान देने वाले वनकर्मियों और संरक्षण से जुड़े लोगों के अनुभवों एवं कार्यों को पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। पुस्तक के प्रकाशन और प्रिंटिंग कार्य में विनोद कुमार शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के सहयोगी आकाश यादव और मानस कार्तिकेय रहे। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी, वन्यजीव प्रेमी, पर्यावरण से जुड़े लोग और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आशा, और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 18 हजार करने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मिर्जापुर।** भारतीय मजदूर संघ ने कर्मचारियों और श्रमिकों की समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आशा बहुओं का मानदेय 18 हजार रुपये और आशा संगिनियों का 24 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की गई है। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का नियमितीकरण कर न्यूनतम मानदेय 18 हजार रुपये देने की भी मांग रखी गई है। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय संगठन मंत्री हेमलता ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और प्रशासनिक उपेक्षा से कर्मचारी, संविदाकर्मी, योजना कर्मी और असंगठित क्षेत्र के मजदूर परेशान हैं। उन्होंने सफाई कर्मियों को सुरक्षा उपकरण और उचित पारिश्रमिक न मिलने का मुद्दा भी उठाया। ज्ञापन में आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें 1 जनवरी 2026 से लागू करने, न्यूनतम वेतनमान दो हजार रुपये निर्धारित करने और बीएसएनएल में वर्ष 2017 से लंबित सातवें वेतनमान को लागू करने की मांग की गई है। यूपीएसआरटीसी के संविदा कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित करने तथा मृतक आश्रित कोटे में भर्ती के लिए प्रशासनिक अनुमति की बाध्यता खत्म करने की भी मांग रखी गई। इसके अलावा पटरी-रेहड़ी दुकानदारों को वेंडिंग जोन में उचित स्थान देने, प्रशासनिक व पुलिस उत्पीड़न पर रोक लगाने तथा ई-रिक्शा व ऑटो चालकों के लिए व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग भी की गई। जिलाध्यक्ष रेखा सिंह ने कहा कि जनहित और श्रमिकों की मांगों पर शासन स्तर से जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाए। इस दौरान चंद्रीकली, निशा सिंह, सुधा मौर्या, आरती मिश्रा, शकुंतला मिश्रा, सीता देवी, नारंगी देवी, मोना देवी, उर्मिला, सावित्री आदि मौजूद रहीं।

# निगोहां में फर्जी दस्तावेज के सहारे पैतृक मकान हड़पने का आरोप

**........कर्ज की रकम चुकाने के बाद भी मकान पर दावा करने का आरोप, पीड़ित ने मुयमंत्री से लगाई न्याय की गुहार ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

क्राइम
स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र के करनपुर गांव में कर्ज के लेनदेन के बाद कथित फर्जी दस्तावेज तैयार कर पैतृक मकान पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। पीड़ित राज कुमार ने पड़ोसी महिला और उसके परिजनों पर घर में घुसकर मारपीट करने, गाली-गलौज और मकान खाली कर गांव छोड़ने की धमकी देने का आरोप लगाया है। स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। राज कुमार के मुताबिक, वर्ष 2024 में बेटे के इलाज के लिए उन्होंने पड़ोसी माधुरी देवी से 30 हजार रुपये उधार लिए थे। इसके एवज में उन्होंने अपना खेत सुरक्षा के तौर पर गिरवी रखा था। पीड़ित का दावा है कि वर्ष 2025 में उन्होंने पूरी रकम वापस कर हिसाब चुकता कर दिया। आरोप है कि इसके बावजूद माधुरी देवी ने एक स्टाम्प पेपर के आधार पर उनके पैतृक मकान पर दावा कर दिया। पीड़ित के अनुसार, मकान को लेकर विवाद फिलहाल सिविल कोर्ट में विचाराधीन है। आरोप है कि मामला न्यायालय में लंबित होने के बावजूद विपक्षी पक्ष मकान पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। राज कुमार ने स्थानीय पुलिस पर भी विपक्षी पक्ष के प्रभाव में एकतरफा कार्रवाई करने और मकान खाली करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। राज कुमार का आरोप है कि दो अगस्त को माधुरी देवी, उनके पति रमेश और बेटे सूरज उनके घर में घुस आए। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की गई। पत्नी के बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी हाथापाई की गई। आरोपियों ने मकान खाली कर गांव छोड़ने की धमकी भी दी। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, कथित जालसाजी और मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज करने तथा पैतृक मकान को अवैध कब्जे से सुरक्षित कराने की मांग की है। पुलिस का पक्ष सामने आने के बाद ही आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# नारी शक्ति प्रेरणा कैंटीन में घुसकर महिलाओं से अभद्रता कर मोबाइल छीनने का किया प्रयास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर।** नारी शक्ति प्रेरणा कैंटीन में घुसकर महिलाओं से अभद्रता करते हुए मोबाइल छीनने का प्रयास किया गया। इस मामले में कैंटीन संचालक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। चार दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। तहसील परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित नारी शक्ति प्रेरणा कैंटीन संचालित है। इसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा घुसकर महिलाओं से अभद्रता और हाथापाई करने का मामला सामने आया है। कैंटीन का संचालन करने वाली महिलाओं ने कोतवाली पूरनपुर में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार 14 अगस्त की शाम करीब साढ़े सात बजे महिलाएं कैंटीन बंद कर रही थीं। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति जबरन कैंटीन में घुस आया और महिलाओं से अभद्र व्यवहार करने लगा। आरोप है कि वह गल्ले के पास जाने का प्रयास कर रहा था। महिलाओं ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने हाथापाई की और एक महिला का मोबाइल

**कैंटीन का संचालन करने वाली महिलाओं ने कोतवाली पूरनपुर में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार 14 अगस्त की शाम करीब साढ़े सात बजे महिलाएं कैंटीन बंद कर रही थीं। इसी दौरान एक अज्ञात व्यति जबरन कैंटीन में घुस आया और महिलाओं से अभद्र व्यवहार करने लगा। आरोप है कि वह गल्ले के पास जाने का प्रयास कर रहा था।**

छीनकर भागने लगा। आस-पास मौजूद लोगों ने प्रयास कर मोबाइल वापस दिलाया। महिलाओं का आरोप है कि जाते समय आरोपी ने धमकी दी कि वह यहां कैंटीन नहीं चला पाएंगी। कैंटीन का उद्घाटन 11 जून 2026 को केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, विधायक बाबूराम पासवान, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक समेत अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ था। जबकि यह कैंटीन तहसील परिसर में मौजूद हैं। उसके बाद भी महिलाओं के साथ अभ्रदता और मारपीट हो गई और चार दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने इसमें अब तक कोई कार्रवाई नही की है।

# किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** घर से लापता हुई किशोरी का काफी खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं लगा। जानकारी होने पर इस मामले में किशोरी के पिता ने एक व्यक्ति पर किशोरी को बहला फुसला कर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया। इस मामले में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किशोरी की बरामदगी को लेकर प्रयास शुरू कर दिए हैं। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता द्वारा पुलिस को दी तहरीर में बताया गया कि उनकी पुत्री 15 अगस्त की शाम घर से लापता हो गई। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आरोप है कि गांव पिपरा मुजस्सा निवासी गुरपेज सिंह पुत्र केवल सिंह उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। काफी तलाश के बाद भी किशोरी के न मिलने पर पिता ने 16 अगस्त को थाना सेहरामऊ उत्तरी पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस किशोरी की तलाश के साथ मामले की जांच में जुटी है। मंगलवार सुबह थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही हैं।

# शारदा नदी के धनाराघाट पर उमड़ी कांवड़ियों की भीड़, पुलिस सुरक्षा में मुस्तैद

**पूरनपुर।** शारदा नदी के धनारा घाट पर कावड़ियों की भीड़ उमड़ पड़ी। नदी से जल लेकर कावड़िये रवाना हो गए हैं। इस दौरान कावड़ियों की सुरक्षा में पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दी। सावन माह के अवसर पर मंगलवार सुबह लगभग सात बजे से ही धनाराघाट स्थित शारदा नदी तट पर कांवड़ियों की भीड़ पहुंचने लगी। बड़ी संख्या में कांवड़िए नदी तट पर पहुंचते रहे। कांवड़ियों ने शारदा नदी में स्नान कर विधि-विधान से जल भरा और अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हजारा पुलिस बल तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने नदी तट और आसपास के मार्गों पर निगरानी रखी तथा कांवड़ियों की आवाजाही को व्यवस्थित कराया। प्रशासन की ओर से भी श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर व्यवस्थाएं की गईं। शारदा नदी तट पर सुबह से ही कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला। स्नान और जल भरने के बाद कांवड़िए भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुए।

# आवारा पशु को बचाने में ट्रक से भिड़ा डायल 112 का वाहन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** आवारा पशुओं को बचाने के प्रयास में डायल 112 वाहन सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना गजरौला क्षेत्र में बुधवार तड़के आवारा पशु को बचाने के प्रयास में डायल-112 की पीआरवी सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में हेड कांस्टेबल समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पीलीभीत भेजा गया, जहां उनकी हालत सामान्य बताई गई है। पुलिस के मुताबिक 18 अगस्त की सुबह करीब 5:21 बजे पीआरवी- 5919 बिठौरा बैक प्वाइंट से थाना गजरौला लौट रही थी। रास्ते में अचानक आवारा पशु आ जाने पर उसे बचाने के प्रयास में पीआरवी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक संख्या यूपी 25 एटी 1045 से टकरा गई। हादसे की सूचना मिलते ही थाना गजरौला पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त पीआरवी से घायल पुलिसकर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को पीआरवी- 7960 के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे में हेड कांस्टेबल 540 सचिन कुमार, कांस्टेबल 451 रुपचन्द और होमगार्ड चालक 460 हजारीलाल घायल हुए हैं। चिकित्सकों की निगरानी में सभी का उपचार कराया जा रहा है। पुलिस के अनुसार तीनों की स्थिति सामान्य है ।बताया गया कि तीनों पुलिसकर्मियों की ड्यूटी 17 अगस्त की रात आठ बजे से 18 अगस्त सुबह आठ बजे तक थी। हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त पीआरवी को सुरक्षित कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**थाना गजरौला क्षेत्र में बुधवार तड़के आवारा पशु को बचाने के प्रयास में डायल-112 की पीआरवी सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में हेड कांस्टेबल समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पीलीभीत भेजा गया, जहां उनकी हालत सामान्य बताई गई है। पुलिस के मुताबिक 18 अगस्त की सुबह करीब 5:21 बजे पीआरवी- 5919 बिठौरा बैक प्वाइंट से थाना गजरौला लौट रही थी।**

# बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत प्राइमरी स्कूल के जर्जर भवन पर चला बुलडोजर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत प्राइमरी स्कूल के जर्जर भवन पर बुलडोजर चलाकर उसे पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। बताया गया कि जर्जर भवन कभी भी किसी हादसे का सबव बन सकता था, इसीलिए गांव के प्रशासक की मौजूदगी में उसे गिरा दिया गया है। तहसील कलीनगर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत माधौटांडा स्थित प्राइमरी स्कूल नंबर 1 में बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा कदम उठाया गया है। विद्यालय परिसर में बने कुछ पुराने और जर्जर कमरों को बुलडोजर की मदद से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया है। यह कमरे इतने खस्ताहाल स्थिति में थे कि इनसे हर समय किसी अप्रिय घटना या बड़े हादसे का डर बना रहता था। बताते चलें कि हाल ही में पीलीभीत के बीसलपुर में एक विद्यालय का टीनशेड अचानक गिर जाने से बच्चे हादसे का शिकार हो गए थे। इस घटना के बाद से ही जिला प्रशासन हरकत में आया और पूरे जिले के सरकारी विद्यालयों में मौजूद जर्जर भवनों, असुरक्षित दीवारों और टीनशेडों को चिन्हित कर हटाने का अभियान शुरू कर दिया गया। इसी क्रम में गांव के प्रशासक नईम अली की मौजूदगी में माधौटांडा के इस स्कूल के खतरनाक कमरों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त कराया गया, ताकि स्कूल आने वाले मासूम बच्चों को सुरक्षित माहौल मिल सके। नौनिहालों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए समय रहते उठाए गए इस कदम के लिए प्रशासक नईम अली की इस पहल की स्थानीय लोगों और अभिभावकों द्वारा जमकर सराहना की जा रही है।

**तहसील कलीनगर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत माधौटांडा स्थित प्राइमरी स्कूल नंबर 1 में बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा कदम उठाया गया है। विद्यालय परिसर में बने कुछ पुराने और जर्जर कमरों को बुलडोजर की मदद से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया है। यह कमरे इतने खस्ताहाल स्थिति में थे कि इनसे हर समय किसी अप्रिय घटना या बड़े हादसे का डर बना रहता था।**

# अनुसूचित जाति को अपमानित करने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं अधिवक्ता जानकी प्रसाद बौद्ध ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपकर सोशल मीडिया पर अनुसूचित जाति के लोगों के प्रति कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने और गाली-गलौज किए जाने के मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में बताया गया कि 17 अगस्त 2026 को प्रार्थी सहित समाज के अन्य लोगों ने सोशल मीडिया चैनल 'बुंदेली पंचायत' पर प्रसारित एक ब्रेकिंग न्यूज देखी और सुनी। शिकायत के अनुसार इसमें थाना जखौरा के ग्राम बांसी निवासी कुल्लू दुबे उर्फ लीलाधर दुबे पुत्र स्व. काशीनाथ दुबे द्वारा कथित तौर पर अनुसूचित जाति समाज को अपमानित करने के उद्देश्य से जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज किए जाने की बात प्रसारित हुई। शिकायतकर्ता का कहना है कि कथित वीडियो/ऑडियो के प्रसारण से अनुसूचित जाति समाज के लोगों में रोष और क्षोभ उत्पन्न हुआ है। प्रार्थना पत्र में कहा गया कि इससे समाज के सदस्यों की भावनाएं आहत हुई हैं और सामाजिक वैमनस्य की स्थिति बनने की आशंका है। बसपा जिलाध्यक्ष ने शिकायत में यह भी दावा किया कि वह कथित रूप से प्रसारित आवाज को पहचानते हैं। साथ ही आरोपी को दबंग एवं आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति बताते हुए उसके खिलाफ पूर्व से आपराधिक मामले होने का दावा किया गया है। बसपा जिलाध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और आरोप सही पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ता ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग के साथ ही संबंधित सोशल मीडिया चैनल से कथित आपत्तिजनक सामग्री हटवाने की भी मांग की है। शिकायती पत्र सौंपने के दौरान बसपा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड., पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक कुमार, सीताराम अहिरवार एड., केहर सिंह गौतम, छोटेलाल प्रजापति, राकेश सूर्यवंशी, प्रह्लाद गौतम, सुनील कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, अमन, संतोष कुमार, चन्द्रमान सिंह बेधड़क (पूर्व जिलाध्यक्ष एलपी), अंकुल कौतियॉ, देवेन्द्र कुमार, राकेश कुशवाह, संजय कुमार, श्यामा मैडम, राहुल और मीना मैडम सहित कई पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रेडक्रॉस सोसायटी ने टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला क्षय रोग नियंत्रण केंद्र पर रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। इसका उद्देश्य टीबी मरीजों के पोषण स्तर में सुधार कर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना और उपचार के दौरान उन्हें आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना रहा। इस दौरान रेडक्रॉस सोसायटी सचिव डा.एसपी पाठक ने कहा कि पोषण पोटली वितरण का मुख्य उद्देश्य मरीजों के पोषण स्तर को बेहतर बनाकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों की बेहतर सेहत के लिए उन्हें गोद लेने की योजना भी संचालित की जा रही है। आमजन, अधिकारी और समाजसेवी संगठन टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके उपचार और पोषण में सहयोग कर सकते हैं। मरीजों को गोद लेने के बाद उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए पोषण किट उपलब्ध कराई जाती है। क्षय रोग अधिकारी डा.आरएन सोनी ने कहा कि टीबी पूरी तरह इलाज योग्य बीमारी है। इसके लिए जरूरी है कि मरीज नियमित रूप से दवाओं का सेवन करें और पर्याप्त एवं पौष्टिक आहार लें। उन्होंने कहा कि पोषण पोटली जैसी पहल मरीजों के उपचार को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विभाग का प्रयास है कि प्रत्येक मरीज को दवा के साथ पर्याप्त पोषण भी मिले, जिससे वह जल्द स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट सके। उप जिला क्षय रोग अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैद्य ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान की सफलता के लिए समुदाय की सहभागिता बेहद जरूरी है। उन्होंने आमजन से टीबी मरीजों को गोद लेकर निःक्षय मित्र बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि निःक्षय मित्र बनकर लोग टीबी मरीजों के पोषण में सुधार लाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि उच्च जोखिम वाले ग्रामों में शिविर लगाकर टीबी की स्क्रीनिंग की जा रही है। जरूरतमंद लोगों के एक्स-रे परीक्षण एवं उपचार की व्यवस्था भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहना, वजन कम होना, बुखार, सीने में दर्द, शरीर में गांठ, रात में पसीना आना, अत्यधिक थकान, बलगम में खून आना तथा लगातार बलगम वाली खांसी टीबी के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर बिना देरी किए जांच करानी चाहिए। डा.आरएन सोनी ने आमजन से अपील की कि टीबी की जांच और उपचार सभी सरकारी चिकित्सालयों में निःशुल्क उपलब्ध है। किसी भी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखाई दें तो तत्काल नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच कराएं और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार उपचार शुरू करें। इस दौरान वाइस चेयरमैन अजय बरया, डा.दीपिका चौबे, डा. मनवीर सिंह तोमर, रजनीश चडढा, डा.अनिल जैन, राजेश लिटौरिया, मेडिकल ऑफिसर डा.विजय द्विवेदी, पीपीएम आदेश श्रीवास्तव, डीपीटीसी मनोज गुप्ता, टीबीएचवी विकास कुमार श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य विभाग एवं रेडक्रॉस सोसायटी के कर्मचारी उपस्थित रहे।